राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 237
लखनऊ, गुरुवार 30 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते 25 गांवों की बिजली गुल 10

बलरामपुर में पर्यटन विकास के लिए 786 लाख की 7 परियोजनाएं स्वीकृत 03

# चहुंमुखी विकास का आधार बने एक्सप्रेस-वे: योगी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा एक्सप्रेस-वे का किया लोकार्पण

- मेरठ से प्रयागराज तक फैले गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों का योगदान

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई आधारशिला आज साकार रूप ले चुकी है। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे अन्नदाता किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार, आस्था व संस्कृति के संरक्षण तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि का प्रमुख माध्यम साबित होगा। मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने 12 जनपदों के एक लाख से अधिक किसानों के योगदान से आकार लिया है। एक्सप्रेसवे के साथ-साथ 27 स्थानों पर




इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल क्लस्टर और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल आवागमन को तेज करेंगे बल्कि नए निवेश और रोजगार के द्वार भी खोलेंगे। डबल इंजन सरकार की दूरदर्शिता का प्रतीक यह एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प, जिस परियोजना का शिलान्यास, उसका उद्घाटन भी सुनिश्चित। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश के इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट 'गंगा एक्सप्रेसवे' का भव्य उद्घाटन आज संपन्न हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2021 में जिस एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी, आज वही परियोजना लोकार्पण के साथ साकार रूप ले रही है। सीएम योगी ने हरदोई की पावन धरती को भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार से जुड़ी आस्था की भूमि बताते हुए कहा कि इसी पवित्र स्थल पर यह ऐतिहासिक अवसर प्राप्त होना गौरव का विषय है। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में भी भूमि अधिग्रहण से लेकर निर्माण कार्यों को निरंतर गति देने और समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने का जो विजन प्रधानमंत्री ने प्रदेश को दिया था।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां ही नहीं, दौड़ेंगे सपने और अवसर

सुबह का समय है मेरठ के बिजौली गांव से एक गाड़ी हाई-स्पीड एक्सप्रेसवे पर उतरती है। 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हुई यह गाड़ी खेतों, कस्बों और कई शहरों को पार करती है। रास्ते में आधुनिक टोल प्लाजा, फ्यूल स्टेशन, वे-साइड सुविधाएं और औद्योगिक नोड्स दिखाई देते हैं। शाम होते-होते यही गाड़ी प्रयागराज पहुंच जाती है, वह सफर जो कभी 10-12 घंटे का समय लेता था, अब 6-7 घंटे में पूरा हो जाता है। यह सिर्फएक सड़क नहीं3 यह उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर दौड़ता हुआ इंफ्रास्ट्रक्चर है। नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेसवे पर सिर्फगाड़ियां ही नहीं फर्राटा भरेंगी, उद्योग, निवेश, सपने और अवसर भी दौड़ेंगे। मेरठ से प्रयागराज तक विस्तारित यह सड़क वास्तव में एक नई आर्थिक धारा है, जो उत्तर प्रदेश को विकास की उस गति तक ले जाने जा रही है, जहां 'वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी' का लक्ष्य हकीकत बनता दिखाई देगा।गंगा एक्सप्रेसवे 594 किमी लंबा ग्रीनफील्ड, एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे है, जो मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को एक सशक्त आर्थिक धुरी में पिरोता है। 6 लेन वाला मेगा प्रोजेक्ट लगभग 36-37 हजार करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर विकसित किया गया है। यह एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की विकसित औद्योगिक बेल्ट को पूर्वांचल के कृषि और श्रम-आधारित क्षेत्रों से सीधे जोड़ते हुए उत्पादन, आपूर्ति और बाजार के बीच दूरी को कम करता है। परिणामस्वरूप, यह केवल यातायात का मार्ग नहीं, बल्कि निवेश, उद्योग और रोजगार को गति देने वाला कनेक्टिविटी इंजन है, जो प्रदेश की आर्थिक ताकत को नई ऊंचाई देने की क्षमता रखता है।

# बंगाल में भी बिहार की तरह जनता प्रचण्ड बहुमत से भाजपा को जितवा रही: मोदी

हरदोई समृद्धि न्यूज़

हरदोई के मल्लावा मे बुधवार को गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा ये एक्सप्रेसवे केवल सड़क नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश और देश के लिए बड़ा आर्थिक कारिडोर है।इस एक्सप्रेसवे को प्रयागराज से हरिद्वार तक जल्द ही पुरा किया जायेगा। इसको मेरठ से हरिद्वार तक बढ़ाने को लेकर कार्य शुरू हो चुका है और इसमें फरुखाबाद को भी लिंक एक्सप्रेस वे के माध्यम से शामिल किया जायेगा।उन्होंने दिसंबर 2021 मे शाहजहांपुर मे आयोजित कार्यक्रम मे यूपी के सबसे लम्बे एक्सप्रेस वे का शिलान्यास किया था पांच वर्षो मे ही यूपी के सबसे लम्बे ग्रीन कारीडोर का कार्य पूर्ण हुआ है। आज देश मे जो



एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं वे देश की हस्तरेखाएं हैं। उन्ही रेखाओं से देश का विकास डेवलप होकर विकसित भारत का निर्माण करेगा। उन्होंने कहा बिहार चुनाव की तरह जिन पांच राज्यों मे चुनाव हुआ है आने वाली पांच मई को पांचो राज्यों की जनता भाजपा को प्रचण्ड बहुमत से जिताने का कार्य कर रही है। बंगाल मे इस बार छह सात दशक के बाद विधान सभा चुनाव मे जनता परिवर्तन स्वीकार कर रही है और भाजपा डबल इंजन की सरकार बनाने जा रही है। अभी गुजरात मे हुए नगर पालिका, जिला पंचायत और पंचायतों के चुनाव में भाजपा पर जनता ने भरोसा कर 85% सीटों पर विजय दिलाने का कार्य किया है। बंगाल में हो रहे ऐतिहासिक मतदान से बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे के दोनों ओर विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स हब इसे निवेश का सशक्त केंद्र बना रहे हैं, जहां वेयरहाउसिंग और कोल्ड स्टोरेज, एमएसएमई क्लस्टर, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डिफेंस-मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े उद्योग तेजी से आकार ले रहे हैं। यह पूरा इकोसिस्टम न केवल सप्लाई चेन को मजबूत करेगा, बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के लाखों अवसर भी सृजित करेगा, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में काम मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। वहीं, इस मेगा प्रोजेक्ट के संचालन में आते ही उत्तर प्रदेश देश के एक्सप्रेसवे नेटवर्क में अग्रणी भूमिका में पहुंच जाएगा और इसकी हिस्सेदारी लगभग 60% तक हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों के बीच मुठभेड़, ऑपरेशन जारी, जवान सतर्क

**एजेंसी, पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो-गोइलकेरा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में बुधवार को सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसकी आधिकारिक पुष्टि एसपी अमित रेनू ने की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऑपरेशन अभी भी जारी है और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रूटुगुटू जंगल में यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब कोबरा 209 बटालियन और अन्य सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन चला रही थी। यह अभियान कुख्यात माओवादी और एक करोड़ रुपये के इनामी कमांडर मिसिर बेसरा की तलाश में चलाया जा रहा था। सूत्रों की मानें तो पिछले दो दिनों से सुरक्षा बल गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बोरोई और तूनबेड़ा गांवों के आसपास सघन कॉम्बिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान जवानों की गतिविधियों पर नजर रख रहे माओवादी रूटुगुटू के जंगलों में सामने आ गए,जिसके बाद दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी रही और खबर लिखे जाने तक फायरिंग फिलहाल थम गई थी। हालांकि सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन जारी है। अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर दी गई है और इलाके में अलर्ट बढ़ा दिया गया है। एसपी अमित रेनू ने कहा कि सुरक्षा बल पूरी रणनीति के तहत आगे बढ़ रहे हैं और ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य शीर्ष माओवादी नेताओं को पकड़ना या निष्क्रिय करना है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। एहतियात के तौर पर आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों को जंगलों की ओर न जाने की सलाह दी गई है। नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### मौसम का कहर : आठ जिंदगी लील गयी आंधी-पानी और आकाशीय बिजली, कई घायल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तेज गर्म हवा के बीच बुधवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से भारी तबाही मची है। इस प्राकृतिक आपदा में अबतक दो बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 लोग घायल हैं। सबसे अधिक जनहानि सुलतानपुर में हुई। इसके अलावा कई जगह पेड़ टूटने से आवागमन बाधित हुआ और बिजली भी गुल रही। विमान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश, आंधी और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है।

# भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष को विशेष विमान से लेह पहुंचाया गया

एजेंसी, लेह

महात्मा बुद्ध के पवित्र अवशेष आम लोगों के दर्शन के लिए भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से बुधवार सुबह राजधानी नई दिल्ली से लद्दाख की राजधानी लेह पहुंच गए। कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे इन अवशेषों को हेड ऑफ स्टेट का दर्जा दिया गया है। लेह के तकनीकी हवाई अड्डे पर पारंपरिक बौद्ध रीति-रिवाजों के साथ स्वागत के बाद इन्हें चोगलमसर स्थित जेवेत्सल ले जाया गया। लद्दाख में 1 मई से 15 मई तक आम जनता के लिए दर्शन के लिए रखा गया है। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, कई देशों के राजदूत और उच्चायुक्तों के भी लेह पहुंचने का कार्यक्रम है। लेह के तकनीकी हवाई अड्डे पर बुधवार को विभिन्न मठों के धर्मगुरु, बौद्ध भिक्षु और प्रशासनिक



- बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में गृह मंत्री होंगे शामिल

अधिकारियों ने मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र अवशेषों का स्वागत किया। विमान से उतारने के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की गई और इन्हें जेवेत्सल ले जाया गया। हवाई अड्डे से जेवेत्सल तक करीब 10 किलोमीटर लंबे मार्ग पर हजारों श्रद्धालु सड़क किनारे खड़े होकर फूल मालाओं के साथ दर्शन करते रहे। पूरे मार्ग को पारंपरिक तरीके से सजाया गया था और कई स्थानों पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है, खासकर बौद्ध धर्म के अनुयायियों और लद्दाख के लोग इस दिन का वर्षों से इंतज़ार कर रहे थे।

**जेवेत्सल में होगी पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी**

राजधानी लेह में चोगलमसर स्थित जेवेत्सल में पवित्र अवशेषों को विशेष सुरक्षा के बीच स्थापित किया गया है। यहां 1 मई से 15 मई तक आम जनता के लिए दर्शन की व्यवस्था की गई है। इस दौरान देश और विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। प्रदर्शनी स्थल पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें लद्दाख पुलिस, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और खुफिया एजेंसियों की तैनाती की गई है। पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी निगरानी और ड्रोन से नजर रखी जा रही है।

### पिपरहवा स्तूप से प्राप्त अवशेषों की खोज

पवित्र अवशेष उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा स्तूप से जुड़े हैं। वर्ष 1898 में ब्रिटिश काल के दौरान यहां खुदाई में एक पत्थर के पात्र में बुद्ध से संबंधित अवशेष, रत्न और अन्य सामग्री प्राप्त हुई थी। इस खोज को बौद्ध इतिहास की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में माना जाता है। बाद में 1971 से 1977 के बीच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की गई खुदाई में भी कई शैल पात्र और अस्थि अवशेष मिले, जिनकी पुष्टि बुद्ध से जुड़े अवशेषों के रूप में की गई। बौद्ध मान्यताओं के अनुसार, भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद उनके अवशेषों को आठ भागों में विभाजित किया गया था। इन अवशेषों को विभिन्न गणराज्यों में वितरित कर स्तूपों में स्थापित किया गया। सम्राट अशोक ने बाद में इन अवशेषों को एकत्र कर हजारों स्तूपों का निर्माण कराया, जिससे बौद्ध धर्म का व्यापक प्रसार हुआ और ये अवशेष श्रद्धा के प्रमुख केंद्र बने।

### अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस : सस्ती, तेज और सुविधाजनक यात्रा से आम लोगों को राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अयोध्या और मुंबई के बीच शुरू की गई नई अमृत भारत एक्सप्रेस को आम यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण और किफायती रेल सेवा के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय रेल की यह पहल विशेष रूप से गैर-एसी श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा और तेज सफर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। इस ट्रेन में आधुनिक तकनीक और यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई सुधार किए गए हैं, जिससे सामान्य वर्ग में यात्रा का अनुभव पहले की तुलना में अधिक आरामदायक हो गया है। अमृत भारत एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन में पुश-पुल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे दोनों ओर इंजन होने के कारण रफ्तार और समयपालन में सुधार होता है। कोचों में एलईडी लाइटिंग, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट और बेहतर वेंटिलेशन की व्यवस्था की गई है।

# जेपी नड्डा ने इक्वाडोर की विदेश मंत्री से मुलाकात की




एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को कर्तव्य भवन में इक्वाडोर की विदेश मामलों की मंत्री मारिया गैब्रिएला सोमरफेल्ड रोसेरो के मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री ने भारत और इक्वाडोर के बीच मजबूत साझेदारी को लेकर विचार-विमर्श किया और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय स्वास्थ्य सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

## उन्नाव सड़क हादसा : डंपर और बोलेरो की भिड़ंत में मृतकों संख्या हुई छह

**समृद्धि न्यूज़, उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में जनपद उन्नाव के बिहार थाना क्षेत्र स्थित बक्सर सुमेरपुर मार्ग पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या छह हो गई हैं। मृतकों में देवरानी-जेठानी और ड्राइवर भी शामिल है। हादसे में पांच घायलों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी घनश्याम मीणा व पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। जिलाधिकारी मीणा ने बताया कि ग्राम पठई अकोहरी निवासी नरेंद्र बहादुर के परिवार में तीन वर्षीय पुत्र शुभ का मुंडन कराने के लिए बक्सर स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में गए थे। बुधवार को मुंडन कराकर वापस बोलेरे कार से लौट रहे थे। बक्सर सुमेरपुर मार्ग पर एचपी पेट्रोल पम्प ग्राम सुमेरपुर के पास ओवरटेक करते समय उनकी बोलेरो एक डंपर से टकरा हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में 11 लोग गम्भीर रुप से घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने पठई निवासी बुजुर्ग महिला वितान (55), नरेंद्र बहादुर की पत्नी गीता (35) और सुनीता को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की हालत नाजुक होने पर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान चालक रामधनी, अर्चना सिंह और ज्योति की भी मौत हो गई। घायल सूरज सिंह, भारती, सुभाष सिंह, गौरी और बउआ का इलाज चल रहा है।

### वोट डालने के बाद चुनाव आयोग पर बरसीं ममता, किया सत्ता में लौटने का दावा

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं भवानीपुर से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार ममता बनर्जी ने मतदान के दिन कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में 'अवांछित हिंसा और दबाव' का माहौल बनाया गया है और कई जगहों पर उनके पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्रों से बाहर कर दिया गया। हालांकि, तमाम आरोपों के बीच दोनों दलों ने एक बार फिर बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया। बुधवार शाम चार बजे के करीब मित्रा इंस्टिट्यूशन स्थित मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस के एजेंटों को हटाया गया।

## केदारनाथ धाम यात्रा के पहले सप्ताह में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एजेंसी, देहरादून

विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के बाद से पहले सप्ताह में अब तक कुल दो लाख सात हजार चार सौ बावन श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। रुद्रप्रयाग पुलिस की ओर से बुधवार दोपहर यात्रा के आंकड़े जारी किए गए। पुलिस ने सोशल मीडिया साइट के जरिए बताया कि बढ़ती भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस बल ने प्रभावी व्यवस्थाएं की हैं। केदारनाथ धाम पहुंच रहे सभी श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध कराकर सुगम दर्शन कराये जा रहें हैं और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी



**100 श्रद्धालुओं के बिछड़ने पर उनके परिजनों से मिलवाया गया**

श्रद्धालुओं से निरन्तर संवाद स्थापित कर कुशलक्षेम के साथ-साथ यात्रियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार पहले सप्ताह में अब तक कुल दो लाख सात हजार चार सौ बावन श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। पुलिस ने अपनी पोस्ट में बताया कि प्रतिकूल मौसम के बावजूद ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के स्तर से स्वयं के स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया जा रहा है। त्वरित सहायता के लिए यात्रा मार्ग पर आठ खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां पुलिस बल की तैनाती की गई है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों में राहत कार्यों के लिए पुलिस बल, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ के साथ निरंतर समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम दर्शन के साथ ही मोबाइल या जरुरी सामान खोने पर वापस दिलवाने के साथ-साथ बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलवाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के सहायतार्थ यात्रा मार्गों पर खोया पाया केन्द्र बनवाये गये हैं। पुलिस ने अपनी पोस्ट में कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान अब तक मदद के लिए कुल 265 कॉल प्राप्त हुई हैं, जिनके सापेक्ष अब तक 100 श्रद्धालुओं के बिछड़ने पर उनके परिजनों से मिलवाया

### पूरे देश में घरेलू एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति जारी: केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बदलती परिस्थितियों के बीच सरकार ने बुधवार को कहा कि पूरे देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति बिना रुकावट सुचारू रूप से जारी है। सरकार ने कहा कि एलपीजी वितरकों के पास किसी तरह की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। इसके साथ ही ऑनलाइन बुकिंग अपने अबतक के सबसे ऊंचे स्तर पर है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में एलपीजी वितरक पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी के आयात पर असर पड़ा है।

# आसाराम को हाईकोर्ट से मिली राहत अंतरिम जमानत 25 मई तक बढ़ी

एजेंसी, जोधपुर

यौन उत्पीड़न मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को एक बार फिर राहत मिली है। राजस्थान उच्च न्यायालय ने मेडिकल आधार पर आसाराम की अंतरिम जमानत 25 मई तक अथवा अपील पर अंतिम निर्णय आने तक बढ़ाने का आदेश दिया। आसाराम ने बढ़ती उम्र, गंभीर बीमारियों और लंबे समय से चल रहे उपचार का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत आगे बढ़ाने की मांग की थी। यह याचिका कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायाधीश संगीता शर्मा की खंडपीठ के समक्ष पेश की गई। आसाराम के पक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त



कामत और अधिवक्ता यशपाल सिंह राजपुरोहित ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट में कहा कि आसाराम वर्ष 2013 से जोधपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं और 2018 में दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बाद गत वर्ष भी तीन बार अंतरिम जमानत बढ़ाई जा चुकी है। वर्तमान में आसाराम 29 अक्टूबर 2025 से अंतरिम जमानत पर बाहर रहकर इलाज करवा रहे हैं। वकीलों ने तर्क दिया कि यदि जमानत अवधि आगे नहीं बढ़ाई तो उपचार अधूरा रह जाएगा। उसे पुनः जेल में सरेंडर करना पड़ेगा। यह भी बताया कि सजा के खिलाफ दायर अपील पर 20 अप्रैल 2026 को सुनवाई पूरी हो चुकी है। अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक चौधरी ने कहा कि जेल प्रशासन समय-समय पर आसाराम को समुचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराता रहा है। उपचार में कोई कमी नहीं है। आसाराम के अधिवक्ता राजपुरोहित ने बताया कि दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने अंतरिम जमानत को 25 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

संरक्षण

### दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक

# जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली जरूरी: ओम बिरला

**एजेंसी, देहरादून।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सतत विकास व पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों - सरकारी संस्थानों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, वन पंचायतों तथा नागरिकों की संयुक्त एवं सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का सम्मान करना दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। बुधवार को नैनीताल स्थित डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी में वन पंचायत प्रतिनिधियों व त्रिस्तरीय पंचायत व स्थानीय शहरी निकाय के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते



हुए लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि उत्तराखंड की वन पंचायतें सामुदायिक भागीदारी आधारित वन प्रबंधन का एक सफल मॉडल बनकर उभरी हैं, जो न केवल वन संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान दे रही हैं, बल्कि रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव, चुनौतियों और सुझावों को भी सुना। वन पंचायतों को 'भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे सशक्त कड़ी' बताते हुए बिरला ने कहा कि जमीनी स्तर की संस्थाएं संरक्षण और सुशासन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वन पंचायत से संवाद करना मेरे लिए लोकतंत्र की सबसे सशक्त कड़ी से मिलने जैसा है। उन्होंने कहा कि यहॉं की पंचायतों का अनुभव दिल्ली की पंचायत से कम नहीं है। जल, जंगल और जमीन के पारस्परिक संबंध को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि ये प्राकृतिक संसाधन पारिस्थितिक संतुलन और मानव जीवन के आधार हैं। इनका संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है, जिसके लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय विरासत की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह राज्य मानव और प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का जीवंत उदाहरण है।

# 2 मई को डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का हल्ला-बोल धरना प्रदर्शन

▸ पुरानी पेंशन बहाली प्रमुख मांग



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के बैनर तले जिले के शिक्षक 2 मई को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) कार्यालय गेंदघर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रदर्शन प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2 मई को दोपहर एक बजे डीआईओएस कार्यालय गेंदघर के समक्ष शिक्षक एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में नई पेंशन योजना (एनपीएस) का समुचित रखरखाव और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली शामिल है। इसके अलावा वे अन्य लंबित समस्याओं और मांगों को भी उठाएंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि धरना-प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से भेजा जाएगा।

# सचल क्रय केन्द्रों को सक्रिय कर गेहूँ खरीद की प्रगति को बढ़ाया जाय: नोडल अधिकारी

▸ गेहूं क्रय केन्द्रों व एस.डब्ल्यू.सी. रिसिया डिपो का किया औचक निरीक्षण

▸ नोडल अधिकारी विशेष सचिव हरिकेश चौरसिया ने किया जनपद का भ्रमण





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत गेहू खरीद वर्ष 2026-27 हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव, आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन हरिकेश चौरसिया आई.ए.एस. ने जनपद का भ्रमण कर खाद्य तथा रसद विभाग के पयागपुर एवं रिसिया मण्डी स्थित गेहूँ कय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, देवीपाटन सम्भाग, गोण्डा चन्द्रभान यादव एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। गेहूँ क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी श्री चौरसिया ने क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौजूद कृषकों से क्रय केन्द्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने क्रय केन्द्र पर मौजूद कृषकों से वार्ता कर गेहूँ खरीद कार्य के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त करते हुए किसानों को प्रेरित किया कि वे अपनी उपज को गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बेच कर सरकार द्वारा निर्धारित रू. 2,585=00 प्रति कुण्टल का समर्थन मूल्य प्राप्त करें। श्री चौरसिया ने गेहूँ क्रय केन्द्र पर मौजूद किसानों को प्रेरित किया कि शीघ्र शीघ्र किसान आई.डी. बनवा लें ताकि भविष्य में उन्हें सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से वंचित न होना पड़े। नोडल अधिकारी ने सम्भागीय खाद्य नियंत्रक एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त क्रय केन्द्रों शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबन्द रखी जाये। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गेहूँ क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों के साथ सम्मानजनक ढंग से मित्रवत व्यवहार किया जायेगा। यदि कहीं पर कोई तकनीकी समस्या आती है तो विभागीय अधिकारी उसका निराकरण कराते हुए गेहूँ की खरीद सुनिश्चित करें। ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए नोडल अधिकारी ने सभी क्रय केन्द्रों पर छाया व पेयजल की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। गेहूँ क्रय केन्द्र के निरीक्षण के पश्चात नोडल अधिकारी श्री चौरसिया ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति रिसिया स्थित एस.डब्ल्यू.सी. रिसिया डिपो का भी निरीक्षण कर गेहूँ उतार की समीक्षा की गयी। नोडल अधिकारी को जानकारी दी गई जनपद में अब तक 2312 कृषकों से 15665.45 मी. टन गेहूं खरीद हो चुकी है।

# एसपी ने किया थाना बौण्डी का औचक निरीक्षण

▸ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण किया जाएं निस्तारण: विश्वजीत श्रीवास्तव




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने थाना बौण्डी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों, महिला हेल्पडेस्क तथा लंबित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की। इस अवसर पर निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही प्रत्येक प्रकरण में फरियादियों से फीडबैक प्राप्त करने पर विशेष बल दिया।पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा।मालखाना निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं माल सामग्री के सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके अतिरिक्त थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, हवालात, बैरक, मेस एवं शौचालयों का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता तथा संसाधनों के प्रभावी रख-रखाव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं उनकी उचित दिशा सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

## दहेज हत्या मामले में मां-बेटा गिरफ्तार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने मां और बेटे को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबूपुरवा निवासी विजय कुमार उर्फ मोंगरे वर्मा और राम रानी पत्नी रामरूप उर्फ ननकुन्ने वर्मा के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज था। पुलिस ने बुधवार सुबह करीब 10 बजे मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। उप निरीक्षक लालधार प्रसाद, मुकुट नाथ चौधरी, कांस्टेबल प्रमोद वर्मा और महिला कांस्टेबल पुष्पा यादव की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले की आगे की जांच जारी है।

# जन आक्रोश महिला पदयात्रा, उमड़ा जनसैलाब

## महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी की




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तेजवापुर क्षेत्र में बुधवार को महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को लेकर एक जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिससे यह कार्यक्रम एक बड़े जनसमूह का रूप ले लिया। पदयात्रा का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख ममता अवस्थी, प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, मंडल अध्यक्ष विद्याधर वाजपेई और संयोजक प्रदुम्म मिश्र ने किया। यह पदयात्रा ब्लॉक मुख्यालय से शुरू होकर बेडनापुर कस्बे तक पहुंची। इस दौरान महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी की और अपने गुस्से का प्रदर्शन किया। रास्ते में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने रैली का स्वागत किया और अपना समर्थन किया, जिससे आयोजन का प्रभाव और भी व्यापक हो गया। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ममता अवस्थी ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की लगातार अनदेखी हो रही है, जो चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की नीतियों के कारण महिलाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। वहीं, मंडल अध्यक्ष विद्याधर वाजपेई ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के मुद्दों पर अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मंडल महामंत्री प्रमोद मिश्र, राकेश चौधरी, सजल श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, राजकुमारी चौबे सहित भाजपा तेजवापुर मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों के लिए पुरस्कार योजना, 30 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद गोंडा में संचालित इकाइयों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत स्थापित और विगत तीन वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित इकाइयों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा पात्र इकाइयों का चयन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक इकाइयों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन में इकाई का नाम व पता, उद्यमी का नाम, बैंक से स्वीकृत एवं वितरित ऋण राशि, उत्पाद का नाम, वार्षिक उत्पादन (लाख रुपये में), वार्षिक बिक्री तथा रोजगार सृजन से संबंधित विवरण अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि इच्छुक उद्यमी अपने आवेदन पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 122 राजा मोहल्ला, गोंडा में जमा कर सकते हैं। यह योजना ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं स्वरोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद हुई कर्नलगंज ब्लॉक के रामगढ़ प्रधान पर कार्रवाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पूर्वांचल विकास निधि के तहत लगवाई गई इंटरलाकिंग पर ग्राम पंचायत से कार्य दिखाकर 6.61 लाख रुपये के भुगतान के मामले में अवर अभियंता (जेई), ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी (सचिव) पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। कर्नलगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत के रामगढ़ में सरकारी धन के गबन की पुष्टि हाईकोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2025 में दोबारा हुई जांच में हई थी। डीएम प्रियंका निरंजन ने ग्राम प्रधान सुमन सिंह के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। वहीं, तत्कालीन अवर अभियंता लघु सिंचाई गोपाल (अब हरदोई में तैनात), ग्राम विकास अधिकारी अवधेश तिवारी व ग्राम पंचायत अधिकारी अजीत गुप्ता के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। कर्नलगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत रामगढ़ निवासी उमाकांत शुक्ल ने विकास कार्यों में गड़बड़ियों की शिकायत डेढ़ वर्ष पूर्व की थी। डीएम ने प्रकरण की जांच तत्कालीन डिप्टी आरएमओ जांच में एएनएम सेंटर का कार्य व सहायक अभियंता जलनिगम को सोफा गया था संबंधित अधिकारियों की जांच में एएनएम सेंटर का कार्य अपूर्ण होने की बात सामने आई थी। कमेटी ने बिना इंटरलाकिंग लगवाए भुगतान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की थी। शिकायतकर्ता ने जांच पर आपत्ति जताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रकरण की दोबारा जांच तीन सदस्यीय कमेटी से कराई गई। जांच में पाया गया कि दुर्गा मंदिर से पुत्तन के घर तक 110 मीटर व अंशु के घर से इंद्रेश के घर तक 67 मीटर इंटरलाकिंग का कार्य कराए बिना ही छह लाख इकसठ हजार दो सौ पचहत्तर रुपए का भुगतान किया है। जांच के बाद संबंधित ग्राम प्रधान, सचिव के साथ ही अन्य कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। डीएम ने जवाब न देने पर ग्राम प्रधान का वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिया गया है।

### दो बाइकों की टक्कर में 17 वर्षीय युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। उतरौला-बलरामपुर मुख्य मार्ग पर गालिबपुर चौराहा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 17 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जहां एक ओर परिवार में शादी की खुशियां थीं, वहीं यह हादसा पूरे घर को गहरे मातम में डुबो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम मुहम्मद नगर के इमिलिया रज्जाक निवासी आकाश वर्मा (17) पुत्र बृजलाल वर्मा गांव में चल रही शादी की तैयारियों के बीच अपनी मौसी को सामान देने धौरहरी गांव जा रहा था। इसी दौरान गालिबपुर चौराहे के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आकाश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, काफी देर तक जब आकाश अपनी मौसी के यहां नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया। कॉल पुलिस ने रिसीव किया और हादसे में मौत की सूचना दी। यह खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और सभी लोग तत्काल घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। बताया जा रहा है कि आकाश के घर में शादी का कार्यक्रम चल रहा था और बारात आने की तैयारियां जोरों पर थीं। घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन इस दुखद घटना ने पल भर में सारी खुशियों को मातम में बदल दिया। मृतक के दादा वंशराज ने बताया कि आकाश परिवार का बेहद होनहार और जिम्मेदार लड़का था। मृतक की मां प्रेमा का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता बृजलाल मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं। बेटे की मौत की खबर सुनते ही वह मुंबई से घर के लिए रवाना हो गए हैं। आकाश पांच भाइयों में दूसरे नंबर पर था और परिवार की जिम्मेदारियों को समझता था। परिजनों ने बताया कि वह गुरुवार को मुंबई जाने वाला था, जिसके लिए उसका टिकट भी पहले से बुक था।

# अमृत सरोवरों व तालाबों को भरने के लिए संचालित किया जा रहा है अभियान







बहराइच समृद्धि न्यूज़

विभिन्न माध्यमों से जनपद के अमृत सरोवर/तालाबों में जल की उपलब्धता की समस्या संज्ञानित होने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल विहीन सरोवरों/तालाबों को तत्काल चिन्हित कराकर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था संचालित करके तालाबों में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए जिससे आमजनमानस के साथ-साथ मवेशियों एवं पशु पक्षियों को पानी की समस्या न होने पाये।

▸ आमजन, मवेशियों, पशु पक्षियों को नहीं होगी जल की समस्या

उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में समस्त खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जल विहीन सरोवरों/तालाबों का चिन्हांकन कर जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के कार्य का अनुश्रवण किया गया। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सरोवरों का चिन्हांकन करके कन्वर्जेन्स एवं स्थानीय लोगों के प्रयास से पम्पसेट आदि के द्वारा अमृत सरोवर/तालाब में जल भराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराई गयी। श्री पाण्डेय ने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों विशेष रूप से बलहा, कैसरगंज, पयागपुर, फखरपुर, रिसिया, शिवपुर, तेजवापुर एवं विशेश्वरगंज में पशु/पंक्षियों के लिए पीने के पानी की उपलब्धता हेतु अभियान चलाते हुए लगभग 59 ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरो में जल भरा दिया गया है।

# बिजली कटौती से नाराज लोगों का प्रदर्शन

## फखरपुर उपकेंद्र पर नारेबाजी कर व्यवस्था में सुधार की मांग



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले में भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण इलाकों में अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। बुधवार को फखरपुर इलाके में बड़ी संख्या में लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बिजली कटौती से नाराज उपभोक्ता फखरपुर विद्युत उपकेंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बदहाल विद्युत व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में शामिल उमेश पाठक ने बताया कि गर्मी के मौसम में क्षेत्र को केवल दो से चार घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाठक ने आगे कहा कि लगातार कटौती से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस दौरान जुनेद, जमील, इस्माइल, सुधीर सिंह, ओंकार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्यालय प्रबंधन किसी एक निर्धारित दुकान से पुस्तकें, कॉपियां या यूनिफॉर्म खरीदने का नहीं बनाएगा दबाव : डीएम



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विद्यालयों द्वारा लिए जा रहे शुल्क, नियमों के अनुपालन तथा अभिभावकों से संबंधित शिकायतों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी विद्यालय प्रबंधन छात्र-छात्राओं अथवा उनके अभिभावकों पर किसी एक निर्धारित दुकान से पुस्तकें, कॉपियां या यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव नहीं बनाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बाध्यता पूरी तरह अवैध है और इसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालयों को निर्देशित किया कि वे पारदर्शिता बनाए रखें और अभिभावकों के हितों का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों, उत्सवों या अन्य गतिविधियों के नाम पर अभिभावकों से किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जाएगी। यदि किसी विद्यालय के खिलाफ इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित विद्यालय एवं उसके प्रबंधन के विरुद्ध शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि विद्यालय द्वारा लिए जाने वाले प्रत्येक शुल्क की विधिवत रसीद अभिभावकों को देना अनिवार्य होगा, जिससे शुल्क संबंधी पारदर्शिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि जनपद के विद्यालय प्रत्येक वर्ष अनावश्यक रूप से यूनिफॉर्म, पुस्तकें एवं कॉपियां बदलने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं। ऐसा करना अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों की नियमित जांच की जाए तथा यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया जाए, तो तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई की जाए। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि प्रशासन अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए हैं कि विकासखंडवार सभी विद्यालयों के लिए नोडल अधिकारी नामित करें और नोडल अधिकारियों द्वारा विद्यालयों की रेंडम जांच कराई जाए।

# डीएम ने निर्माणाधीन रिंग रोड का किया निरीक्षण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़



**बलरामपुर।** जनपद में महत्वपूर्ण परियोजना निर्माणाधीन रिंग रोड का जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा रिंग रोड के गोंडा रोड से प्रारंभिक बिंदु (प्वाइंट जीरो) का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात उन्होंने प्वाइंट 2.3 , प्वाइंट 5.265 तथा प्वाइंट 5.6 पर निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीकों एवं मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्य में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया, ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर परियोजना को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए साथ ही, सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि रिंग रोड के निर्माण से जनपद में यातायात का दबाव कम होगा तथा आमजन को आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी। यह परियोजना जनपद के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नाच-गाने के बीच बवाल बना मौत का कारण 14 आरोपी दबोचे गए

**बलरामपुर।** थाना तुलसीपुर क्षेत्र में बहूभोज कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैर इरादतन हत्या के मुकदमे से जुड़े 14 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त आला कत्ल, लोहे का पल्टा और लाठी-डंडे भी बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 अप्रैल 2026 की रात्रि वादी मोहित पुत्र राजकिशोर निवासी चमरबोझिया थाना तुलसीपुर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका भाई कमलेश (27 वर्ष) पूर्व प्रधान नन्हेलाल के भतीजे रवि के बहूभोज कार्यक्रम में शामिल होने गया था।

# ब्रिटिश काल की धरोहर जिला पंचायत डाक बंगला बदहाली की कगार पर

समृद्धि न्यूज़



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** कस्बे में स्थित ऐतिहासिक जिला पंचायत डाक बंगला आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। एक सदी से भी अधिक पुराना यह भवन ब्रिटिश काल की विरासत रहा है, जहां कभी बड़े-बड़े राजनेता और अधिकारी प्रवास किया करते थे। इस बंगले ने कई ऐतिहासिक बैठकें और महत्वपूर्ण घटनाएं देखी हैं, लेकिन आज इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत से पानी टपकता है, खिड़कियां और दरवाजे उखड़ चुके हैं। बंगले के चारों ओर गंदगी और कूड़े-कचरे का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय नागरिक राधेश्याम गुप्ता,रमेश चंद्र तिवारी ने इस धरोहर के संरक्षण की मांग की है। उनका कहना है कि तत्काल मरम्मत और साफ-सफाई की जरूरत है। वहीं समाजसेवी बजरंगी यादव का कहना है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन को मिलकर इसकी मरम्मत करानी चाहिए ताकि यह ऐतिहासिक भवन भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस ऐतिहासिक विरासत को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाता है या यह धरोहर यूं ही अतीत की धूल में खो जाएगी।

# बेसहारा बेटियों का सहारा बनी योगी सरकार

## 66 बेटियों की शादी कराकर निभाई अभिभावक की जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बेसहारा बेटियों के लिए अभिभावक की भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के तहत योगी सरकार ने न सिर्फ अनाथ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया है बल्कि बेसहारा बेटियों की शादी कराकर उनके जीवन में माता-पिता की कमी को काफी हद तक पूरा करने का प्रयास किया है। इस योजना के तहत अब तक 60 से ज्यादा बेसहारा बेटियों की शादी कराई जा चुकी है। योजना के तहत योगी सरकार बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की आर्थिक मदद कर रही है। सरकार जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी निभा रही। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 आज हजारों परिवारों के लिए उम्मीद का सहारा बन चुकी है। योगी सरकार ने इस योजना के तहत अब तक 66 बेसहारा बेटियों की शादी कराई है। इस तरह यह सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि उन बेटियों के लिए एक भरोसा है, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। सरकार इन बेटियों के विवाह के लिए 1,01,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, जिससे उनका नया जीवन सम्मान के साथ शुरू हो सके।इस योजना की शुरुआत साल 2021 में की गई थी। इसका उद्देश्य उन बच्चों को सहारा देना है, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण 1 मार्च 2020 के बाद माता-पिता या अभिभावकों को खो दिया था। ऐसे बच्चों के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनके भरण-पोषण, शिक्षा और भविष्य की होती है। योगी सरकार ने एक व्यापक और संवेदनशील व्यवस्था तैयार की। वर्तमान समय में इस योजना के तहत 10,904 बच्चों को लाभ मिल रहा है, जबकि शुरुआत में यह संख्या 13,926 थी।

### हजारों बच्चों को निरंतर सहायता मिल रही है

साथ ही बच्चों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिमाह 4000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। यह सहायता 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने या 12वीं कक्षा पास करने तक जो पहले हो दी जाती है। इसके साथ ही शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने 8085 लैपटॉप भी वितरित किए हैं, जिससे बच्चे डिजिटल शिक्षा से जुड़ सकें और प्रतिस्पर्धी माहौल में पीछे न रहें।योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए कई विशेष प्रावधान किए गए हैं। जिन बच्चों का कोई अभिभावक नहीं है, उनके लिए सरकारी बाल देखरेख संस्थाओं में नि:शुल्क आवास की व्यवस्था की गई है।

# लखनऊ हाईकोर्ट ने सहारा की याचिका की खारिज

समृद्धि न्यूज़, लखनऊ

लखनऊ के सहारा सिटी मामले में नगर निगम को बड़ी कानूनी सफलता मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सहारा कमर्शियल की ओर से दायर याचिका को खारिज करते हुए निगम की कार्रवाई को सही ठहराया है। करीब 170 एकड़ में फैले इस प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। नगर निगम ने लीज शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए पहले ही सख्त कदम उठाए थे। कोर्ट के इस फैसले से न केवल निगम का पक्ष मजबूत हुआ है, बल्कि शहर में प्रशासनिक सख्ती का संदेश भी गया है। गोमतीनगर स्थित सहारा सिटी को लेकर नगर निगम ने आरोप लगाया था कि वर्ष 1994 में हुई लीज की शर्तों का पालन नहीं किया गया। जांच में सामने आया




### कहा: नगर निगम की कार्रवाई उचित, कब्जे में ली थी सहारा सिटी

कि निर्माण और उपयोग से जुड़े कई नियमों का उल्लंघन किया गया है। इसके बाद निगम ने पूरे परिसर के छहों गेट सील कर प्रशासनिक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान माना कि नगर निगम ने जो कार्रवाई की, वह नियमानुसार और विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत की गई थी। इसी आधार पर सहारा कमर्शियल की याचिका को खारिज कर दिया गया। नगर निगम ने कोर्ट में बताया कि कंपनी को सुधार के लिए कई मौके दिए गए थे। वर्ष 2020 और 2025 में बार-बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। जब लगातार अनदेखी होती रही, तब निगम ने अंतिम कार्रवाई करते हुए संपत्ति को अपने कब्जे में ले लिया। कोर्ट ने भी इस प्रक्रिया को सही माना और कहा कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद ही यह कदम उठाया गया। मामले की सुनवाई में यह भी सामने आया कि संबंधित भूमि की 30 वर्ष की लीज अवधि समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद न तो निर्धारित विकास कार्य पूरे किए गए और न ही शर्तों का पालन हुआ।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में तेज हवा के साथ बारिश, धूलभरी आंधी और बादलों से अंधेरा छाया

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पिछले एक हफ्ते से जारी तपन से आज (बुधवार को) राहत मिल गई है। दोपहर में मौसम अचानक बदल गया। बादल छाने और धूलभरी आंधी चलने से दिन में अंधेरा छा गया। मलिहाबाद में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई। सरोजनी नगर में धूलभरी आंधी चलने के साथ बारिश शुरू हो गई। दोपहर 1 बजे 37 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। यह पिछले 2 दिन के तापमान से 6 डिग्री कम है। सुबह तेज धूप निकली थी। दोपहर 12 बजे तक भी कई इलाकों में कड़ी धूप थी। आज का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। कल गुरुवार को न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की गिरावट होगी। तेज हवा और बिजली कड़कने के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

### महिला ने किया सुसाइड, पड़ोसी युवक पर परेशान करने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक महिला की कीटनाशक



दवा खाने से मौत हो गई है। आरोप है कि महिला को पड़ोस में रहने वाला युवक परेशान करता था। परिवार वालों का कहना है कि महिला को पड़ोसी युवक लगातार फोन कर मिलने के लिए दबाव बना रहा था। जिससे परेशान होकर महिला ने कीटनाशक दवा खाकर जान दे दी। मामला बीकेटी के कोटवा गांव का है। बीकेटी की रहने वाली निशा (30) की शादी वर्ष 2012 में संदीप से हुई थी। परिवार में बड़ा बेटा सत्यम और बेटी पूर्वी है। पति-पत्नी मजदूरी कर परिवार चलाते थे। भाई मंजीत के मुताबिक पड़ोसी युवक सुरेंद्र जो खुद भी शादीशुदा है, निशा से बातचीत करता था। दो दिन पहले उसने महिला के साथ अपनी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर दी थी। इसके बाद वह लगातार फोन कर निशा पर बात करने और मिलने का दबाव बना रहा था। महिला के भाई मंजीत ने बताया कि सुरेंद्र की हरकतों से निशा काफी परेशान थी। गुरुवार को उसने घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे पहले स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि बदनामी और मानसिक तनाव की वजह से निशा ने ये कदम उठाया। वहीं घटना के बाद से आरोपी सुरेंद्र घर से फरार बताया जा रहा है। बीकेटी पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अब सितंबर तक हो जायेगी डीपीसी

**प्रदेश के 9 लाख कर्मचारियों को होगा फायदा**

**कटऑफ डेट बदलने की तैयारी**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार राज्य कर्मियों के हित में फैसला लेने वाली है। प्रस्तावित बदलाव के तहत पदोन्नति प्रक्रिया को पहले से अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाएगा। इस कदम से करीब 9 लाख कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। पदोन्नति के लिए पात्रता तय करने की अंतिम तिथि जुलाई निर्धारित है। इसी आधार पर कर्मचारियों की सेवा अवधि और योग्यता का आकलन किया जाता है लेकिन अब सरकार इसे बदलकर दिसंबर करने पर विचार कर रही है। इससे उन कर्मचारियों को फायदा मिलेगा जो साल के पहले छह महीनों में सेवानिवृत्त हो जाते हैं और सेवा अवधि पूरी न होने के कारण पदोन्नति से वंचित रह जाते हैं।नई कटऑफ तिथि लागू होने से पदोन्नति में कर्मचारियों की संख्या बढ़ेगी। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, विभागों में रिक्त पद भरना आसान होगा। इस प्रस्ताव को कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद नए नियम लागू होंगे और राज्य के लाखों कर्मचारियों को इसका लाभ मिलने लगेगा।सरकार ने विभागों को निर्देश दिया है कि हर साल सितंबर तक विभागीय पदोन्नति समिति यानि डीपीसी की बैठक आयोजित कर प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इससे पदोन्नति में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा और कर्मचारियों को समय पर उनका हक मिल सकेगा। पदोन्नति से जुड़ी जानकारी को अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू की जा रही है। पहले जहां कागजी प्रक्रिया के कारण देरी होती थी, अब ऑनलाइन सिस्टम से पारदर्शिता और तेजी आयेगी।

# यूपी में हालिया घटनाएं डरावनी: स्वामी प्रसाद

### न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित परिवार

समृद्धि न्यूज़



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने हाल के दिनों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को चिंताजनक बताया। कहा कि प्रदेश में अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और लोगों में भय का माहौल बन गया है। मौर्य ने 24, 25 और 27 अप्रैल 2026 के मामलों का जिक्र किया। कहा कि ये घटनाएं स्पष्ट संकेत देती हैं कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। महिलाओं के खिलाफ अपराध, हत्या और सामूहिक अत्याचार जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया कि 24 अप्रैल को एक युवती की हत्या का मामला सामने आया था। वहीं, 25-26 अप्रैल को प्रतापगढ़ में 19 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर शव को पेड़ पर लटका दिया गया। इस मामले में मुख्य आरोपी अब भी फरार है और उस पर इनाम घोषित है। 27 अप्रैल को एटा में हुई गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज आगरा के अस्पताल में चल रहा है। मौर्य ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब ऐसे मामले सामने आए हैं। उन्होंने गाजीपुर और हरदोई की पिछली घटनाओं का भी जिक्र किया, जहां पीड़ितों को आज तक न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार मुद्दा उठाने के बावजूद ठोस कार्रवाई न होना प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इससे साफ है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासन उन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। मौर्य ने सरकार से मांग की कि सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, मामलों की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में हो। पीड़ित परिवारों को सुरक्षा और उचित मुआवजा दिया जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि प्रदेश की बहन-बेटियों की सुरक्षा और न्याय का सवाल है, जिस पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी सरकार जल्द ले सकती है बड़ा फैसला

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को लेकर बड़ा प्रशासनिक फैसला जल्द सामने आ सकता है। 26 मई को मौजूदा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है, ऐसे में सरकार पंचायत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नई रणनीति पर विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना और मतदाता सूची का समय पर तैयार न होना पंचायत चुनाव में देरी की बड़ी वजह बन रहा है। इसी कारण तय समय पर चुनाव कराना फिलहाल मुश्किल माना जा रहा है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है। राजभर ने कहा कि यूपी पंचायत चुनाव का केस अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रहा है, जहां चुनाव समय पर कराने की मांग की गई है। हालांकि अभी तक पंचायतों की मतदाता सूची तैयार न होने से ही संशय है। पंचायत चुनाव की मतदाता सूची ही 10 जून को सामने आएगी। वहीं पिछड़ा वर्ग आयोग गठित न होने से आरक्षण का मसला भी अटका है। बीडीसी, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी इस कारण देरी हो सकती है।अब तक नियम के अनुसार कार्यकाल समाप्त होने पर एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाता है, लेकिन इस बार पहली बार प्रशासक समिति को जिम्मेदारी देने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। संभावना है कि इस समिति का अध्यक्ष स्वयं ग्राम प्रधान को बनाया जाए। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से पंचायतों का कामकाज बिना रुकावट जारी रहेगा, जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है।

# यूपी विधानसभा का विशेष सत्र आज से

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र गुरुवार को आयोजित होने जा रहा है, जिसे लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां विपक्ष अपनी रणनीति तय करने में जुटा है, वहीं सत्तारूढ़ एनडीए ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। साल 2027 के विधानसभा चुनाव से करीब 10 महीने पहले बुलाया गया यह विशेष सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बड़े टकराव का मंच बन सकता है। प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने अपने विधायकों की बैठक बुलाकर रणनीति को अंतिम रूप देने की तैयारी की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने बताया कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 29 अप्रैल की दोपहर बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं कांग्रेस भी इस मुद्दे पर अपने रुख को स्पष्ट करने की तैयारी में है। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पार्टी आज इस विषय पर निर्णय लेगी और बेहतर तालमेल के लिए समाजवादी पार्टी नेतृत्व से भी बातचीत की जाएगी। समाजवादी पार्टी (सपा) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सदन में लाएगी या नहीं, लेकिन पार्टी सरकार के रुख का जवाब देने के लिए रणनीति बना रही है। इधर, भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित न होने देने के मुद्दे पर घेरने की तैयारी में है। इस संशोधन का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तेजी से लागू करना और लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में जन आक्रोश महिला पदयात्रा का नेतृत्व किया था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में महिला रैली कर इस मुद्दे को प्रमुखता दी है। इस बीच, विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज होगी, जिसमें विशेष सत्र की कार्यवाही का एजेंडा तय किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा के साथ-साथ बजट सत्र के बाद जारी छह अध्यादेशों को सदन में पेश किए जाने की संभावना है, जिनमें राजस्व संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2026 भी शामिल है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। जिसको लेकर सरकार अपनी तैयारी में जुटी है।

**महिला आरक्षण पर विपक्ष को घेरने के लिए सरकार है तैयार**

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ सपा का हंगामा, प्रदर्शनकारी बोले: 'स्मार्ट मीटर धोखा'

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हुसैनगंज स्थित 1912 के ऑफिस पर स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पूरा ऑफिस घेर कर नारेबाजी किया। कार्यालय के अंदर बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं जमा हो गई और स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए इसे बंद करने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा स्मार्ट मीटर एक धोखा है। प्रदर्शन कर रहे सपा नेता प्रदीप शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर धोखा है, धोखा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर हम सभी लोगों को गुमराह किया जा रहा




है। जबरदस्ती घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जो हमें स्वीकार नहीं है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से मना किया तो पुलिस बुलाने की धमकी दी गई और 10000 जुर्माना की बात कही गई। स्मार्ट मीटर हमें स्वीकार नहीं है। इसके खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और जब तक स्मार्ट मीटर लगा बंद नहीं हो जाएगा विरोध चलता रहेगा। प्रदर्शन कर रहे सपा नेता प्रदीप ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता इस सरकार से और स्मार्ट मीटर से परेशान हो चुकी है। हम लोग विरोध प्रदर्शन करके जनता की आवाज को जिम्मेदारों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी जनता का दर्द समझती है। इसलिए हमारी सरकार बनने के बाद 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल सदर कैंट की निवासी सुशील ने कहा कि यह मीटर हम लोगों के समझ में नहीं आ रहा। जब मीटर लगाने आए तो कई घंटे तक बिजली गुल रही। पैसे डालने के बाद भी बिजली कट जाती है। स्मार्ट मीटर एक धोखाधड़ी है। यह मीटर क्यों लग रहा है। हमको इसके बारे में कुछ नहीं बताया गया। इसके बारे में सही जानकारी भी नहीं है।

मीटर गुमराह करके जबरदस्ती लगा दिया गया। पहले 1500 बिल देते थे अब 3500 से 4000 के बीच बिजली बिल दे रहे हैं।

# विधान परिषद की कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

### एक दिवसीय सदन की कार्यवाही पर बनी सर्वदलीय सहमति

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान भवन के कक्ष संख्या 77 (प्रथम तल) में आज नेता सदन, विधान परिषद एवं उप-मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में विधान परिषद की कार्य परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी विधान परिषद सत्र के संचालन और कार्यसूची को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर नेता सदन ने सभी दलों के नेताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए सदन की गरिमा और जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा पर बल दिया।



**बैठक के मुख्य बिंदु:**

-एक दिवसीय सदन पर सहमतिः बैठक में आगामी विधान परिषद सत्र को एक दिवसीय आयोजित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया, जिस पर उपस्थित सभी दलीय नेताओं ने अपनी सर्वसम्मति प्रदान की। -सौहार्दपूर्ण वातावरणः चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच अत्यंत सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। सभी नेताओं ने सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने और लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की। -विपक्ष की सहभागिताः बैठक में नेता विरोधी दल श्री लाल बिहारी यादव ने भी अपने सुझाव रखे। उन्होंने सदन के भीतर जनहित के विषयों पर चर्चा सुनिश्चित करने के सरकार के प्रयासों और कार्ययोजना पर सहमति जताई। इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित नेता सम्मिलित रहेः कुंवर मानवेन्द्र जी, सभापति (विधान परिषद) केशव प्रसाद मौर्य, नेता सदन (विधान परिषद) सुरेश खन्ना, संसदीयकार्य मंत्री, लाल बिहारी यादव, नेता विरोधी दल, विभिन्न राजनीतिक दलों के दलीय नेता एवं वरिष्ठ अधिकारीगण।

### आईटीआई अलीगंज में कैंपस ड्राइव, 57 अभ्यर्थियों का चयन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। इस रोजगार अवसर में डेनसो हरियाणा प्रा. लि. द्वारा गुरुग्राम, हरियाणा स्थित इकाई के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया।प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान करने का आग्रह किया तथा चयनित अभ्यर्थियों को समय पर ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया।

**सराहनीय**

## आस्था के साथ विकास सरकार की प्राथमिकता : जयवीर

# बलरामपुर में पर्यटन विकास के लिए 786 लाख की 7 परियोजनाएं स्वीकृत

- बिजनौर में 8 पर्यटन विकास परियोजनाओं के लिए 909 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत
- बिदुर आश्रम का किया जायेगा कायाकल्पः जयवीर

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत देवी पाटन मण्डल के बलरामपुर की विभिन्न विधानसभाओं में पर्यटन विकास की 7 परियोजनाओं के लिए 786 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि से विभिन्न विधानसभाओं में धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण एवं उसके आसपास बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराई जायेगी। इस कार्य के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये हैं कि कार्यों को गुणवत्ता और समय के साथ पूरा करें। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि बलरामपुर सदर गिधरैया तहसील मंदिर का पर्यटन विकास के लिए 68 लाख रूपये, गैसड़ी के पचपेड़वा के ग्राम इमिलिया कोडर में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 18 लाख रूपये, इसी विधानसभा में स्थित भियूरा बाबा के पर्यटन विकास के लिए 1 करोड़ रूपये उतरौला में प्राचीन



शिवमंदिर के पर्यटन विकास के लिए 1 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। तुलसीपुर शिव मंदिर गनवरिया तुलसीपुर के पर्यटन विकास के लिए 235 लाख रूपये, तुलसीपुर के ही नगर पंचायत के मुख्य मार्गों पर डिकोरेटिव एवं ऑरनामेंटल लाइटिंग के लिए 115 लाख रूपये तथा तुलसीपुर नगर पंचायत स्थित मुख्य मार्गों के दोनों तरफम्यूरल वॉल का कार्य हेतु 150 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आस्था से जुड़े धर्म स्थलों का सर्वांगीण विकास कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद में सांस्कृतिक धरोहर के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विकास की परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को सुधार कर एवं वहां बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराकर श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा श्रद्धालुओ को आस्था स्थल तक पहुंचने में आसानी होगी।

पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य योजना के अंतर्गत मुरादाबाद मण्डल के बिजनौर की विधानसभाओं में पर्यटन विकास की 8 परियोजनाओं के लिए 909 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि से विभिन्न विधानसभाओं में धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण एवं उसके आसपास बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराई जायेगी।

इस कार्य के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये हैं कि सभी कार्यों को गुणवत्ता और समय के साथ पूरा करें।

# यूपी के लिए हादसों भरा दिन रहा बुधवार

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी, मुजफ्फरनगर और देवरिया जिलों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सभी घटनाएं मंगलवार रात को हुई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) गणेश साहा ने बताया कि मैनपुरी में कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत देवी रोड पर शीतला देवी मंदिर के पास दुर्घटना उस वक्त हुई जब एक पिकअप वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद निवासी पीड़ित धर्मेंद्र सिंह (50), उनकी पत्नी बेबी (48) और तवेपुर गांव के संजय सिंह (40) एक रिश्तेदार के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी यह घटना हुई। पुलिस के मुताबिक, पिकअप और श्वैगन आरश् कार एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी




### दर्जन से अधिक लोगों की गई जान

पिकअप अनियंत्रित हो गई और मोटरसाइकिल से टकरा गई जिससे तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। साहा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने कहा कि मंगलवार रात मुजफ्फरनगर के चरथावल कस्बे में एक अलग घटना में रजबहा रोड पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से इमराना नामक 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना में एक अन्य महिला घायल हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविशंकर ने कहा कि दोनों महिलाएं सड़क के किनारे चल रही थीं तभी कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे इमराना नहर में गिर गई। महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, जो वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने कहा कि चालक का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कहा कि देवरिया जिले में एक अन्य घटना में मंगलवार देर रात बघौचघाट इलाके में एक कार के पेड़ से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## खबरें एक नजर में

### गैस एजेंसी के वितरक के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** गैस एजेंसी के वितरक ने डयूटी के दौरान उसके साथ मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना काँट क्षेत्र के गांव रहतारा निवासी सत्येन्द्र पुत्र राजप्रताप ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह तिलहर इण्डेन गैस एजेंसी पर सिलेडर वितरण करने का कार्य करता है। तथा गैस सिलेंडर की गाडी चलाता है। आरोप है कि 27 अप्रैल अपरान्ह करीब ढाई बजे वह ऐजेंसी की गाडी से विरिया बाबा रोड बारह पत्थर पर गैस सिलेंडर वितरित कर रहा था। इसी दौरान उस मोहल्ले का ही धर्मेन्द्र यादव पुत्र रामस्वरूप बिना बुकिंग रसीद के सिलेंडर की माँग करने लगा। रसीद के बिना सिलेंडर देने से जब उसने मना किया तो धर्मेन्द्र उत्तेजित हो गया और उसके साथ माँ बहन की गंदी गंदी गालिया देते हुए लडाई झगडा व मारपीट करने लगा। और जाते जाते उसने धमकी दी कि उसे अब तिलहर में गैस सिलेंडर वितरित नही करने देगा। और यदि कही दिख गया तो जान से मार देगा। बता दें कि पीड़ित सतेंद्र ने तहरीर में उससे 20 हजार रुपए लूटे जाने का भी आरोप लगाया था। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामला लड़ाई झगड़े का है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कोतवाली को मिले 47 रिक्रूट आरक्षी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली पुलिस परिवार में एक बड़ी बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे अब किसी भी व्यवस्था में पुलिस की कमी आड़े नहीं आएगी। बता दें कि 26 अप्रैल को जिला मुख्यालय से कोतवाली को कुल 47 रिक्रूट आरक्षी स्टाफ मुहैया कराया गया है। जिसमें 38 पुरुष आरक्षी तथा नौ महिला आरक्षी शामिल हैं। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि फिलहाल 47 रिक्रूट कोतवाली में भेजे गए है। कुछ और आरक्षियों के भेजे जाने की उम्मीद है।

### सड़क हादसे में पूर्व प्रधान की मौत, ऑटो और स्कूटी की जोरदार टक्कर से हुआ भीषण सड़क हादसा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गंगसरा में हुए भीषण सड़क हादसे में लगभग एक दर्जन से अधिक मजदूर एवं पूर्व प्रधान गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। थाना क्षेत्र के गांव गंगसरा में उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया जब मजदूरों से भरा ऑटो और स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई।आमने सामने की टक्कर में ऑटो पलट गया जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए और ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क हादसे के बाद मौके पर अपरा तफरी मच गई। बड़ी संख्या में राहगीर इकट्ठा हो गए। राहगीरों की मदद से ऑटो को सीधा कराया गया और उसमें फंसे घायल मजदूरों को बाहर निकाला गया तो वहीं स्कूटी सवार गांव तेंदुआ निवासी पूर्व प्रधान जसविंद्र सिंह बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीरों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां घायल मजदूरों का इलाज किया जा रहा है। तो वही पूर्व प्रधान की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से परिजन उन्हें बरेली इलाज के लिए ले जा रहे थे तभी रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में बरेली ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पूर्व प्रधान जसविंदर सिंह के निधन की खबर मिलते ही तेंदुआ और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### अबाजका टीम ने मिशन गायिका वंदना का किया स्वागत



**शाहजहांपुर।** जनपद आगमन पर वंदना सिद्वार्थ (मिशनरी गायिका) से हरि शंकर कनौजिया जिलाध्यक्ष अबाजका के नेतृत्व में अबाजका शाहजहाँपुर टीम द्वारा माला एवं बुके से सम्मानित कर, बाबा साहेब का संविधान स्मृति रूप में भेट करते हुए, शाल ओढ़ाकर, तथागत बुद्ध की तस्वीर भेटकर शानदार स्वागत किया गया। साथ ही वंदना सिद्धार्थ के पिता, मौसा एवं भाई का भी शहीदों की नगरी शाहजहाँपुर में जोरदार स्वागत किया गया। वंदना सिद्धार्थ से अबाजका टीम ने उनकी मनमोहक वाणी से मिशनरी गीतों का खूब आनंद लिया। वंदना सिद्धार्थ के स्वागत में अबाजका के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, शिव सिंह, माया माथुर, पुष्पा देवी, सर्वेश कुमारी, डॉ मान सिंह, अबाजका जिला कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश माथुर, संजय वीर की गरिमामयी उपस्थित रही।

### देर रात कार दुर्घटना में तीन लोग घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र में एक कार का अचानक एक्सीडेंट हो गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हथौड़ा बुजुर्ग निवासी रज्जन कुमार (24), लोक विहार शाहजहांपुर निवासी प्रांजल वर्मा (25) तथा काजीपुर निवासी नौशीन 19 बर्ष पुवायां से शाहजहांपुर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 1:30 बजे उनकी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली ले जाया गया। वहां डॉक्टरों द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सीएचसी सिंधौली के चिकित्सक डॉ. जफ़र सैफी ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए थे, जिनमें दो को मामूली चोटें आई थीं, जबकि एक को अपेक्षाकृत अधिक चोट लगी थी। सभी घायलों का उपचार करने के बाद उनकी हालत सामान्य होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

# निर्माणाधीन पानी की टंकी में लटकता मिला युवक का शव





**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी में युवक का शव लटकता मिला। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव लाखोहा निवासी 19 वर्षीय सुमित पुत्र छोटेलाल मंगलवार की शाम गांव में ही एक शादी समारोह में गया था। जिसमें उसके परिजन भी शामिल थे। देर रात परिजन शादी समारोह से वापस घर लौट गए और सुमित वहीं रुक गया। बुधवार की सुबह परिजनों को सूचना मिली कि सुमित का शव गांव में निर्माणाधीन पानी की टंकी में लटका हुआ है। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम साक्ष्य एकत्र करने में जुट गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया की सुमित नगर में एक दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक का काम करता था तथा दो बहनों में इकलौता भाई था। सुमित की मौत के बाद बहन खुशबू, अंजलि एवं मां रेखा देवी तथा पिता छोटेलाल का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं युवक का शव मिलने से गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

### युवक ने पेड़ से लटककर की जीवनलीला समाप्त



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में बुधवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पीछे पेड़ से लटका मिला। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शास्त्री नगर निवासी नितिन (35) पुत्र ब्रज मोहन नगर के मुख्य चैराहे पर पनीर की दुकान चलाकर अपने परिवार का हाथ बंटता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार रात वह सामान्य रूप से खाना खाकर सोने गया था। बुधवार सुबह करीब सात बजे जब घर के लोग पीछे की ओर गए, तो वहां पीपल के पेड़ पर नितिन का शव फंदे से लटका देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मृतक दो भाइयों और चार बहनों में दूसरे नंबर पर था और अभी अविवाहित था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। राजीव तोमर, थाना प्रभारी, जलालाबाद ने बताया कि एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से मिलने वाली तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया है। यह कार्रवाई एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई। जानकारी के अनुसार, 17 फरवरी 2026 को हरदोई जनपद के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र निवासी राधेश्याम मिश्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों द्वारा उसकी पुत्री को आत्महत्या के लिए उकसाया गया, जिसके बाद उसने जान दे दी। इस मामले में थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।मंगलवार को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित अभियुक्ता प्रिया गुप्ता बस अड्डे से रेलवे स्टेशन की ओर जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अशफाक नगर तिराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्ता बलिया जनपद की रहने वाली है और वर्तमान में वाराणसी में रह रही थी। पूछताछ के बाद उसे संबंधित धाराओं से अवगत कराते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्ता के खिलाफ पूर्व में भी अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना सदर बाजार की पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आफिस टाइम में फोन चलाने वाले कर्मचारियों को ईओ ने फटकारा

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत कार्यालय मे जनता के कार्य मे लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियो को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहाँ का रौद्र रूप कर्मचारियो को देखने को मिला। अधिशासी अधिकारी अपने कार्यालय में आवश्यक कार्य को निस्तारित कर रही थी, उसी समय उनकी नजर अपनी टेवल पर रखे लैपटॉप पर पड़ी, जो ऑफिस में लगे सीसी कैमरो से अटैच है। जिसमें उन्होंने देखा कि ऑफिस में काम कर रहे कर्मचारी कार्य को ना करके मोबाइल देखने में व्यस्त है। अधिशासी अधिकारी नूर जहां अपनी कुर्सी से उठी और हाल में मोबाइल मे रील देख रहे कर्मचारियों के पास पहुंच गई। अधिशासी अधिकारी को अपने सामने खड़े देखकर कर्मचारी हक्के भक्के रह गये। उन्होंने पलक झपकते ही मोबाइल देख रहे कर्मचारियों के मोबाइल छीन कर कंप्यूटर ऑपरेटर को सौंप दिए और चेतावनी दी कि शाम 5.00 बजे से पहले कोई भी मोबाइल कर्मचारियों के हाथ में न जाए और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि अगर मोबाइल पर रील ही देखना है तो ऑफिस से छुट्टी लेकर घर पर मोबाइल देखें। अधिशासी अधिकारी नूरजहां का कर्मचारियों के प्रति सख्त रुख नगर पंचायत में चर्चा का विषय रहा।

### पति समेत सात लोग दहेज प्रताड़ना में नामजद

- दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग व दूसरे समुदाय की लड़की से शादी कर लेने का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दहेज में चार पहिया की गाड़ी न मिलने पर प्रताड़ित कर घर से निकाल देने तथा दूसरे समुदाय की लड़की से शादी कर उसके पास मुंबई चले जाने का आरोप लगाते हुए विवाहिता ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला दिलाजाक निवासी असलम की पत्नी कहकशा ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका चार दिसंबर 2024 को असलम पुत्र युनुस से निकाह हुआ था। निकाह में उसके माता पिता ने करीब पांच लाख रुपए का घरेलू सामान, व सोने के जेवर दिए थे। जिसमें छह तोला सोने व, दो लाख रुपए के चाँदी के जेवर तथा एक हीरो मोटरसाकिल भी दी थी। आरोप है कि दहेज से ससुराल वाले सनुष्ट नहीं थे। उसके पति असलम, ससुर युनुस, जेठ शाहिद, जेठ अकरम, जेठानी सलमा, जेठानी शबनम व ननद अर्शी ने दहेज मे चार पहिये की गाड़ी न मिलने का ताना देने के साथ ही उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि उसके पति असलम व ससुरालियों ने 24 अक्टूबर 2025 को उसे घर से निकल दिया। आरोप है कि असलम ने अन्य धर्म (हिन्दू) रागिनी जो कि क्लासिक मैक्स सैलून बिल्डिंग सं 17 बिंग सं शप नं0 05 नन्द वन सोसाइटी प्रतीक्षा नगर सायन कोलीबाडा ईस्ट मुम्बई की रहने वाली है के साथ गुपचुप तरीके से अवैध रूप से विवाह कर लिया है और वह उसके पास मुंबई चला गया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामला दर्ज कर पड़ताल की जा रही है।

## भामाशाह व्यक्ति विशेष के नहीं थे: डॉ. सुधीर

- वैश्य समाज ने महाराणा प्रताप पार्क में की गोष्ठी

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय वैश्य समाज द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती पर महाराणा एवं भामाशाह के संयुक्त पार्क में पौधरोपण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने भामाशाह व महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी गाथाओं के बारे में विचार रखे गए।

इस दौरान एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता ने कहा कि भगवान संत और महापुरुष किसी व्यक्ति विशेष या जाति धर्म के नही होते है। वह जन कल्याण के लिए जन्म लेते है और सभी के सम्मानीय होते है। हम सबको उनका सम्मान करना चाहिए। उद्योगपति अशोक अग्रवाल ने कहा कि पैसे के साथ सम्मान जरूरी हैं। आज समाज में एकजुटता हमें संगठन के प्रति जरूरी हैं। डा. केपी गुप्ता ने कहा कि भामाशाह ने महाराणा प्रताप की उस समय मदद की जब वह उस समय हताश व निराश थे। उस समय भामाशाह ने अपना सर्वस्व महाराणा प्रताप के कदमों में रख दिया ताकि वह युद्ध के लिए संसाधन जुटा सके। इस दौरान वैश्य समाज द्वारा पार्क में भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर खन्ना, उद्योगपति रामचंद्र सिंघल, अनुजदेव गुप्ता, हरगोविंद मोदी, विनोद अग्रवाल, डा. अमित सिंह, डा. नमिता सिंह, किशोर गुप्ता, अनिल गुप्ता, अरूण गुप्ता, अभिनव गुप्ता, नीतू गुप्ता, नलनी ओमर आदि मौजूद थे।

## डीआईजी के निर्देश पर एक सप्ताह बाद क्रास केश दर्ज

- 20 अप्रैल की रात हाइवे पर दो पक्षों के बीच हुए जानलेवा हमले का मामला

**तिलहर -शाहजहांपुर।** एक सप्ताह पूर्व भक्सी तिराहे पर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट में एक पक्ष की ओर से घटना के दिन ही नौ लोग नामजद व पांच से सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के मामले में दूसरे पक्ष की ओर से डीआईजी के निर्देश पर पांच नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि बीती 20 अप्रैल की रात नगर के हाइवे स्थित भक्सी तिराहे पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने से कई लोग घायल हो गए थे। जिसमें पुलिस ने समुदाय विशेष के नौ आरोपियों को रातों रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उक्त मामले के आरोपी पक्ष के हसीब की पत्नी ने डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई। इस पर डीआईजी के निर्देश पर उसकी ओर से भी नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नगर के मोहल्ला जेरबरगद निवासी शबाना पत्नी हसीब ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके के पति 20 अप्रैल को रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे अपनी पिकअप गाडी लेकर तिलहर बक्शी तिराहा के पास जा रहे थे। इसी दौरान गांव महियापुर निवासी सुरेश पाल , उनका लड़का अंकित, अमर सिंह व शिव नारायन पुत्र धूम्रपाल सिंह व मोनू पुत्र रविन्द्र सिंह तथा पाँच-छः अज्ञात लोगों ने उसके पति हसीब की गाडी को रोक लिया। और जबरन वसूली हेतु धमकाने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उपरोक्त सभी लोगों ने गाडी से नीचे खींच लिया और गालियाँ देते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि बंडा ब्लाक के गांव सैदापुर खंडपारी में 2021 से अब तक कराए गए मनरेगा घोटाले की जांच कराने हेतु राजवीर पुत्र इंद्रपाल ने प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें 24 मार्च 2026 को जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें सहायक आयुक्त, सहायक निबंधक एवं अधिशासी अभियंता तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नामित कर एक सप्ताह के अंदर आख्या मांगी गई थी। लेकिन ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रधान द्वारा कराए गए मनरेगा के कार्यों में घोटाले की कोई जांच नहीं की गई है। ज्ञापन के माध्यम से मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों एवं घोटाला की जांच की मांग की गई। गांव सैदपुर खंडपारी के पूर्व प्रधान द्वारा ग्राम सभा की भूमि पर मकान बनाकर अवैध कर्ज कर लिया गया है। ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे को हटाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में युवा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, राशी राम वर्मा, बलवीर सिंह, राजपाल सिंह, हेतराम राजपूत, संतोष कुमार, राम जी शर्मा, स्वर्ण सिंह, रघुवीर सिंह आदि किसान कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खेत में पड़ा मिला युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं परी जनों ने हत्या का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी 35 वर्षीय सत्यपाल पुत्र रामसेवक का शव मझगवां अड्डे के पास बनी दुकानों के पीछे खेत में पड़ा मिला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं मृतक की पत्नी मिथलेश ने बताया कि सोमवार को पति सत्यपाल गेहूं बेचने मझगवा गए थे। जहां एक दुकानदार से उनका झगड़ा हुआ। जिसमें दुकानदार ने मारपीट कर पति को बुरी तरह जख्मी कर दिया। जिसके बाद सोमवार की सुबह सत्यपाल घर से निकले और वापस लौटकर नहीं आए। काफी देर इंतजार करने के बाद परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। काफी तलाश करने के बाद सत्यपाल का कोई पता नहीं लग सका। बुधवार लगभग 11 मझगवां अड्डे पर बनी दुकानों के पीछे खेत में सत्यपाल के पड़े होने की सूचना मिली। जब परिजनों ने जाकर देखा तो सत्यपाल मृत अवस्था में पड़े थे तथा शव के पास शराब एवं जेब में 501 रुपए निकले। परिजनों ने बताया कि सत्यपाल मजदूरी का काम करते थे। मृतक अपने पीछे पत्नी मिथलेश तथा दो बेटे ऋतिक एवं अभिषेक को रोता बिलखता छोड़ गया। वहीं मृतक की मां राधा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब

- महात्मा रामचन्द्र महाराज की 127वीं जयंती समारोह पर गूंजी आध्यात्मिक चेतना
- हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर की विश्व कल्याण की कामना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में महात्मा रामचन्द्र जी महाराज बाबूजी की 127वीं जयंती समारोह का शुभारंभ ध्यान-साधना से हुआ। हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए मंगल की कामना कीं। संपूर्ण आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना की दिव्य तरंगों से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने वर्चुअल माध्यम से दिये अपने संदेश में कहा कि हर वह स्वप्न जो बिना प्रयास किए ही मर जाता है, वह स्वप्न देखने वाले को उस स्वप्न की तुलना में कहीं अधिक निरंतरता से सताता है जिसे पूरा करने की कोशिश की गई और वह नाकाम रहीं। यही वह ज्ञान है, जिसे परंपराएँ सदा से सिखाती आई हैं। अपूर्णता के संस्कार, असफलता के संस्कारों से अधिक गहरे घाव देते हैं। एक पूर्ण किया गया कार्य, चाहे उसका अंत दुरूखद ही क्यों न हो, उसमें ऐसी सच्चाई होती है जो शांति प्रदान करती है जबकि छोड़े गए स्वप्न में ऐसी कोई सच्चाई नहीं होती। वह चेतनाा में जीवित रहता है, अनसुलझा जो निरंतर वही प्रश्न पूछता रहता है, जिसका उत्तर देने से भय हमें रोकता है। सहज मार्ग साधना पद्धति और हार्टफुलनेस के अभ्यास में जब हम शाम की सफाई करते हैं तब हम बैठकर दिन भर के संस्कारों को पीछे से बाहर निकल जाने देते हैं। हमने जो किया, जो कहा, जो अनुभव किया, उसे हम अपने तंत्र से निकाल देते हैं। लेकिन उन संस्कारों का क्या जो न किए गए कर्मो से बनते हैं, वह संवाद, जिसे हमने टाल दिया, वह सत्य जिसे हमने कहा नहीं, वह कदम जिसे हमने उठाया नहीं, वह प्रेम जिसे हमने व्यक्त नहीं किया ये सभी अकर्म भीअपने पीछे छापें छोड़ते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्य प्राणाहुति की जीवंत धारा अल्प समय में ही निष्ठापूर्ण दैनिक अभ्यास द्वारा साधक को समाधि की अवस्थाओं तक पहुँचा देती है। यह अमूल्य विद्या कालांतर में लुप्तप्राय हो गई थी, जिसे मिशन के आदि गुरु लाला जी महाराज ने पुनः खोजकर मानवता को प्रदान किया। इस पावन परंपरा को पूज्य बाबूजी महाराज ने जनदृजन तक पहुँचाकर हृदय से हृदय तक आध्यात्मिक चेतना का वास्तविक संप्रेषण किया।पूज्य दाजी ने अभ्यासियों का आवाहन किया कि वे अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के पथ पर अग्रसर हों तथा अपने जीवन को साधना का सजीव माध्यम बनाएं। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी साधकों ने ध्यान साधना कर वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। आयोजन में उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, केंद्र प्रभारी सर्वेश चंद्रा, ए के गर्ग, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, राजगोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, सुयश सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, हर्षवर्धन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, सुरेंद्र मोहन सिन्हा, माया सिंह, अभिषेक आदि का विशेष सहयोग रहा।

### नाबालिग बेटी को भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** 23 अप्रैल की सुबह करीब सात बजे किसी काम से शाहजहाँपुर गया था। उसके दोनो बेटे मजदूरी करने गये थे। इस दौरान उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। साम को वह घर वापस आया तो देखा घर में बेटी नही थी। तलाश करने पर जानकारी हुई कि बेटी को सरोवर नगर का गुडडू पुत्र विश्राम कश्यप बहला फुसला कर भगा ले गया है। जिसमें गुड्डू के भाई घाटबाबू व रहीश का भी हाथ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।

# हीटवेब एडवाइजरीः मॉनीटरिंग को नोडल अधिकारी नामित, बांटे गए दायित्व

- स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, विद्युत विभाग समेत अन्य विभागों को दी गई जिम्मेदारी
- जिला आपदा प्रबंधन मौसम विभाग से प्राप्त हीटवेब की रिपोर्ट कराएगा प्रसारित

प्रभाकर मिश्रा

**शाहजहांपुर।** अप्रैल माह में भीषण गर्मी से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो रखा है। तेज धूप में निकलना बैठना व खुले में काम करने वाले मजदूर वर्गों को दिक्कतें आ रही है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा छोटे बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से स्कूलों का टाइम टेबल में बदलाव भी किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन की ओर जारी निर्देशों के क्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभागवार हीटवेब से निपटने के लिए व आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिम्मेदारी सौंपी गई है। शहर, तहसील व ब्लाक स्तर पर हीटवेब से बचाव, रोकथाम व जनजागरूक करने के लिए, नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। जिसमें जनपद स्तर पर एडीएम वित्त, सीएमओ, तहसील स्तर पर एसडीएम, ब्लाक स्तर पर बीडीओ, शहरी क्षेत्र नगर पालिका, नगर पंचायतों में ईओ को हीटवेब से बचाव, आमजन को पेयजलपूर्ति, लू से बचाव आदि को लेकर अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही गई है।



### विभागवार किसको क्या जिम्मेदारी

**स्वास्थ्य विभाग:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्कूलों के लिए एक विशेष हीट हेल्थ किट तैयार किया जायेगा। किट में अनिवार्य रूप से ओआरएस के पैकेट, ग्लूकोज, ठंडे पानी की पट्टियां और लू से बचाव की औषधियां शामिल होंगी। सन स्ट्रोक से बचाव के लिए आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया जाए। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं जैसे-निर्बाध बिजली आपूर्ति, बैकअप के लिए जनरेटर इनवर्टर, शुद्ध पेयजल, और कार्यशील एयर कंडीशनर-कूलर का भौतिक सत्यापन करा लिया जाए। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर एक हीटवेव हेल्प डेस्क क्रियान्वित की जाए, जहां,तैनात कर्मचारी आने वाले मरीजों को गर्मी से बचाव के तरीकों, लू के लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी दें। हीटवेव वार्डों में तैनात डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को हीट स्ट्रोक और हीट एग्जॉशन के गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करना एवं ग्रामीण स्तर के कार्यकर्ताओं को हीट-वेव के सम्बन्ध में अलर्ट जारी करना।

### शिक्षा विभाग

विद्यालयों में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गयी हीटवेव के संबंध वीडियोज बच्चों को दिखाई जाए। पैम्फलेट आदि के माध्यम से बच्चों व अभिभावकों को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक किया जाए।

### नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत

नगर निगम द्वारा जनपद के विभिन्न चैराहों पर ट्रफिक सिग्नल पर ग्रीन शेड बनाये जाये। इसके अतिरिक्त भीषण गर्मी के दृष्टिगत हथौड़ा चैराहा पर वाटर मिस्ट सिस्टम लगवाया जाए। शहरी गौशालाओं में स्मिस्ट कूलिंग सिस्टम या फॉगर्स लगाए जाएं, जो पानी की बारीक बूंदों से तापमान को कम कर सकते हैं। नगरीय क्षेत्रों के सब्जी मण्डी, चैराहो व सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था तथा नगर के दूर-दराज क्षेत्रों में पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। विभिन्न नगरीय क्षेत्रों/स्थलों पर (जहां छाया हो, लोगों का ठहराव होता हो आदि का चिन्हांकन करते हुये विभिन्न स्थलों पर प्याऊ (ग्लास सहित आदि का व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव संबंधी बैनर- पोस्टर लगाकर जागरूकता की जाए। नागरिकों, विशेषकर रिक्शा चालकों और यात्रियों को राहत पहुँचाने के दृष्टिगत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, बस स्टेशनों आदि के यात्री विश्राम गृह में पंखे लगाए जायें। इनमें ठंडे पेयजल वाटर कूलर या मटके की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। शहरी क्षेत्र के 10-15 छायादार स्थानों की जानकारी सोशल मीडिया या लाउडस्पीकर के माध्यम से दी जाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इनका लाभ उठा सकें।

> सभी विभागों को निर्देश दिए गए है कि हीट वेव को लेकर सर्तकता बरतें और सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कालेजों व सरकारी भवनों में लोगों के पीने के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था कराएं। स्कूलों बच्चों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए संस्थानों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। नगर निकायों में भी संबंधित अधिकारियों को हीट वेव से बचाव और जन जागरुकता के लिए निर्देश दिए गए है।
>
> -धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम शाहजहांपुर

### पशुपालन विभाग

पशुशालाओं में क्रॉस वेंटिलेशन हवा के आर-पार जाने की उचित व्यवस्था हो। यदि छत टिन की है, तो उस पर पुआल, घास या हीट रिफ्लेक्टिव पेंट का उपयोग करें। बड़े पशु बाड़ों में मिस्ट कूलिंग सिस्टम या फॉगर्स लगाए जाएं, जो पानी की बारीक बूंदों से तापमान को कम कर सकते है। सीधी धूप को रोकने के लिए खिड़कियों और खुले स्थानों पर गीली टाट या ग्रीन नेट का उपयोग किया जाए। पशुओं के लिए 24 घंटे ताजे और ठंडे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो। पशुओं को दोपहर के समय भारी भोजन देने के बजाय सुबह और शाम को चारा प्रदान किया जाए। लू की चपेट में आए पशुओं के तत्काल उपचार के लिए ब्लॉक स्तर पर मोबाइल वैन तैनात करायी जाए। प्रत्येक पशुशाला में बुखार उतारने वाली दवाएं और ग्लूकोज का स्टॉक अनिवार्य हो। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशु प्रबंधन पर पशुधन के किसानों के बीच जागरूकता लाने के लिए ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों को सक्रिय किया जाए। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशु प्रबंधन पर पशुधन के किसानों के बीच जागरूकता लाने के लिए ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों को सक्रिय करें।

### पूर्ति विभाग

समस्त पेट्रोल पंप, होटल और सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाए। गैर-सरकारी संस्थानों के साथ समन्वय बैठक कर पेयजल हेतु प्याऊ लगवाये जाए।

### वन विभाग

उद्यान-पब्लिक प्लेस-सार्वजनिक स्थानों में उचित वनीकरण कराया जाए। जंगल क्षेत्र में आग से बचाव के लिये उचित व्यवस्था करना एवं निरंतर निगरानी सुनिश्चित करायी जाए। वन क्षेत्र में जानवरों एवं पक्षियों के लिए तालाब एवं पानी के श्रोतों का उचित प्रबंधन कराया जाए।लोगों को जागरूक किया जाये कि छतों पर पौधे उगाने से न केवल ताजी सब्जियां मिलती है, बल्कि यह श्अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट को कम करने में भी मदद करता है। जागरूकता अभियान में सबसे पहले लोगों को इसके फायदों से जोड़ा जाए। जनपद की समस्त कालोनियों,मोहल्लों, गाँवों के लोगों को छतों पर बागवानी, सब्जी आदि उगाये जाने पर जागरूकता की जाये।

### अग्निशमन विभाग

अग्निशमन विभाग द्वारा मुख्यालय एवं तहसीलों में स्थापित उप केन्द्रों को आवश्यक संसाधनों सहित 24-7 कियाशील रखा जाये तथा अग्नि से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक करें। लू के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग की जनपद एवं तहसील व समस्त उपकेन्द्रों पर स्थापित अद्यतन संसाधनों की सूची अद्यतन कर ली जाए। आम जनमानस द्वारा दी जाने वाली सूचना हेतु समस्त उपकेन्द्रों पर स्थापित टोल फ्री नम्बर का प्रचार प्रसार एवं अद्यतन कराया जाए। जनपद में संवदेनशील बिल्डिंग यथा सरकारी भवन, अस्पताल, विद्यालय आदि में फायर सेफ्टी ऑडिट कराते हुए पूर्व से ही फायर मॉकड्रिल सुनिश्चित कर लिया जाए।

### पंचायतीराज विभाग

ग्रामीण क्षेत्रो के सार्वजनिक स्थलो, चैराहों में पानी की टंकीध् टैंकरो से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए आवश्यकतानुसार विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों ,स्थलों पर आदि का चिन्हांकन करते हुये विभिन्न स्थलों पर प्याउ लगाया जाए।

### विद्युत विभाग

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर रोस्टर के आधार पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करा ली जाए। जनमानस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर यदि किसी कारण से बिजली आपूर्ति ठप हो जाए उन क्षेत्रों में यथाशीघ्र बिजली आपूर्ति व्यवस्था कराना सुनिश्चित करायें। गर्मी को देखते हुये विद्युत कटौती के समय में परिवर्तन किया जाए।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वहीं मृतका के पीड़ित पिता ने बेटी को ससुराल में दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है । कटरा थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर परसेला निवासी विपिन वर्मा की पत्नी संतोषी वर्मा 24 की बुधवार देर शाम

- पिता ने लगाया मारपीट के हत्या का आरोप, जिला मेडिकल कॉलेज से मेमो भेजे जाने पर पुलिस ने शव लिया कब्जे में

जिला अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । मृतका के पिता थाना सेहरा मऊ दक्षिणी के गांव उटहा निवासी श्रीपाल ने बताया कि उन्होंने बेटी संतोषी की शादी करीब दो साल पूर्व मोहनपुर परसेला निवासी विपिन के साथ की थी। आरोप है कि दहेज को लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि बुधवार अपरान्ह उन्हें खबर मिली कि बेटी संतोषी की तबियत खराब है। खबर मिलने पर वह जिला अस्पताल पहुंचे तो दामाद शव को छोड़ कर भाग गया। संतोषी की मौत की खबर पर पहुंचे पिता श्रीपाल व माता मीरा देवी विलख पड़ी। उधर जिला अस्पताल से पहुंचने पर पर कटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में एमएससी रसायन विज्ञान का रिजल्ट घोषित, आकांक्षा व हिमांशी रहीं टॉपर

**शाहजहाँपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के एमएससी रसायन विज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर का परिणाम एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय ने घोषित कर दिया है। परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल रहा। विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर में आकांक्षा यादव ने 8.31 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्ष मिश्रा ने 8.08 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से पारुल और अंशिका रस्तोगी ने 7.62 एसजीपीए प्राप्त किए। प्रथम सेमेस्टर में हिमांशी प्रजापति ने 8.00 एसजीपीए के साथ पहला स्थान हासिल किया। दीपिका वर्मा 7.65 एसजीपीए के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से आरती यादव और अनमोल पांडेय ने 7.61 एसजीपीए प्राप्त किए। इस अवसर पर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, डॉ. अवनीश मिश्रा, प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार आज़ाद, प्रो. (डॉ.) अनुराग अग्रवाल, डॉ. संदीप दीक्षित, चंदन गोस्वामी तथा अमित कुमार समेत शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### पुलिस का शक्ति प्रदर्शनः भारी फोर्स के साथ पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नजर

**शाहजहाँपुर।** जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने भारी पुलिस बल के साथ थाना जलालाबाद क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों से संवाद किया तथा उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की और आमजन से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की ।अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में नियमित गश्त जारी रखी जाए और कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है। ज्ञात हो कि जनपद में हाल के दिनों में विभिन्न घटनाओं को लेकर पुलिस पहले से ही सतर्कता बरत रही है और लगातार निगरानी अभियान चला रही है।

### पुलिस की पहल रंग लाईः बिखरते रिश्ते फिर जुड़े, तीन परिवारों में लौटी खुशियां

**शाहजहाँपुर।** रिश्तों में आई दरार जब अपनों को ही दूर करने लगे, तो समय पर की गई समझाइश कई बार टूटते घरों को फिर से जोड़ देती है। ऐसा ही भावुक और सकारात्मक दृश्य मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र में देखने को मिला, जहां पुलिस की पहल से तीन परिवारों में फिर से मुस्कान लौट आई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में आपसी विवादों से जूझ रहे दंपत्तियों को बुलाकर काउंसलिंग की गई। धैर्य और समझदारी के साथ दोनों पक्षों की बात सुनी गई और रिश्तों की अहमियत समझाई गई। पुलिसकर्मियों और परामर्शदाताओं के प्रयास रंग लाए और लंबे समय से अलग रहने को मजबूर दंपत्ति अपने गिले-शिकवे भुलाकर साथ रहने को राजी हो गए। इस पहल से न केवल तीन परिवारों का बिखराव टल गया, बल्कि उनके चेहरों पर फिर से खुशियों की चमक लौट आई। परिवार परामर्श केंद्र की यह पहल समाज में एक सकारात्मक संदेश दे रही है कि संवाद और समझदारी से बड़े से बड़ा विवाद भी सुलझाया जा सकता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिवारों को जोड़ने का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके और परिवारों में खुशहाली बनी रहे।

## खतौनी दिखाकर ही यूरिया-डीएपी प्राप्त करें: किशोर

**शाहजहांपुर।** जनपद में 8482 मिट्रिक टन डीएपी एवं 25699 मिट्रिक टन यूरिया, 7894 मिट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि प्रमुख सचिव के निर्देशन में 7 बोरी प्रति हेक्टेयर यूरिया तथा 5 बोरी प्रति हेक्टेयर डीएपी की संस्तुत की गयी है। सभी कृषकों से अपील है कि खतौनी दिखाकर ही यूरिया व डीएपी संस्तुत मात्रा में ही प्राप्त करें। यदि कोई संस्तुत मात्रा से अधिक उर्वरक कय करता है तो उसको जमाखोरी मानते हुये सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। 28-अप्रैल को नोटिस जारी उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच चल रही है। यदि नियमानुसार खरीद व विकय नहीं की जाती तो संबंधित के विरुद्ध, नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही जनपद में कृभको कों द्वारा प्रतिदिन यूरिया लगभग करीब 36 डीलरों के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है। कृषक वहाँ से भी यूरिया प्राप्त कर सकते हैं।

## मिशन स्कूल रोड या अन्य मार्गों का प्रयोग करें: पार्षद



**शाहजहांपुर।** शहर के वॉर्ड भारद्वाजी क्षेत्र के छाया कुआं, संगत नाले के पास नलकूप निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य के चलते उक्त मार्ग पर कुछ दिनों के आवागमन पूर्णतः बंद किया गया है। पार्षद सीमा सारस्वत ने उक्त मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग से किसी भी प्रकार का वाहन अथवा स्वयं आवागमन न करें। यह आपकी सुरक्षा के हित में आवश्यक है। वार्ड में प्रवेश करने के लिए मिशन स्कूल रोड या अन्य मार्गों का प्रयोग करें।

## रामगंगा में बालक के डूबने की आशंका में छठे दिन भी उसका कोई पता नहीं चला

- लापता बालक के पिता ने एसपी ग्रामीण से मिलकर बालक के अपहरण की आशंका व्यक्त की

**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज़।**



परौर थाना क्षेत्र के ग्राम हैदलपुर निवासी भोगपाल के लापता हुए 11 वर्षीय पुत्र अरुण का छठे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा है। रामगंगा के किनारे लापता बालक के कपड़े और चप्पल मिलने से यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि शायद बालक रामगंगा में डूब गया है। किंतु स्थानीय गोताखोरों और राज्य आपदा मोचन बल के जवानों ने रामगंगा में बीस किलोमीटर तक मोटर बोट से बालक की तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला है। जिससे परेशान लापता बालक के पिता भोगपाल ने अपने पुत्र के अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए एसपी ग्रामीण से मिलकर बालक का पता लगवाये जाने की मांग की है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने लापता बालक के पिता को सभी एंगल से मामले को देखे जाने का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि ग्राम हैदलपुर निवासी भोगपाल का 11 वर्षीय पुत्र अरुण बीती 24 अप्रैल को अपराह्न दो बजे रामगंगा के किनारे पहलेज की फसल देखने जाने की कहकर घर से गया था। शाम तक वापस नहीं आया। तब लापता बालक के पिता ने ग्रामीणों के साथ उसकी तलाश की। तलाश के क्रम में अगले दिन उसके कपड़े और चप्पल रामगंगा के किनारे रखे मिले थे। रामगंगा के किनारे कपड़े और चप्पल मिलने से आशंका व्यक्त की जाने लगी कि बालक रामगंगा में नहाने गया होगा और गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। जिसकी सूचना परौर पुलिस को दी गई। पुलिस ने पहले स्थानीय गोताखोरों से रामगंगा में बालक की तलाश करवाई। पता नहीं चलने पर पुलिस ने राज्य आपदा मोचन बल को बुलाकर रामगंगा में बालक की तलाश करवाई। राज्य आपदा मोचन बल के जवानों ने मोटर बोट से रामगंगा में बीस किलोमीटर तक बालक की तलाश की। किंतु उसका कोई पता नही चला। छठे दिन भी लापता बालक का कोई पता नहीं चलने पर परेशान बालक का पिता एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे से मिला और बालक के अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। बालक के पिता ने बताया कि एसपी ग्रामीण ने उससे कहा है कि पुलिस हर एंगल से बालक का पता लगा रही है। शीघ्र ही परिणाम भी देखने को मिलेगा।

## शिक्षा ही प्रगति की जननी हैः आसिफ खां बब्बू

- गीता विद्या मंदिर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन मेधावी छात्रों को पूर्व विधायक ने किया सम्मानित

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप करने वाले तीन मेधावी छात्रों को गीता विद्या मंदिर इंटर कालेज में पूर्व विधायक आसिफ खा द्वारा सम्मानित किया। नगर के गीता विद्या मंदिर इंटर कालेज में मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आसिफ खा बब्बू ने कहा कि इस स्कूल के सभी छात्रों की लगनशीलता और अनुशासनशीलता बेहद सराहनीय है।उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है,जिसका उदाहरण इस स्कूल से निकले ये मेधावी छात्र हैं।इस मौके पर उन्होंने 53 वर्षों से संचालित विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन की भी सराहना की।इस मौके पर पूर्व विधायक ने बच्चों की सहूलियत के लिए ठंडे पानी की सुविधा के लिए एक फीजर की स्थापना करवाने की घोषणा की।कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक वीणा गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और प्रधानाचार्य प्रमोद गुप्ता ने स्मृति चिन्ह देकर पूर्व विधायक को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अभिभावको के साथ शिक्षकों में राजीव मिश्रा, महेंद्र सिंह, अनूप तिवारी, नम्रता, रूबी, मृदुल गुप्ता, दिनेश मिश्रा, ॠषिराम, राजकुमार सिंह, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

## मनोकामना माता मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति स्थापित, कलश यात्रा निकाली



**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद नगर क्षेत्र के मनोकामना माता मंदिर दिलेरगंज में विशाल कलश शोभा यात्रा निकालकर राधा कृष्ण की मूर्ति की विधि विधान से स्थापना की गई। बुधवार को दोपहर 12:00 बड़ी संख्या में पीले वस्त्र धारण करके महिलाएं नर्मदा स्थल पहुंची। यहां पर पूजन अर्चन के बाद महिलाओं ने कलश में जल एकत्रित किया और ढोल नगाड़े और गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल होकर स्थापना स्थल तक पहुंचीं। कलश यात्रा में महिलाएं भक्ति पूर्ण गीतों पर थिरक रही थी। यह कलश यात्रा नर्मदा स्थल से स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, सदर बाजार होते हुए स्थापना स्थल दिलेरगंज मनोकामना माता मंदिर पहुंची। जहां पर पुरोहित द्वारा विधि विधान से राधा कृष्ण की मूर्ति को स्थापित किया गया।

## गंगा एक्सप्रेसवे उद्घाटनः बसों का काफिला रवाना, गंगा एक्सप्रेसवे पर बढ़ी हलचल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरदोई के मल्लावां में आयोजित विशाल जनसभा को लेकर बुधवार को जिले में भारी गहमागहमी रही। गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से रैली में शामिल होने के लिए करीब 250 से अधिक बसों और निजी वाहनों का काफिला मल्लावां के लिए रवाना हुआ। प्रशासन ने टोल प्लाजा पर मुस्तैद रहकर पूरी व्यवस्था संभाली। रैली को लेकर जिला प्रशासन सुबह से ही सक्रिय नजर आया। गंगा एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज मार्ग और टोल प्लाजा पर सुरक्षा और सुगमता के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उपजिलाधिकारी प्रभात राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय राय और थाना प्रभारी राजीव तोमर ने स्वयं मौके पर मौजूद रहकर वाहनों की एंट्री और यात्रियों की गिनती कराई। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित न हो और काफिला सुचारू रूप से आगे बढ़े। भीषण गर्मी और लंबी यात्रा को देखते हुए तहसील प्रशासन द्वारा मानवीय पहल भी की गई। रैली में जाने वाले कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के लिए भोजन के पैकेट और शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। टोल प्लाजा के पास ही कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जो यात्रियों को राहत सामग्री उपलब्ध करा रहे थे। एक ओर जहां प्रशासन ने 500 से अधिक वाहनों को भेजने का दावा किया, वहीं दूसरी ओर कई सरकारी बसों में भीड़ अपेक्षाकृत कम नजर आई। कई बसें अपनी क्षमता से कम यात्रियों के साथ ही रवाना हुईं। हालांकि, गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद इस मार्ग पर इतनी बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही ने क्षेत्रीय राजनीतिक और प्रशासनिक सक्रियता को चरम पर पहुँचा दिया है। प्रधानमंत्री की रैली को लेकर सुरक्षा और सुविधा के सभी इंतजाम पूरे किए गए थे। टोल प्लाजा पर वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहा।

## दबंगों ने महिला को पीटा, शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**बेनीगंज/हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज अंतर्गत पुलिस चौकी कल्याणमन के रायपुर की निवासिनी पीड़िता पूनम पत्नी नरेश पासी ने 28 अप्रैल 2026 को स्थानीय कोतवाली में पुनः शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीड़िता पूनम पासी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 28 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4:00 बजे मकान बनाने वाले मसाला को रास्ते से हटाने को लेकर मेरे गांव के ही नीरज पुत्र गुंडे, नीतू पत्नी नीरज, माया पत्नी गुंडे व मोनू पुत्र गुंडे पासी मिलकर मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगे ।मना करने पर उपरोक्त दबंगों ने मुझे व मेरी सास सुंदरी तथा नंद उषा को लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे कि गंभीर चोटे आई हैं। मारपीट के दौरान मेरे कपड़े भी फट गए। उक्त दबंगों ने जान माल की धमकी देकर गांव में ना रहने की बात कहते हैं। इसी शिकायती पत्र के क्रम में पूर्ववत बीते 23 अप्रैल 2026 को भी पीड़िता ने कल्याणमल पुलिस चौकी पर तहरीर देकर बताया था कि मेरे परिवार एवं गांव के ही जेठ स्वर्गीय दीनदयाल पुत्र पीतम के द्वारा लगभग आधा बीघा खेत बटाई दिया था। जिसमें मेरे द्वारा यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए गए थे। अब दीनदयाल के देहांत पश्चात उनका लड़का चंद्रपाल पुत्र स्वर्गीय दीनदयाल,विक्रम व छोटू पुत्रगण चंद्रपाल व नीरज पुत्र गुंडे मिलकर यूकेलिप्टस पेड़ जबरदस्ती अवैध रूप से कटवा लिए, जब मैंने अपना बटाई का हिस्सा मांगा तो हिस्सा देने से साफ मना कर दिया है तथा अमादा फौजदारी होते हुए गाली गलौज करने लगे थे। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस चौकी एवं स्थानीय कोतवाली में कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी स्थानीय पुलिस ने मामले को अनदेखा कर दिया। मामला यहां तक बढ़ गया कि मामला फौजदारी में तब्दील हो गया। आखिरकार पीड़िता को चोट खाना ही पड़ा। स्थानीय पुलिस से उक्त मामले में जानकारी ली गई तो बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने मुवक्किल टाटा कैपिटल फाइनेन्स कम्पनी शाहजहाँपुर के निर्देश पर यह नोटिस दे रहा हूँ कि मेरे मुवक्किल का एक ग्राहक संजीव कुमार पुत्र गिरीश बाबू निवासी- ग्राम- याकूबपुर परगना व तहसील-जलालाबाद, जिला-शाहजहाँपुर दो कित्ता प्लाट क्षेत्रफल 83.655 वर्गमीटर स्थित ग्राम-याकूबपुर, परगना व तहसील-जलालाबाद, जिला-शाहजहाँपुर व प्लाट क्षेत्रफल 80-101 वर्गमीटर स्थित ग्राम- याकूबपुर, परगना व तहसील- जलालाबाद, जिला-शाहजहाँपुर को संजीव कुमार पुत्र गिरीश बाबू टाटा कैपिटल फाइनेन्स कम्पनी शाहजहाँपुर से लोन कराना चाहता है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित निम्नलिखित चैन डीड बैनामा दिनांक 28.06.2012 जिसकी रजिस्ट्री संख्या बही संख्या 1 जिल्द 3367 पृष्ठ संख्या-43 से 58 दस्तावेज संख्या- 4368 जोकि सुनील पुत्र ब्रजलाल के हक में श्रीमती मालती पत्नी रामवीर ने निष्पादित किया था व चैन डीड बैनामा दिनांक 05.09.2011 जिसकी कि रजिस्ट्री संख्या बही संख्या 1 जिल्द 3141 पृष्ठ संख्या 259 से 286 दस्तावेज संख्या 5899/11 जोकि श्रीमती रामलली पत्नी रामलाल के हक में श्रीमती कृपान्ती देवी पत्नी सत्यपाल ने निष्पादित किया था व चैन डीड बैनामा दिनांक 26.06.2012 जिसकी कि रजिस्ट्री संख्या बही संख्या 1 जिल्द 3365 पृष्ठ संख्या 41 से 68 दस्तावेज संख्या 4308/12 जोकि श्रीमती दन्नो पत्नी श्रीनिवास व श्रीमती सुनीता पत्नी अखिलेश के हक में श्रीमती रामलली पत्नी रामलाल ने निष्पादित किया था जोकि अन्य कागजों के साथ एक थैले में रखा था जो कि दिनाँक 27.04.2026 को अपने घर से तहसील- जलालाबाद,जिला-शाहजहाँपुर जा रहा था, रास्ते में कहीं थैला गिर गया जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। उक्त की सूचना थाने में दे दी गयी है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा बैंक या अन्य संस्थान को इसके बावत कोइ आपत्ति हो तो वह नीचे लिखे पते व मोबाइल नम्बर पर इस प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर सम्पर्क कर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी। दिनांक 18.04.2026 सतेन्द्र पाल सिंह यादव एडवोकेट डा. राजेन्द्र प्रसाद भवन चेम्बर नं. 5 जजी कचहरी शाहजहाँपुर मो.नं.- 9621238632

## पर्यावरण संकट की चुनौती

पिछली डेढ़ शताब्दी से, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक- निर्माण - शक्ति मानव के हाथ में दे दी, तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया, उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है। इसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों में देखे जा सकते हैं, किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढ़ती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं, किन्तु विज्ञान का दुरुपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों को युद्ध-विज्ञान के विकास में संलग्न कर दिया गया है। निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई ग्लोबल आउटलुक 2025 रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को उजागर करती है और अपने तौर-तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे की चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरे जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल-संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक का तापमान 2024 में बढ़कर 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जो आगे बढ़ता ही जाएगा। यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव-विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20 से 40 प्रतिशत भूभाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे।

# लोकतंत्र पर हावी चुनावतंत्र



यह आलेख लिखे जाने तक बंगाल के अंतिम चरण का चुनाव प्रचार रुक चुका है। चुनाव हर बार ज्यादा दिलचस्पी जगाते हैं, उनके नतीजों का असर सामान्य दिखने की तुलना में ज्यादा गहरा होता है लेकिन बंगाल का इस बार का चुनाव पड़ोस के असम या साथ चुनाव में उतरे तमिलनाडु और केरल से कहीं ज्यादा दूरगामी असर वाला है, इसकी विकृतियां ज्यादा बड़ी हैं। यह सब कहने का मतलब यही है कि बंगाल चुनाव के नतीजों के बाद वहां जो कोई सत्ता में आए या केंद्र में बैठे बड़े लोग हों, सबको बहुत ठंडे मन से चुनाव के पूरे क्रम और अपने कामों पर भी गंभीरता से सोचना होगा और चीजें सुधारने की तरफ कदम बढ़ाने होंगे। लेकिन यह भी लगता है कि अगर एक दशक तक गंभीरता से काम हो, तब शायद सुधार हो पाएगा। इसमें लोगों की मुस्तैदी भी जरूरी है। लेकिन आज चुनाव ऐसा बन चुका है कि चीजें कहां से संचालित होती हैं, कहना मुश्किल है और लोगों के पास एक बटन दबाने में विवेक दिखाने के अलावा ज्यादा कुछ बचा नहीं है। शायद उससे ही चमत्कार हो जाए। चुनावी खर्च मुद्दा नहीं रह गया है और बंगाल चुनाव में भी ज्यादा बड़ा मुद्दा हो, लगा नहीं। अदने से विधायक हुमायूं कबीर को हजार करोड़ रुपए देने की पेशकश और उनका कबूलनामा भी मुद्दा नहीं बन पाए। बाकी कितना पैसा पकड़ा गया, कितनी शराब जब्त हुई, टाइप सूचनाओं से तो अब खर्च का हिसाब नहीं लगता। सभी दलों के मंडराते दर्जनों हैलीकाप्टर या चार्टर्ड विमानों का चुनावों पर कितना खर्च आया होगा, यह सोचा जा सकता है। हां इस बार बंगाल में बाहर से बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों में गए वोटर ढोकर लाए गए, उसकी चर्चा जरूर हुई। पर हिंसा के मामले में तृणमूल कमजोर पड़ी हो, यह कहना मुश्किल है। भाजपा ने अपने भर प्रयास किया। और चाहे केन्द्रीय बलों की ताकत से हो या जैसे भी, लेकिन चुनाव अगर हिंसा से मुक्त हों, या इस बार पहले की तुलना में कम हिंसा हुई हो तो उसका स्वागत किया जाना चाहिए। टिकट बाहुबलियों को दिए गए। यह क्या है और इसके पीछे की मंशा क्या है, यह समझना आसान नहीं है। पर बंगाल चुनाव में हिंसा की परंपरा बनाने में वाम दलों की भी भूमिका रही है। और अगर कभी बिहार के चुनाव हिंसा के लिए बदनाम थे तो आज वह बदल चुका है। लेकिन बंगाल में चुनाव देश भर में सबसे ज्यादा हिंसक क्यों हैं, इस पर ममता बनर्जी और अधीर रंजन चौधरी को भी सोचना होगा। इस बार बंगाल चुनाव मतदाता सूची के विशेष संशोधन अभियान को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा में रहा और आखिरी दिन तक अदालती आदेश से वोट का हक पाने की उम्मीद लगाए लाखों वोटर मायूस हुए। योगेंद्र यादव का कहना है कि अक्तूबर 2025 को, अर्थात इस अभियान के शुरू होने से पहले राज्य की वयस्क आबादी 7.67 करोड़ थी और राज्य में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़। साफ है कि यहां ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले 58 लाख नाम काटे और फिर 60 लाख नामों पर 'लाजिकल डिस्क्रिपैंसी' का लाल झंडा गाड़ दिया गया। इनमें से ज्यादातर वोट के अधिकार से वंचित हुए। किस-किस तरह की गलतियां सामने आईं, यह गिनवाना बहुत होगा लेकिन जब लोग कलैक्टर को घेरने तक पहुंच गए, तब भी मामले को एकतरफा रखा गया। अदालती दखल भी चुनाव आयोग की तरफ झुका था। और जब इसी क्रम में ई.डी. के इस्तेमाल और सीधे मुख्यमंत्री द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया तो फिर इस सारे शुद्धिकरण अभियान की गंदगी जिसे न दिखी हो, वही अंधा कहलाएगा। हर राज्य में नामों में कतर-ब्योंत हुई, लेकिन बंगाल की तरह कहीं नहीं हुई। और यही कारण रहा कि ममता शासन के 15 साल का रिकार्ड और उससे पैदा नाराजगी के मुख्य चुनावी मुद्दा बनने की जगह मतदाता सूची का शुद्धिकरण ही मुख्य मुद्दा बन गया। पता नहीं इससे ममता को लाभ होगा या भाजपा की मंशा इस बार पूरी हो जाएगी, यह 4 मई को साफ होगा।बंगाल जीतने की तमन्ना भाजपा के नेताओं के अंदर इस कदर हावी रही है कि उन्होंने सब कुछ किया और ममता बनर्जी ने भी जवाब देने में कमी नहीं की। इससे पहले चुनाव में मातुआ के नाम पर बंगाल के शांत समाज में जाति की फूट पैदा करने की कोशिश हुई तो उससे पहले हिन्दू-मुसलमान ध्रुवीकरण का प्रयास हुआ। इन दोनों से नुकसान हुआ और अभी तक उसका असर है। लेकिन इस बार संसाधनों की बर्बादी और हिंसा के साथ एस.आई.आर. के नाम पर जो हुआ, वह लोकतंत्र पर तो कहीं भारी नहीं है। नाम काटना सिर्फ किरानीगीरी वाली भूल नहीं है। और जो यह कर-करा रहे हैं, उनको यह सब मालूम है। फिर भी यह हो रहा था, यही सबसे दुखद है। काश चुनाव के बाद चीजें सुधरें।

# चुनावी हिंसा रोकने में नाकाम आयोग

पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे और आखिरी दौर के मतदान से पहले भाजपा और चुनाव आयोग पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल दूसरे चरण से पहले चुनाव आयोग ने उत्तरप्रदेश के आईपीएस अधिकारी और काउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले अजय पाल शर्मा को दक्षिण 24 परगना जिले का नया पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के फौरन बाद अजय पाल शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वे फाल्टा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर के घर के पास खड़े हुए हैं और कहते हैं जहांगीर के घर वाले खड़े हैं, उसको बता देना कि कायदे से रहे... यह बार-बार जो खबर आ रही है कि जहांगीर के लोग धमका रहे हैं, तो फिर अच्छे से खबर लेंगे, फिर बाद में रोना और पछताना मत...। अजय पाल शर्मा की इस भाषा और धमकी पर तो सवाल उठ ही रहे हैं, कुछ पूर्व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चुनाव निरीक्षक का काम चुनाव आयोग की आंख और कान की तरह काम करना है, लेकिन उसमें मुंह बंद रखना होता है। यानी ऐसे सरेआम किसी का नाम लेकर धमकाना सही नहीं है। अजय पाल शर्मा की नियुक्ति पर एक तरफ टीएमसी ने सवाल उठाए, तो वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें संभल और रामपुर में भाजपा का परखा हुआ एजेंट कहकर बता दिया है कि इस नियुक्ति के पीछे राजनैतिक दबाव काम कर रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो चुनाव आयोग को इस पर फौरन सफाई देनी चाहिए। क्योंकि लगातार प.बंगाल में आयोग की कामकाज की शैली पर सवाल उठ रहे हैं। जैसे चुनाव आयोग ने सोमवार, 27 अप्रैल को ही श्उपद्रवियोंश् की एक नई सूची जारी की थी, जिसमें दूसरे दौर की 142 विधानसभा सीटों में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हजारों लोगों के नाम शामिल हैं। इन सभी सीटों पर बुधवार को मतदान होना है। चुनाव आयोग द्वारा जारी इस सूची को एहतियाती कार्रवाई या हिरासत में लेने के अनुरोध के साथ जारी किया गया है। इसी तरह इस बार के चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए चुनाव आयोग ने केन्द्रीय बलों की 2400 कंपनियां यानी करीब 2.4 लाख जवानों को तैनात किया है, जबकि लोकसभा चुनाव के लिए सभी 543 सीटों पर 3400 कंपनियां तैनात की गई थी। इसके बावजूद राज्य में हिंसा की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। सोमवार को टीएमसी की महिला और अनुसूचित जाति से आने वाली सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। पत्थर बरसा कर उनकी कांच के शीशे तोड़े गए, जिसमें वो और उनका ड्राइवर दोनों घायल हुए हैं। टीएमसी का आरोप है कि हमला भाजपा के लोगों ने करवाया। एक पोस्ट में टीएमसी ने लिखा भी कि अमित शाह ने कहा था कि टीएमसी के लोगों को उल्टा लटका देंगे और अब ये हमला हुआ है। टीएमसी का ये भी आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर तैनात जवान और पुलिस निरीक्षक आधी रात को छापे मार रहे हैं, रात के सन्नाटे में आम नागरिकों और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के घरों में जबरदस्ती घुस रहे हैंय वे परिवारों को आतंकित कर रहे हैं, मतदाताओं को डरा-धमका रहे हैं। वहीं मिताली बाग पर हुए हमले के बाद सागरिका घोष ने सवाल उठाया है कि क्या यही भाजपा की नारी शक्ति के सम्मान की हकीकत है। हालांकि ऐसा ही हमला गोगहाट में भाजपा प्रत्याशी प्रशांत दिगार की गाड़ी पर भी किए जाने का आरोप लगा है। उनकी कार के शीशे तोड़ दिए गए। भाजपा ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। इससे तीन दिन पहले एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या भी हो गई। इन हालात में सवाल ये है कि चुनाव आयोग के दावों का क्या हुआ। याद रहे कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया था कि इस बार चुनाव में न छप्पा यानी फर्जी वोटिंग होगी और न ही बूथ जैमिंग यानी बूथ पर कब्जा होने दिया जाएगा। आयोग का कहना है कि निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र की असली पहचान है और 2021 जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। इस बार चुनाव आयोग की रणनीति पूरी तरह बदली हुई है।

विचार

# केजरीवाल की विचारहीन राजनीति का यही अंजाम होना था



निहित स्वार्थों से प्रेरित कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया के भरपूर समर्थन से परवान चढ़े एक विचारहीन और अराजक आंदोलन से पैदा हुई आम आदमी पार्टी का यही हश्र होना था, जो अभी हो रहा है। यह सही है कि आम आदमी पार्टी के विभाजन यानी राज्यसभा में उसके 10 में से 7 सांसदों को तोड़कर अपने पाले में लाने के काम को भाजपा ने अपने कुख्यात ऑपेशन लोटस के जरिये अंजाम दिया है, जिसमें हमेशा की तरह उसने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग का भी इस्तेमाल किया है। मगर आम आदमी पार्टी की इस स्थिति के लिए मूलतः उसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने राज्यसभा के लिए अपने जैसे ही विचारहीन और सिद्धांतहीन लोगों का चयन किया था। इस सिलसिले में उन पर राज्यसभा के टिकट बेचने और अपने सजातीय लोगों को उपकृत करने के आरोप भी लगे। दरअसल डेढ़ दशक पहले 2011 में जब तथाकथित गांधीवादी अण्णा हजारे को भ्रष्टाचार के विरोध का प्रतीक पुरुष बना कर दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन किया जा रहा था, तब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा उस आंदोलन की तुलना अरब स्प्रिंग और काहिरा (मिस्र) के तहरीर चौक पर हुई क्रांति से कर रहा था। कॉरपोरेट घरानों से पोषित टेलीविजन चौनलों पर उस आंदोलन का 24 घंटे सीधा प्रसारण हो रहा था। अरविंद केजरीवाल उस आंदोलन के मंच से राजनीतिक दलों और नेताओं को चोर, बेईमान और भ्रष्ट करार देते हुए राजनीति से अपनी नफरत का इजहार कर रहे थे। उनके तेवरों को देखते हुए कोई नहीं कह सकता था कि जिस राजनीति को यह व्यक्ति पानी पी-पीकर कोस रहा है, कुछ ही महीनों बाद यही व्यक्ति उसी राजनीति का एक महत्वपूर्ण किरदार बन जाएगा। टीवी चौनलों में कार्यरत कुछ पत्रकार तो केजरीवाल में दूसरा चे ग्वारा और अण्णा हजारे में दूसरा गांधी तक देखने लगे थे। मगर चंद महीनों बाद ही अण्णा हजारे से अलग होकर केजरीवाल ने अपने साथियों के साथ सक्रिय राजनीति में उतरने का ऐलान कर दिया। आंदोलन की कोख से जन्मी उनकी आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के खिलाफ शहरी मध्य वर्ग के गुस्से का प्रतिनिधित्व करती हुई एक विद्रोही पार्टी माना गया, जिसका गर्भधारण सड़कों पर विरोध-प्रदर्शनों से हुआ था। राजनीति को हिकारत से देखने वाले केजरीवाल इस पार्टी के माध्यम से राजनीति में आए और छा भी गए। तब केजरीवाल, उनके साथियों, प्रशंसकों और मीडिया के भी एक बड़े हिस्से ने आम आदमी पार्टी के उदय को एक नई राजनीति के रूप में पेश किया था। हालांकि आजाद भारत के राजनीतिक इतिहास से और राजनीति को पर्दे के पीछे से संचालित करने वाली ताकतों से परिचित लोग तब भी इस नयेपन की हकीकत से बाखूबी वाकिफ थे। अण्णा-केजरीवाल के आंदोलन को काफी कुछ बौद्धिक ऊर्जा उस विवेकानंद फाउंडेशन से मिली थी, जो व्यावहारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का थिंक टैंक है। उस आंदोलन के लिए सभी जरूरी साधन-संसाधन जुटाने में भी संघ का परोक्ष सहयोग था। आंदोलन के दौरान भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ केजरीवाल और उनके साथियों की बैठकें भी होती थीं। हालांकि आम लोगों के सामने भी इस श्नयेपन की राजनीति को उजागर होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा, जब 2014 आते-आते उस आंदोलन से जुड़े कुछ प्रमुख चेहरे भाजपा से जुड़ते गए और केंद्र में उसकी सरकार बनने पर ऊंचे-ऊंचे पदों को प्राप्त हो गए। अण्णा-केजरीवाल का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन और आम आदमी पार्टी के उदय की परिघटना इस लिहाज से भी गौरतलब थी कि अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों की मदद से फल-फूल रहे गैर सरकारी संगठनों व एनजीओ ने जन-आंदोलनों की धार कुंद करते हुए आक्रामक तेवर के साथ राजसत्ता तक अपनी पकड़ मजबूत करने की मुहिम तेज कर दी थी। देशी-विदेशी कॉरपोरेट घरानों की हमदर्द इन एजेंसियों के सिपहसालार आम जनता की बदहाली और बेसब्री का फायदा उठाते हुए उसे यह समझाने में जुट गए कि भ्रष्टाचार, गरीबी और महंगाई जैसी दुश्वारियों से निजात पाने के लिए किसी विचार की जरूरत नहीं है। ऐसा समझाने वालों में खुद अरविंद केजरीवाल भी थे। फिर भी यह सच है कि इतना सब कुछ उजागर होने के बावजूद केजरीवाल दस साल मुख्यमंत्री भी रह लिए। इस दौरान एक विरोधाभासी नारा भी लगा- मोदी फॉर पीएम-केजरीवाल फॉर सीएम। इस नारे के अनुरूप केंद्र में मोदी की सरकार बनी और दिल्ली में केजरीवाल की। यह हैरानी की बात है कि एक ही मतदाता ने एक ही समय में दो अलग-अलग तरह की धाराओं में तैरने वालों को एक साथ कैसे चुन लिया? जाहिर है कि दोनों किरदारों के बीच दिखने वाला फर्क आभासी ही था। राजनीति को संभावनाओं का खेल माना जाता है तो केजरीवाल संभावनाओं की पैदाइश है । उनके पास अपनी राजनीति का कोई मौलिक विचार नहीं है। उन्होंने अपने को भाजपा से भी बड़ा हिंदुत्ववादी दिखाने के लिए कई हास्यास्पद उपक्रम किए। देश की अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए करेंसी नोटों पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीरें छापने जैसी मूर्खतापूर्ण मांग भी उन्होंने की। अपने को हनुमान भक्त बताया और लोगों को सरकारी खर्च पर अयोध्या सहित तमाम तीर्थस्थलों की यात्राएं भी कराईं। कोरोना महामारी के दौरान भाजपा की तर्ज पर तब्लीगी जमात के जरिए मुसलमानों को बदनाम करने में भी उनकी सरकार ने कोई कोताही नहीं की और दिल्ली में दंगों के दौरान भी उनकी सरकार व पार्टी पीड़ितों के साथ न खड़ी होकर पुलिस के साथ और प्रकारांतर से केंद्र सरकार व भाजपा के साथ खड़ी दिखी। अनुच्छेद 370, राम मंदिर, रोहिंग्या और बांग्लादेशी, नागरिकता कानून जैसे मुद्दों पर भी केजरीवाल भाजपा के साथ रहे। फिर जब उन्हें सुविधाजनक लगा तो वह कांग्रेस के साथ चले गए। दिल्ली में पहली बार सरकार बनाने के लिए उस कांग्रेस से भी समर्थन लेने में उन्हें कोई संकोच नहीं हुआ, जिसकी 15 साल पुरानी सरकार को उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हराया था। यह सब करना उनके लिए इसलिए आसान था क्योंकि उन पर विचारधारा का कोई बोझ नहीं था। यही वजह रही कि कई मौकों पर उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर अपने को बापू के प्रति आस्थावान दिखाया तो मौका आने पर अपनी पार्टी और सरकार के दफ्तरों से गांधीजी की तस्वीरें हटाकर उनकी जगह भगत सिंह और डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की तस्वीरों का इस्तेमाल करने लगे। इस समय भी वे अदालती लड़ाई लड़ते हुए अपने को गांधी मार्ग का अनुगामी बता रहे हैं।

साहित्य



## नए ज़िम्मेदार ऑनलाइन गेमिंग इकोसिस्टम का निर्माण

**श्री एस. कृष्णन**

ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक राष्ट्रीय ढाँचा स्थापित करने की दिशा में भारत की पहल अवसर और जोखिम के संगम से उत्पन्न हुई है। बीते एक दशक में डिजिटल गेमिंग का तेजी से विस्तार हुआ है, जिसे बड़े पैमाने पर स्मार्टफोन अपनाने, किफायती इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीक का उपयोग करने और उस पर निर्भर रहने वाली युवा आबादी का समर्थन मिला है। इस विकास ने नवाचार, कौशल विकास, रचनात्मक उद्योगों और रोजगार सृजन के लिए सार्थक अवसरों का सृजन किया है । मनोविनोद के लिए गेमिंग और संगठित प्रतिस्पर्धी प्रारूपों ने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता भी प्रदर्शित की है।



# राशिफल

**मेषः**- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभः**-भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**मिथुनः**-भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः**-महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंहः**-किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः**-नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः**- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिकः**- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः**- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः**-सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः**- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः**- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों को अधिकृत करने की एक और कोशिश

केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ दिल्ली नगर निगम ने 1731 में से 1511 अनधिकृत कालोनी के करीब दस लाख परिवार को मालिकाना हक देने का फैसला किया है। दिल्ली की अधिकांश जमीन का मालिकाना हक दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पास है। केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ 21 अप्रैल को साझा संवाददाता सम्मेलन करके इसकी जानकारी दी। इससे पहले 23 अक्तूबर, 2019 को तत्कालीन केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि प्रधानमंत्री उदय योजना के तहत नाम मात्र का शुल्क लेकर कुछ अपवाद को छोड़ कर सरकारी और निजी जमीन पर बनी कालोनियों को निवासियों को मालिकाना हक देकर उसे नियमित किया जाएगा। उसी की अगली कड़ी में मनोहर लाल खट्टर और दिल्ली की मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की। यह भी कहा कि जहां है, जैसा है -के आधार पर कालोनियां नियमित की जाएगी। देशभर से रोजगार और बेहतर भविष्य की तलाश में दिल्ली आने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिल्ली को विकसित करने की जिम्मेदारी लेने वाली डीडीए इस काम में कब की फेल हो चुकी है। डीडीए लोगों को रहने के लिए घर देना तो दूर अपनी जमीन की हिफाजत तक नहीं कर पाई। डीडीए की हजारों एकड़ जमीन पर भू-माफिया सरकारी कर्मचारियों और नेताओं के साथ मिलकर लगातार अनधिकृत कालोनी बसा रहे हैं। पहले तो नेता ऐसे लोगों को वोट और नोट के लिए संरक्षण देते थे, अब तो अनेक माफिया चुनाव जीत कर निगम पार्षद, विधायक और सांसद बनने लगे हैं। वोट की राजनीति में कोई भी दल किसी भी अनधिकृत कालोनी को तोड़ने की हिम्मत नहीं कर सकता है। आज तक इस तरह की कालोनी को बसाने वाले एक भी भू-माफिया पर कारवाई नहीं हुई है। यही हाल अवैध झुग्गियों का है। यह नियम बन गया है कि किसी झुग्गी परिवार को बिना वैकल्पिक जगह दिए नहीं हटाया जाएगा। बावजूद इसके दिल्ली के मुख्य इलाकों से हटाकर दिल्ली की सीमा पर बसाने पर भी विवाद होता रहा है। पूर्व नौकरशाह और केन्द्र सरकार में मंत्री रहे जगमोहन को 2004 के लोकसभा चुनाव में झुग्गी हटाने को मुद्दा बना कर हरा दिया। खुद जगमोहन का कहना था कि उनके खिलाफ कांग्रेस के ही नहीं भाजपा का एक वर्ग सक्रिय था। जबकि वास्तव में झुग्गी बस्तियों को व्यवस्थित तरीके से नए स्थान पर बसाने और यमुना नदी में गंदगी जाने से रोकने का जैसा अभियान जगमोहन ने शुरु किया था, वैसा उसके बाद अभी तक दोबारा नहीं हो पाया। करीब 365 गांव की जमीन पर 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली बसी है। 1911 में राजधानी बनने के बाद इसका आखिरी बार विस्तार 1911 में हुआ जब मेरठ जिले के यमुना पार के 65 गांव दिल्ली के इलाके में शामिल किए गए। पहली संपन्न दिल्ली आज की सिविल लाइंस और उत्तरी दिल्ली है जो पुरानी दिल्ली से लगा हुआ था। अंग्रेजों ने नई दिल्ली यानी लुटियन दिल्ली बनाई। देश के विभाजन के समय पाकिस्तान से आए विस्थापितों को आज के दक्षिणी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली के लाजपत नगर, राजेन्द्र नगर आदि कालोनियां में सरकार ने प्लाट देकर बसाया। उन्होंने अपने उद्यम से दक्षिणी दिल्ली को सबसे समृद्ध इलाका बना दिया। रोजगार आदि के लिए देश के दूसरे राज्यों से लोगों का आना हर रोज बढ़ता ही गया। भू-माफिया ने नेताओं, सरकारी कर्मचारियों और पुलिस से मिलीभगत करके गांवों की खाली जमीन पर अनधिकृत कालोनी और झुग्गियां बसाने का अभियान चलाया। उन्हें नोट मिले और नेताओं को नोट के साथ वोट भी मिले। दिल्ली को विकसित करने के लिए 1957 में बनाया गया दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी भूमिका कभी पूरी नहीं की।उसके अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार के खेल में अव्वल भूमिका निभाते आ रहे हैं। जरूरतमंदों को उचित कीमत पर घर देने के बजाए अपनी जमीन पर अवैध कालोनी बसाने में सहयोगी बने रहे। यह कैसे संभव है कि हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा हो गया और डीडीए के अधिकारियों को इसका पता नहीं चला। पहली बार कांग्रेस ने अपना वोट बैंक पक्का करने के लिए 1071 में 54 कालोनियां को नियमित किया। इसमें कांग्रेस नेता हरकिशन लाल भगत ने यमुना पार की लक्ष्मीनगर, शकरपुर आदि कालोनियों को नियमित करवाया। यही काम बाहरी दिल्ली में सज्जन कुमार ने कराए। झुग्गी वालों को जेजे कालोनी में मकान देने के अलावा यमुना पार और बाहरी दिल्ली में मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, नंदनगरी, सीलमपुरी, गोकुलपुरी इत्यादि अनेक पुनर्वास कालोनी बसा दी। 1976-77 में आपातकाल में लोगों की नाराजगी दूर करने के लिए 514 रुपए प्रति वर्गमीटर विकास शुल्क देकर 607 कालोनियों के नियमित करने की घोषणा की गई। वास्तव में 567 कालोनियां ही नियमित हो पाई और वह भी बिना विकास शुल्क के। कांग्रेस नेता चतर सिंह कहते हैं कि 1977 में तो इन कालोनियों के निवासियों ने जनता पार्टी को वोट किया लेकिन बाद में लंबे समय तक कांग्रेस के साथ रहे। इन्हीं नियमित और अनियमित अनधिकृत कालोनियों और पुनर्वास बस्तियों के निवासियों के बूते ही महानगर परिषद के आखिरी चुनाव में कांग्रेस जीती। उस चुनाव के बाद भाजपा नेता मदनलाल खुराना ने पहली बार इन बस्तियों में भाजपा के लिए राजनीतिक जमीन तैयार की। इसी बीच में दिल्ली को विधानसभा मिली और 1993 में विधानसभा का पहला चुनाव हुआ। चुनाव में भाजपा जीती और मदनलाल खुराना मुख्यमंत्री बने। अपने वायदे के हिसाब से एरियल सर्वे करवाकर 1071 कालोनियों को नियमित करने की विधानसभा में घोषणा की। एक तो केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी और दूसरे जैन हवाला कांड में नाम आने पर खुराना ने इस्तीफा दे दिया। फिर साहिब सिंह और आखिरी चार महीने सुषमा स्वराज मुख्यमंत्री रही। बिना कालोनी नियमित किए भाजपा सरकार की 1998 में विदाई हो गई। दिसंबर 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई में कांग्रेस की दिल्ली में सरकार बन गई। इस बीच में कालोनियों की संख्या बढ़ गई। पहले भू-माफिया नेताओं को साथ लेकर अवैध कालोनी बसाते थे। अब तो कालोनी बसाने वालों में कई पैसे के बल पर विधानसभा पहुंच गए। एक समय ऐसा आया कि दिल्ली की कांग्रेस सरकार के शहरी विकास मंत्री डाक्टर अशोक कुमार वालिया को उनके ही दल के विधायकों ने विधानसभा में बयान नहीं देने दिया। उन्होंने सदन में बताया कि जिन 1071 कालोनी की सूची तैयार की गई है उनमें से 762 के ही ले आउट प्लान और फाइल उपलब्ध हो पाया है। बाद में यह संख्या 810 हो पाई यानी करीब ढाई सौ कालोनी का वजूद दी नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे कार्यक्रम को लेकर कड़ी सुरक्षा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात



**सवायजपुर हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सवायजपुर थाना क्षेत्र के रूपापुर चौकी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद नजर आई। बुधवार को सवायजपुर थाना क्षेत्र के रूपापुर स्थित गंगा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा से लेकर पाली-रूपापुर मार्ग तक भारी पुलिस बल की तैनाती की गई।सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए थाना प्रभारी सवायजपुर प्रिंस कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मी हर संवेदनशील बिंदु पर मुस्तैद रहे। मुख्य मार्गों, चौराहों और कार्यक्रम स्थल के आसपास कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की संभावना को पूरी तरह खत्म किया जा सके। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार और रूपापुर चौकी इंचार्ज अतुल गुप्ता स्वयं लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। गंगा एक्सप्रेसवे और उससे जुड़े संपर्क मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती गई, वहीं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय रहीं।स्थानीय प्रशासन और पुलिस की इस सख्ती के चलते पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना रहा और कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया।थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि कौंसिया मंदिर के पास उप निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे वही रूपापुर पाली मार्ग पर उप निरीक्षक रामशरण सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### सर्राफा व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



**फतेहपुर।** सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी चौक की दुकान बंद करके पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक से मिले। इस दौरान इन लोगों ने कहा की आभूषण व्यवसाय में गिरवी आधारित पुराने ऋण लेनदेन से संबंधित विवादों में हाल के समय में अत्यधिक वृद्धि हुई है। विशेष रूप से सोने और चांदी की कीमतों में असाधारण वृद्धि के कारण वर्षों पूर्व पूर्ण हो चुके या निष्क्रिय पड़े लेनदेन को अब पुनः विवादित किया जा रहा है। जिससे व्यापारियों को अनावश्यक कानूनी आर्थिक और प्रतिष्ठागत संकट का सामना करना पड़ रहा है। इन लोगों ने कहा की ऋण दाताओं द्वारा समय-समय पर ब्याज भुगतान अथवा गिरवी वस्तु की वापसी हेतु सूचना दी गई किंतु ऋणियों द्वारा वर्षों तक कोई प्रत्युत्तर या भुगतान नहीं किया गया अनेक मामलों में ऋणियो ने पूर्व में स्वयं गिरवी वस्तु वापस लेने से स्पष्ट इन्कार किया क्योंकि उस समय वस्तु का मूल्य मूलधन एवं ब्याज से कम था। इन लोगों ने कहा अनेक मामलों में बिना प्रारंभिक जांच बिना अभिलेखों के परीक्षण तथा बिना ऋण दाता का पक्ष सुने सीधे एफआईआर दर्ज की जा रही है या दबाव पूर्ण हस्तक्षेप किये जा रहे हैं। यह न केवल विधिक प्रक्रिया का उल्लंघन है बल्कि न्यायिक संतुलन के सिद्धांत के विपरीत है। इन लोगों ने यह भी कहा कि पुलिस बिना किसी पूर्व नोटिस के सीधे व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचती है और कई मामलों में दबाव पूर्ण कार्य भी करती है। इन लोगों ने मांग किया की वर्तमान स्थिति में इस विषय में तत्काल स्पष्ट और बाध्यकारी दिशा निर्देश जारी की जाए ताकि भविष्य में बिना जांच बिना नोटिस और बिना विधिक आधार के व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का आवश्यक दबाव न डाला जाए इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में उमेश सोनी, अमित रस्तोगी, सोनू गुप्ता, रज्जन गुप्ता, अमित रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, मोनू रस्तोगी, मनोज रस्तोगी, श्याम रस्तोगी, योगेश चंद्र रस्तोगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### गल्ला मंडी के सामने दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक गंभीर घायल



**कालपी (जालौन)।** हाईवे पर गल्ला मंडी के सामने बुधवार को दो चार पहिया वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में झांसी से उन्नाव जा रहे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, हाईवे पर बढ़ते हादसों को रोकने के लिए वन-वे व्यवस्था लागू है, लेकिन इसके बावजूद कई वाहन चालक जल्दबाजी में नियमों का उल्लंघन कर देते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अर्टिगा कार (संख्या यूपी 78 ईके 8384) उरई की ओर से आ रही थी, तभी बोलेरो (संख्या यूपी 77 एएच 1843) गलत दिशा से उसी मार्ग पर आ गई, जिससे दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। बताया गया कि बोलेरो सवारों को मामूली चोट आई और वे वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए, जबकि अर्टिगा में सवार दो युवक बुरी तरह फंस गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। घायलों की पहचान अभय मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा और विशाल तिवारी पुत्र पंकज तिवारी निवासी शुक्लागंज (उन्नाव) के रूप में हुई है, जो झांसी से अपने घर लौट रहे थे। मौके पर मौजूद डॉक्टर शेख शहरयार के अनुसार, दोनों युवकों के पैर टूट गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। **रेफर के बाद अस्पताल में तड़पते रहे घायल:** हादसे के बाद दोनों घायलों को डायल 112 द्वारा सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि इस प्रक्रिया में लगभग एक घंटे का समय लग गया, जिससे उचित इलाज में देरी हुई और घायल दर्द से तड़पते रहे। डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने समय से पुलिस को सूचना दे दी थी।

### कालपी में जनगणना प्रशिक्षण संपन्न, 892 कार्मिक हुए तैयार



**कालपी (जालौन)।** बुधवार को तहसील क्षेत्र में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त हो गया। 9 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में कुल 892 कार्मिकों को तैयार किया गया। समापन अवसर पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने सभी कार्मिकों को राष्ट्रीय कार्यक्रम की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार मई माह में जनगणना कार्यक्रम का प्रथम चरण शुरू होगा, जिसमें भवनों की सूची बनाकर उनकी गणना की जाएगी। इस बार जनगणना पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से कराई जाएगी, जिसके लिए शिक्षकों को प्रगणक के रूप में नियुक्त किया गया है। प्रशासन ने इसकी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थीं। तहसील क्षेत्र को 556 सेक्टरों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक प्रगणक को लगभग 150 घरों का डाटा एकत्र करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशिक्षण 21 अप्रैल से एमएसवी इंटर कॉलेज में शुरू हुआ था, जिसमें तीन चरणों में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गयाकृपहले चरण में 300, दूसरे में 296 और तीसरे में भी 296 कार्मिक शामिल रहे। समापन कार्यक्रम में एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके आधार पर विकास योजनाएं तैयार होती हैं। उन्होंने कार्मिकों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान नायब तहसीलदार चन्द्रमोहन शुक्ल, मुकेश कुमार ने भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### जनपद पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में प्रभारी यातायात सुनील कुमार द्वारा मय यातायात पुलिस टीम के साथ सघन चेकिंग/जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों की गहन जांच करते हुए आवश्यक सुरक्षा उपकरणों, वाहन की फिटनेस, ड्राइवर के वैध ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। जांच के दौरान पाए गए उल्लंघनों पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों एवं संबंधित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करते हुए सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। महोबा पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# जिला बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण संपन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षा ग्रह में जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला जज सुधीर कुमार एवं प्रधान न्यायाधीश राजेश उपाध्याय, जिला जज एमएसीटी शिवचंद ने भाग लिया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर बैज अलंकरण कर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया तो वही जिला चुनाव अधिकारी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव एवं महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा को शपथ दिलाई इसके बाद नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद तिवारी, मंजुला राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पा देवी मौर्य, आदित्य शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रशासन सतीश शर्मा, संयुक्त सचिव प्रकाशन छाया देवी, संयुक्त सचिव पुस्तकालय अविनाश कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य अनंत नारायणन दुबे, हृदय राम श्रीवास्तव, दीप चंद्र त्रिपाठी, सुनील कुमार साहू, महाप्रसाद दुबे, राजेश सिंह गौतम, कनिष्ठ सदस्य ऐश्वर्या श्रीवास्तव, आयशा शहाब, नेकेता सोनकर, साविस्ता बानो, सुमित सिंह, सनत कुमार निषाद को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा का असलम शेर खान एडवोकेट के नेतृत्व में 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया तो वही सदब खान ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव व महामंत्री अनुराग नारायण मिश्र ने कहा पूरी कमेटी को साथ लेकर अधिवक्ता हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, निवर्तमान अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, महामंत्री जितेंद्र सिंह गौतम, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगनायक सिंह यादव, वसीम अंसारी, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन यादव, अशोक यादव, शुघर लाल यादव, नरोत्तम सिंह, कुंवर अरुण कुमार, शरद तिवारी, सिद्धार्थ दीक्षित, प्रवीण दुबे, सुशील मिश्रा, प्रमोद रायजादा, हंसराज सिंह, केपी सिंह, मो आसिफ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, महिला गंभीर रूप से घायल

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के हाईवे पर हरियाली बाजार के पास तेज रफ्तार कार चालक की आंख लग जाने की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कार में सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। अनिल कुमार निवासी मुंडा धामू लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। जयपुर में काम करता है और परिवार के साथ रहता है। अपनी पत्नी आरती को लेकर जयपुर से कार द्वारा अपने घर जा रहा था। बुधवार की सुबह 6:00 बजे अचानक उसकी आंख लग गई और कार नियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसकी पत्नी आरती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को तत्काल सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

### दस बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला महमंद में मंगलवार की रात्रि 9:00 बजे आतिशबाजी की चिंगारी से काटकर एकत्रित की गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अनीस के अनुसार उसने अपनी 10 बीघा गेहूं की फसल काटकर एकत्रित कर दी थी। थ्रेसर का इंतजाम कर रहा था। अचानक आतिशबाजी की चिंगारी उसकी एकत्रित गेहूं की फसल पर गिर गई जिससे उसका गेहूं पूरी तरह से जलकर राख हो गया। गेहूं जलने की सूचना तहसील प्रशासन को दी गई लेकिन समाचार प्रकाशन तक तहसील से कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर मौका मुआयना करने के लिए नहीं पहुंचा। अनीश दाने-दाने को मोहताज हो गया है।

# पीड़िता से मिलने जा रहे भाजपा प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन ने रोका

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के नेतृत्व में खागा पीड़िता से मिलने जा रहे प्रतिनिधि मंडल को प्रशासन द्वारा रोका गया, खागा उपजिलाधिकारी अविनीत सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय द्वारा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, खागा विधायक कृष्णा पासवान, राजेंद्र पटेल, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, सहित सभी जिला पदाधिकारियों को सभी खागा डाक-बंगले में रोका गया, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि आज हम लोग खागा की पीड़िता से मिलने अपने विधायकों व संगठन के पदाधिकारियों के साथ जा रहे थे, प्रशासन द्वारा खागा चौराहे पर रोका गया, कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दृढ़संकल्पित हम सभी लोग प्रशासन के कहने पर उनके मुताबिक खागा डाक-बंगले में हम सभी को रुके, हम पूरी जिम्मेदारी से पीड़िता के साथ हैं, लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर भी विभागीय कार्रवाई की गई है पीड़ित परिवार को लेकर संगठन पूरी तरह से संवेदनशील है, प्रदेश की भाजपा सरकार योगी आदित्यनाथ जी की के नेतृत्व में चल रही है जो कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सजग रहने वाली सरकार है, खागा विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि पूरी जिम्मेदारी से भाजपा पीड़िता के साथ है किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, जो लोग बेवजह बयानबाजी कर रहे हैं वह भूल गए कि उनके एक नेता कहते थे कि लड़के हैं गलती हो जाती है, सभी को न्याय मिले सरकार का दृष्टिकोण बिल्कुल साफहै, जिला मीडिया प्रभारी प्रभारी ने बताया कि आज जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विधायक कृष्णा पासवान व राजेंद्र पटेल, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री सुशीला मौर्या, पुष्पराज पटेल, पंकज त्रिवेदी, सुनीता गुप्ता,ज्योति प्रवीण, शैलजा राज लोधी, प्रवीण सिंह, संन्तोष गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, विमलेश पांन्डेय सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को खागा पीड़िता से मिलने जाते समय खागा चौक चौराहे पर प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर रोका गया, सभी लोग पैदल चलकर प्रशासन द्वारा बताए गए डाक-बंगले में पहुंचे, जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की प्रशासन से हुई वार्ता में तंय हुआ कि खागा विधायक कृष्णा पासवान, जिला महामंत्री सुशीला मौर्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण, सुधा मौर्या से पीड़ित परिवार से बात कराई जाये, जिस पर प्रशासन द्वारा परिवार से मोबाइल के माध्यम से बात कराई गई, सभी पदाधिकारी सुबह 12.35 से 3.50बजे तक पुलिस की निगरानी में रहे।

# पुलिस का जुए के अड्डे पर छापा, 10 जुआरी गिरफ्तार, एक फरार

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**




कोतवाली कोंच पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह द्वारा गठित टीम ने की। टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं।

सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा जहां से 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक व्यक्ति राहुल यादव उर्फ बन्टा मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। गिरफ्तार किए गए जुआड़ियों में दंगल सिंह (38 वर्ष) निवासी गोखले नगर, छोटू (30 वर्ष) निवासी गोखले नगर, अनुराग (21 वर्ष) निवासी गांधी नगर, देवेश प्रताप (38 वर्ष) निवासी ग्राम साकिन थाना समथर जनपद झांसी, राम राजा (38 वर्ष) निवासी नया पटेल नगर, अजय कुमार (38 वर्ष) निवासी ग्राम खरूसा थाना एट, मोहित वर्मा (36 वर्ष) निवासी गांधी नगर, गजेन्द्र (35 वर्ष) निवासी जय प्रकाश नगर, नृपेन्द्र पाल सिंह (40 वर्ष) निवासी गांधीनगर तथा अहमद खां (65 वर्ष) निवासी आजाद नगर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की है। मौके से कुल 1,49,700 रुपये की नगदी (माल फड़), 18 हजार रुपये की जामातलाशी, 52 ताश के पत्ते, 11 मोटरसाइकिलें तथा 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामदगी से स्पष्ट होता है कि जुआ बड़े स्तर पर संचालित किया जा रहा था। इस मामले में थाना कोंच पर मुकदमा अपराध 78/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं फरार आरोपी राहुल यादव उर्फ बन्टा की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक शुभम सिंह परमार, उपनिरीक्षक शिवनारायण, उप निरीक्षक सुमित पाण्डेय, हेड कांस्टेबल अवनीश कुमार, हेड कांस्टेबल अभिषेक सिंह भदौरिया, कांस्टेबल दीपक कुमार, धर्मराज, नीतीश कुमार, राहुल सिंह एवं हरबंत सिंह शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### खाटू श्याम से लौटते समय हादसा में मृत दो दोस्तों के शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**माधौगढ़ (जालौन)।** राजस्थान के दौसा-मनोहर हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में जालौन के दो युवकों की मौत के बाद उनके पार्थिव शरीर जैसे ही पैतृक गांव पहुंचे, परिजनों में कोहराम मच गया। सरावन और खितौली गांव में शोक की लहर दौड़ गई और हर आंख नम हो उठी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरावन निवासी सत्यम दुबे (27) पुत्र मनोज पुजारी और खितौली निवासी शैलेश रजक (25) पुत्र राजू रजक अपने साथी सागर गुप्ता (25) निवासी उरई के साथ खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे थे। सोमवार रात थाना रायसर क्षेत्र में उनकी कार आगे चल रहे ट्राला में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सत्यम और शैलेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवारों में चीख-पुकार मच गई। बताया गया कि सत्यम दुबे दिल्ली में एक निजी कंपनी में कार्यरत था, जबकि शैलेश रजक उरई में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। शैलेश की मां का पहले ही निधन हो चुका है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचे, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना रहा। दोनों गांवों में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा और लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

### युवती लापता अज्ञात पर रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे के एक मोहल्ले से एक युवती के लापता होने के मामले मे पुलिस ने युवती की माँ की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की है। पीड़िता के अनुसार उसकी बीस वर्षीय पुत्री 27 अप्रैल को घर से एटीएम लेने गई थी तब से वापस लौट कर नहीं आई है। उसकी पुत्री बीमार रहती है उसे कभी कभी मिर्गी के दौरे पड़ते हैं उसने अपनी पुत्री को सभी रिश्तेदारी मे ढूंढ़ लिया है। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने हीटवेव को देखते हुए हर अस्पताल में लू से बचाव के पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश

▸ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में साफ-सफाई, पेयजल और दवाओं की उपलब्धता पर विशेष फोकस

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हीट वेव (लू) से बचाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि सभी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए अलग से वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ओआरएस, आवश्यक दवाएं और प्राथमिक उपचार की सभी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध रहें, ताकि मरीजों को तत्काल राहत मिल सके।स्वास्थ्य संस्थानों में साफ सफाई और स्वच्छता को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अस्पताल परिसर, वार्डों और शौचालयों में नियमित रूप से सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी गंदगी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक सुलभ बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता को बेहतर और समयबद्ध चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि हर व्यक्ति को सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश सहित चिकित्सक मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय गोवंश संरक्षण बैठक

▸ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत रखरखाव, गोवंश को सुरक्षित रखने के प्रबंध की समीक्षा की

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गोवंश संरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिसमें गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण एवं भुगतान की स्थिति, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना अंतर्गत गोवंश के रख-रखाव की प्रगति,ग्रीष्म ऋतु में गोवंश को सुरक्षित रखने हेतु विशेष प्रबंध, भूसा/चारा संग्रहण एवं हरे चारे की उपलब्धता, गो-आश्रय स्थलों में पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, चरागाह भूमि की स्थिति एवं उपयोग।, कम संख्या वाले गोवंशों के समुचित पुनर्स्थापन की कार्यवाही, खण्ड विकास अधिकारी सस्ती दरो पर भूसा संग्रहण सम्बन्धित गो-आश्रय स्थलों में ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से वर्ष भर के लिए भण्डारण करवा लें, गो-आश्रय स्थलों में जहां शेड नही हैं वहा शेड का निर्माण करवा लें। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी गो-आश्रय स्थलों पर मानक के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल, छाया एवं चारे की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। बैठक में सीडीओ बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, प्रभागीय वनाधिकारी, परियोंजना निदेशक (डीआरडीए), मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रंजन सिंह, जिला पंचायज राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगे आरोपों की जांच को महोबा पहुंची महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष



**महोबा।** महिला नेत्री द्वारा जिलाध्यक्ष पर लगाये आरोपों की दो सदस्यीय टीम के साथ जांच करने पहुंची महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष ने सपा और कांग्रेस पर तंज कसते हुए जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो के पास कोई काम नहीं है,वो दिनभर बैठकर सिर्फ यही देखते हैं कि किसने क्या कमेंट किया है। भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर पद के ऐवज में भाजपा जिलाध्यक्ष पर महिला नेत्री द्वारा लगाए आरोप की जांच करने महोबा पहुंची महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष एवं बीजेपी की प्रदेश उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत पर अपने वक्तव्य देते हुए सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव के पास कोई काम नहीं है वह खाली है, वो आगे आने वाले चुनाव को लेकर अपने संगठन के बूथ मजबूत कर रहे हैं, वह बैठकर यह देखते हैं कि किसने क्या कमेंट किया है, कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या हो रहा है यह हम सब पता है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर हमला बोल नई बहस को जन्म दे दिया है।

**सूचना**

सार्वजनिक सूचना शपथी के पासपोर्ट में त्रुटिवश शपथी का नाम- GULAM MOHAMMAD RAZA के स्थान पर GULAM MOHD RAZA हो गया है, साथ ही पता भी PURE JAHAN, POST: RAJA FATTEPUR SHIV RATAN GANJ, CSM NAGAR (P) अंकित है जो गलत है और शपथी का सही मूल पता- मंगरौरा, वीटीसी मंगरौरा, पोस्ट-दुलारीनगर, जिला-अमेठी (उत्तर प्रदेश) है, इसे ही दर्ज किया जाए। **शपथी- गुलाम मोहम्मद रजा पुत्र मो. सुहैल निवासी ग्राम- मंगरौरा, दुलारी नगर, जिला-अमेठी (उत्तर प्रदेश)**

# बलरामपुर चीनी मिल की समितियों का हुआ प्रशिक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



गन्ना सर्वेक्षण नीति 2026 के अनुपालन में आज बलरामपुर चीनी मिल्स लि. हैदरगढ़ में जिला बाराबंकी की चारों समितियों व जिला रायबरेली की दरियापुर व ऐशबाग समितियों के कर्मी/गन्ना पर्यवेक्षक, सचिव/गन्ना विकास निरीक्षक, चीनी मिल के गन्ना प्रक्षेत्र सहायक व प्रक्षेत्र स्तरीय अन्य अधिकारी व समस्त सर्वेक्षक कार्मिकों को आगामी पेराई सत्र 2026-27 हेतु गन्ना सर्वेक्षण का गहन प्रशिक्षण दिया गया ग्रामवार गन्ना सर्वेक्षण दिनांक 1 मई से प्रारम्भ होकर 30 जून तक संपन्न किया जाएगा। गन्ना सर्वेक्षण नीति 2026 के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि सही गन्ना सर्वेक्षण के आधार पर ही आगामी पेराई सत्र 2026-27 को सहज बनाया जा सकता है तथा गन्ना क्षेत्रफ़ल, उत्पादन, उत्पादकता इत्यादि के सही प्राक्कलन किए जा सकते हैं। अतः समस्त सर्वेक्षकों से ससमय शुद्ध गन्ना सर्वेक्षण करने हेतु अपील की गई। गन्ना सर्वेक्षण में चीनी मिल हैदरगढ़ द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय में बिनोद कुमार यादव, मुख्य गन्ना महा प्रबंधक द्वारा विस्तार से विश्लेषणात्मक, वह प्रेरणात्मक जानकारी दी गई जीपीएस प्रणाली द्वारा डिजिटल गन्ना सर्वेक्षण की व्यवहारिक तकनीक के विषय में के डी सिंह, आई टी हेड द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। गन्ना सर्वेक्षण कार्य को सहजता व कुशलतापूर्वक करने के सम्बन्ध में दिलीप सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बुढ़वल व प्रदीप कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी बाराबंकी द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के समापन से पूर्व प्रशिक्षण के प्रभाव आकलन हेतु डॉ प्रदीप कुमार साहू, अपर सांख्यिकीय अधिकारी द्वारा 10 प्रश्नों की एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में समस्त सर्वेक्षकों को गर्मी आदि से बचाव हेतु गुलूकोस, सफेद सूती गमछा, वह पानी की बोतल का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण के अंत में धर्मेश मेहरोत्रा, गन्ना महाप्रबंधक द्वारा गन्ना सर्वेक्षण में आय, समस्त प्रशिक्षणार्थियों व अन्य अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया। प्रशिक्षण में अनिल सिंह, डीजीएम, जगदीश यादव, सीएम, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बाराबंकी व सचिव, गन्ना समितियां जिला बाराबंकी उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

▸ निरीक्षण में कई शिक्षक बिना सूचना के मिले अनुपस्थित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने बुधवार सुबह करीब 8 बजे से परिषदीय विद्यालयो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने एक दर्जन से अधिक स्कूलों का दौरा किया,जहाँ कई शिक्षक अनुपस्थित पाए गए और व्यवस्थाओ मे गंभीर खामियां मिली। निरीक्षण किए गए विद्यालयो मे ठाकुरपुर,श्यामनगर, दानापुर,मधनापुर और धुसेडिया शामिल थे। उपजिलाधिकारी ने पाया कि कई शिक्षक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे। कुछ स्कूलों में छात्र मौजूद थे,लेकिन उन्हें पढ़ाने के लिए कोई शिक्षक उपलब्ध नहीं था। बुधवार के दिन छात्र-छात्राओं को मिलने वाला मिड-डे मील का दूध भी कई विद्यालयों में वितरित नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी खराब पाई गई।कई विद्यालयों में उपस्थिति पंजिका भी अद्यतन नहीं थी, जिससे शिक्षकों की उपस्थिति का रिकॉर्ड अधूरा था।

एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने विद्यालयो की इस बदहाल स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।उन्होने मौजूद शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों की शिक्षा और मिड-डे मील जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओ मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महिला ने पीया कीटनाशक हालत गम्भीर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला द्वारा कीटनाशक का सेवन किए जाने से उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उसे तुरंत सीएचसी रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के चलते बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। डॉक्टर ने बताया कि महिला को गंभीर अवस्था में लाया गया था। जांच के दौरान कीटनाशक सेवन की पुष्टि हुई।

# सीएचसी के सामने शव दफनाने से सनसनी



**रामनगर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सीएचसी रामनगर के सामने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में शव दफनाए जाने की चर्चा से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।भोर होते ही इस घटना को लेकर कस्बे में दबी जुबान से चर्चाएं शुरू हो गईं, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत रामनगर स्थित कांशीराम आवास के पास देर रात कुछ लोग जेसीबी मशीन और एक-दो चारपहिया वाहनों के साथ पहुंचे।बताया जा रहा है कि मौके पर गड्ढा खुदवाकर उसमें किसी शव को दफनाया गया। घटनास्थल पर करीब 15 पैकेट नमक के खाली रैपर और वाहनों के निशान मिलने से संदेह और गहरा गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि रात करीब 1 बजे जेसीबी और वाहनों की आवाजाही देखी गई थी। हालांकि रात का समय होने के कारण कोई भी व्यक्ति मौके पर जाने का साहस नहीं कर सका। सुबह होते ही कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं।

इस घटना को लेकर लोगों में संशय और भय का माहौल है कि आखिर इतनी रात में खुदाई कर क्या दफनाया गया।

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस कोतवाली रामनगर ने जांच शुरू कर दी है।तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस को अवगत करा दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने भी घटना को गंभीर बताते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है और जल्द ही सच्चाई सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सीएचसी पर हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी सौ शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर मे बुधवार को रोगी कल्याण समिति की कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई। अस्पताल परिसर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए के प्रियदर्शी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की आवश्यकताओं, मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। पर्चा बनाने से प्राप्त होने वाले शुल्क को अस्पताल के रखरखाव,साफ-सफाई,दवा और आवश्यक उपकरणो पर खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया।गर्मी के मद्देनजर हीट वेव वार्ड को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। समिति ने पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाओ को बेहतर बनाने पर सहमति व्यक्त की। पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने और स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए शासन को पत्र भेजने का निर्णय भी लिया गया। मरीजों के लिए बैठने की व्यवस्था, पंखे-कूलर और शौचालय की स्थिति सुधारने पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए के प्रियदर्शी ने बताया कि बैठक में आए सभी प्रस्तावों को रोगी कल्याण समिति के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा। उन्होने आश्वासन दिया कि मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। अस्पताल में साफ-सफाई और दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इस बैठक में अधीक्षक डॉ इकबाल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा,बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्चना वर्मा,वात्सल्य एनजीओ के भूआल सिंह, वरिष्ठ लिपिक डीएन मिश्रा और आयुषी पटेल सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों का हुआ सघन निरीक्षण

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के सख्त निर्देश पर बुधवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना की हकीकत परखने के लिए राजस्व अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अधिकांश विद्यालयों में निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन नहीं बनाया जा रहा था और बच्चों को दूध व फल का नियमित वितरण भी नहीं हो रहा था। तहसीलदार शशांक उपाध्याय ने कंपोजिट विद्यालय जेठबनी और जयचंदपुर का निरीक्षण किया। यहां भोजन मीनू के अनुरूप पाया गया, लेकिन बच्चों को दूध नहीं दिया जा रहा था। वहीं नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने प्राथमिक विद्यालय भूहेडरी और शाहपुर मुरारपुर का निरीक्षण किया। शाहपुर मुरारपुर में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, जहां बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन के साथ दूध भी दिया जा रहा था।

इसके विपरीत, प्राथमिक विद्यालय भूहेडरी की स्थिति बेहद खराब मिली। यहां न तो मीनू के अनुसार भोजन बन रहा था और न ही बच्चों को दूध उपलब्ध कराया जा रहा था। बच्चों ने बताया कि उन्हें कभी दूध नहीं मिलता। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय को ग्राम प्रधान का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। निरीक्षण के बाद राजस्व अधिकारियों ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है। डीएम ईशान प्रताप सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। ऐसे में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### संस्कृत में छपा शादी का कार्ड बना चर्चा का विषय

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र गौरीगंज के सराय भागमानी निवासी संस्कृत शिक्षक संदीप ने अपनी शादी का निमंत्रण पत्र पूरी तरह संस्कृत भाषा में छपवाकर जिले में एक अनूठी मिसाल पेश की है। यह कार्ड इन दिनों लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। निमंत्रण पत्र अपनी सादगी, पारंपरिक शैली और शुद्ध संस्कृत प्रयोग के कारण अलग पहचान बना रहा है। निमंत्रण पत्र में विवाह की तिथि, मुहूर्त, स्थल और कार्यक्रमों का विवरण संस्कृत भाषा में लिखा गया है। जैसे ही यह कार्ड रिश्तेदारों और परिचितों तक पहुंचा, लोगों में इसे पढ़ने और समझने की उत्सुकता बढ़ गई। कई लोगों ने संस्कृत जानने वालों की मदद लेकर इसका अर्थ समझा। कुछ युवाओं ने इसे सोशल मीडिया पर साझा किया, जिससे इसकी चर्चा और व्यापक हो गई। स्थानीय ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संदीप ने अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति सम्मान का संदेश दिया है। यह पहल दिखाती है कि आधुनिकता के साथ परंपराओं को भी सहज रूप से अपनाया जा सकता है।

### सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों व निर्माण कार्यों ;सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने.अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यो की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। इसके उपरांत उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं उनको हैंड ओवर कराया जाए।

### पत्रकार की निष्पक्ष जांच को लेकर गुंजन सिंह ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**अमेठी ,समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने बताया है कि पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के विरुद्ध साइबर क्राइम थाने में बीते 23 अप्रैल को मुकदमा संख्या 03/26 दर्ज किया गया है। गुंजन सिंह का कहना है कि यह मुकदमा पत्रकार की निष्पक्ष पत्रकारिता को दबाने के उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरारी पाण्डेय जनपद में लगातार जनसमस्याओं और भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते रहे हैं। किसी भी आपत्ति पर सीधे आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के बजाय संवादात्मक समाधान संभव था। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मुकदमे की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की गई है। इसमें राजनीतिक दबाव से बचाव, पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा और शिकायत निराधार पाए जाने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करने की भी बात कही गई है। गुंजन सिंह ने जोर देकर कहा है कि पत्रकारों पर निराधार मुकदमे दर्ज करने से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कमजोर होगा। पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

पत्रकार सन्तोष सिंह चौहान की खबर का असर

# कन्यादान के लिए लगातार पहुंच रहे हैं समाजसेवी

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



समाचार पत्र के पत्रकार की खबर का असर गरीब निर्धन बेटी की शादी के लिए लगातार समाजसेवी आगे आ रहे हैं और मदद पर मदद करते चले जा रहे हैं।अमावां विकासखंड व चन्दापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव मे रामरती नाम के बुजुर्ग महिला रहती है जिसके पति की और पुत्रों की मौत काफी पहले हो चुकी है और एक पुत्री के साथ रहती है समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र के पत्रकार संतोष सिंह के द्वारा गरीब बेटी की शादी में आगे आए समाजसेवी और करें कन्यादान की खबर चलाई गई जिसका असर यह हुआ कि गरीब बेटी बबली की पास 35000 पहले पहुंच चुका है तो वहीं चंडीगढ़ से महराजगंज क्षेत्र के थुलवासां के रहने वाले मुकेश यादव द्वारा यह वीडियो जब देखा गया तो उन्होंने भी बेटी के पास पहुंचकर 5100 का कन्यादान किया वहीं युवा समाजसेवी सतीश यादव व उनके मित्र मंडली द्वारा बुधवार को बबली के घर पहुंच कर समाजसेवियों द्वारा दहेज का काफी सामान दिया गया जिसमें बक्सा पंखा कुर्सी इमेज साड़ी बर्तन आदि सामान देकर गरीब बेटी की शादी में मदद की।

# गंगा एक्सप्रेसवे से 12 घंटे का सफर अब होगा 6 घंट का

▸ प्रदेश सरकार के 1 ट्रिलियन इकोनामी में इसका बड़ा योगदान रहेगा

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई के मल्लावा में नवीन गंगा एक्सप्रेसवे का विधिवत लोकार्पण किया 12 जिलों से होकर गुजरने वाले इस 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पूर्वी उत्तर प्रदेश से दूरी और समय दोनों काम कर दिए हैं। रायबरेली के ऊंचाहार तहसील के रोझैया भीखमशाहपुर मैं आयोजित उद्घाटन समारोह में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अरावली के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दिनेश सिंह और ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे सालों के विधायक अशोक कोरी के साथ समारोह में शामिल हुए।

उद्घाटन के बाद रायबरेली के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा और प्रदेश सरकार के 1 ट्रिलियन इकोनामी में इसका बड़ा योगदान रहेगा इस गंगा एक्सप्रेसवे से रोजगार के नए अवसर बनेंगे और साथ ही और विकास की नई कहानी भी लिखी जाएगी। ऊंचाहार के विधायक मनोज पांडे ने बताया कि उनकी विधानसभा में उद्घाटन समारोह होने सेवा बहुत अभी बहुत हैं इस गंगा एक्सप्रेसवे से उनकी विधानसभा में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बन रहा है जो प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमि का निभाएगा।

## स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में बताए गए स्वस्थ्य रहने के गुर



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के निर्देशन में संत कवि बाबा बैजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरख बाराबंकी में रोवर रेंजर का प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरे दिन में समापन हो गया। आज प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत मुख्य प्रशिक्षक राम आसरे लीडर ट्रेनर स्काउट बाराबंकी ने सर्व धर्म प्रार्थना से किया। इस मौके पर छात्रों को शरीर स्वस्थ रखने के लिए स्काउटिंग के जन्म दाता लार्ड बेडेन पावेल 6 व्यायाम का वर्णन किया है, उसे सिखाया गया। तथा ध्वज शिष्टाचार में ईश प्रार्थना व स्काउट झण्डा गीत कराया गया। सहायक प्रशिक्षक आदर्श कुमार हिमालय वुड बैज ने छात्रों को टेण्ट व आकस्मिक समय हेतु लाठी डण्डे व बांस आदि के सहयोग से पुल की अवधारणा से अवगत कराया। शिविर के समय में बिना बरतन के भोजन निर्माण में छात्रों ने बाटी चोखा, पूड़ी, सब्जी, चावल , के साथ साथ भेल पूड़ी, बेल का शर्बत, गुड़ चना, लस्सी, कोल्डड्रिंक, और मौसमी खरबूजा तरबूज, केले नमकीन, बिस्कुट, अंगूर आदि की भी व्यवस्था किया। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि स्वरूप पधारे प्रो डा राजेश कुमार चतुर्वेदी ने छात्रों को बताया कि सेवा भाव को बनाये रखकर अपने लक्ष्य तक पहुँचने का प्रयास करो। गुरु की महत्ता को संत कबीर के दोहे के साथ रेखांकित किया।

# विधायक ने अग्नि पीड़ितों को बांटी राहत किट

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



विधानसभा क्षेत्र अमेठी में मंगलवार को मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली। विधायक महराजी देवी सराय हीरामति ग्रामसभा के मोचवा गांव पहुंचीं और हाल ही में आग से प्रभावित 13 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। बीते दिनों अज्ञात कारणों से दलित बस्ती में लगी आग से कई परिवारों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई थी, जिससे उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों का गंभीर संकट खड़ा हो गया था। विधायक ने पीड़ितों को राशन सामग्री, साड़ी और नकद सहायता से युक्त राहत किट अपने हाथों से सौंपी। राहत पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरों पर संतोष और आभार साफ झलकता नजर आया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनसेवा उनके परिवार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अपने पति एवं पूर्व प्रदेश मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की जनहितकारी सोच को आगे बढ़ाते हुए वे लगातार क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही हैं। राहत पाने वालों में राम सेवक कोरी, रामजस कोरी, रंजीत कोरी, संजीत कोरी, मेवालाल, शांति देवी, राम किशोर, राजेश कोरी, फूलचंद्र कोरी, देवीदीन कोरी, वंशीलाल कोरी, राम दुलारे कोरी और उर्मिला कोरी शामिल रहे।

# ई-लॉटरी से होगा बीज वितरण, किसानों के लिए ऑनलाइन बुकिंग जरूरी

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने खरीफ हेतु बीज वितरण व्यवस्था में बड़े बदलाव की जानकारी दी है। बीज वितरण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ÷पहले आओ-पहले पाओ÷ प्रणाली समाप्त कर दी गई है। अब किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी, जिसके बाद लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई जाएगी। इच्छुक किसान खरीफ के अंतर्गत धान, अरहर, उर्द, मूंग, डैचा, श्री अन्न (ज्वार, बाजरा, कोदो, रागी) सहित दलहनी व तिलहनी मिनीकिट बीज तथा संकर धान एवं संकर ज्वार जैसे बीजों के लिए आवेदन कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसान विभागीय वेबसाइट कृषि दर्शन-1 पोर्टल पर स्वयं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही बीज के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

# हनुमान तिराहे पर पाइपलाइन गड्ढे में फंसी कार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यालय गौरीगंज हनुमान तिराहे पर पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढों को बिना भरे छोड़ देने की लापरवाही अब आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बन रही है। खुदाई के बाद खुले गड्ढे और सड़क किनारे फैला मलबा राहगीरों व वाहन चालकों के लिए खतरा बन चुका है। इसी लापरवाही के चलते एक कार का अगला पहिया गहरे गड्ढे में धंस गया गनीमत रही बड़ा हादसा होते-होते बच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा खुदाई कर पाइपलाइन तो डाल दी, लेकिन मिट्टी भराई और समतलीकरण का कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया। मुख्यालय स्थित हनुमान तिराहा कस्बे का प्रमुख और व्यस्त मार्ग है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद सड़क किनारे खुले गड्ढे और टूटे हुए सीमेंट के टुकड़े प्रशासनिक उदासीनता को साफ दिखा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं था। जैसे ही वाहन सड़क किनारे पहुंचा, अगला पहिया अचानक धंस गया और कार एक तरफ झुक गई। आसपास मौजूद लोगों की मदद से वाहन को बाहर निकाला जा सका। वहीं यदि वाहन तेज गति में होता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बरसात के मौसम में यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो सकती है, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देंगे और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। लोगों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन अधूरे कार्य जनता की जान पर भारी नहीं पड़ने चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द समस्या हल करने की अपील की है।

## अचानक बदला मौसम बारिश के साथ ओले भी गिरे

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में अचानक बदले मौसम ने जहां गर्मी से राहत दी है वहीं शादी विवाह के कार्यक्रम के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। मुख्यालय गौरीगंज में बुधवार को दोपहर अचानक बारिश का मौसम बना और बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते बारिश के साथ साथ ओले भी गिरने लगे जिससे आवागमन कुछ देर के लिए ठप हो गया, लोगों ने आस पास छत के नीचे खड़े होकर राहत महसूस की। इसके अलावा जिले में कई जगहों पर भारी बारिश और ओले के साथ तेज आंधी की भी जानकारी मिली है। तेज रफ्तार आंधी के चलते जिले में कई जगहों पर पेड़ो के गिरने की भी घटनाएं हुई हैं जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। गौरतलब हो कि जनपद में कई दिनों से तेज गर्मी पड़ रही थी जिसमें मौसम में आए अचानक बदलाव से लोगों को तपन भरी गर्मी से तो राहत महसूस हुई है।

# डीएम ने की सर्वोच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाली छात्राओं से वार्ता

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



उप्र राजकीय निर्माण निगम लि. द्वारा निर्माण कराये जा रहे क्रिटिकल गैप्स की पूर्ति योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरई जलालपुर, जनपद-सीतापुर के निर्माण कार्य, लागत रू0 74.88 लाख का शिलान्यास कशिश वर्मा (हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2026, उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद में सर्वोच्च प्राप्तांक) एवं शिखा वर्मा (इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026, उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद में सर्वोच्च प्राप्तांक) के संयुक्त कर कमलों द्वारा डॉ. जिलाधिकारी राजागणपति आर. की गरिमामयी उपस्थिति में आज सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने दोनों सर्वोच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाली छात्राओं से वार्ता करते हुये उनके परिवारजनों के बारे में जानकारी लेते हुये, उनकी प्रशंसा करते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की एवं और अधिक आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निरन्तर इसी तरह से पढ़ाई करती रहे और एक अच्छे पद पर पहुंचने के लिये हमेशा प्रयासरत रहें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि सूचनाकर्ता के भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 276250279 में सूचनाकर्ता का घरेलू नाम मिस्सल पत्नी दिनेश कुमार उर्फ़ क्षयबर निवासी सैदनपुर जिला बाराबंकी अंकित है, जबकि वास्तविक नाम मिथला देवी पत्नी दिनेश कुमार उर्फ़ क्षयबर निवासी सैदनपुर जिला बाराबंकी है। उपरोक्त दोनों नाम सूचनाकर्ता के हैं, और इन दोनों नामों से सूचनाकर्ता जानी व पहचानी जाती है।

**सूचनाकर्ता**
**मिथला देवी पत्नी दिनेश कुमार उर्फ़ क्षयबर निवासी ग्राम सैदनपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश।**

# लब्बैक की सदा संग हज को रवाना हुए जायरीन

- दुआओं के साथ दी गई भावुक विदाई
- 30 अप्रैल को दोपहर 1:45 बजे लखनऊ से मदीना के लिए रवाना होंगे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

पवित्र हज यात्रा के लिए नगर से इस वर्ष करीब एक दर्जन जायरीन आस्था और उत्साह के साथ रवाना हुए। इस मौके पर परिजनों व स्थानीय लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और गले लगाकर उन्हें भावुक विदाई दी। रवाना होने से पहले उनके घरों और मस्जिदों में दुआओं का दौर चला, जहां उनकी सलामती और सफल हज यात्रा की कामना की गई।

हज पर जाने वालों में मोहल्ला जिलापुरी बाजार कला निवासी अरशद अहमद रहमानी उर्फ मोनू रहमानी, उनकी वालिदा फिरदौस बेगम और पत्नी बुशरा नाज, वसीम रहमानी व उनकी वालिदा ताहिरा बेगम सहित और तीन अन्य लोग शामिल हैं और कुछ लोग पहले ही रवाना हो चुके हैं। इस दौरान हज यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि यह उनके जीवन का सबसे अहम और पवित्र सफर है, जिसके लिए वे लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। स्थानीय समाजसेवियों और धर्मगुरुओं ने भी शुभकामनाएं देते हुए हज के दौरान नियमों का पालन करने की सलाह दी। जानकारी के अनुसार जायरीन 30 अप्रैल को दोपहर 1:45 बजे लखनऊ से मदीना के लिए रवाना होंगे, जबकि उनकी वापसी 14 जून को निर्धारित है।



### माल्यार्पण कर मोनू रहमानी को हज के लिए दी गई विदाई

छिबरामऊ। नवीन मंडी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में गल्ला आलू व्यापारी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष मोनू रहमानी को माल्यार्पण कर हज यात्रा के लिए भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में व्यापारियों व शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल और सुरक्षित सफर की दुआ की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता जॉनी, पूर्व अध्यक्ष पीयूष गुप्ता प्रीतू, पूर्व महामंत्री आसिफ शेख आशु, भाकियू भानु के जिला संयोजक कासिव उर्फ कासू मंसूरी, हाजी ताहिर, सेठ विनोद कुमार और अशरफ रहमानी सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने मोनू रहमानी, उनके भाई वसीम रहमानी और परिवार को हज यात्रा की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

## ट्रक चालक के खिलाफ सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मैनपुरी जनपद के कुर्रा थानांतर्गत धुवासी गांव निवासी सुखदेवी पत्नी सरबर सिंह ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे उसका बेटा कुलदीप अपनी बाइक से छिबरामऊ से मैनपुरी जा रहा था। जीटी रोड हाइवे पर लता कोल्ड के सामने गलत साइड में आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल पुत्र को पहले सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे रेफर कर दिया गया। अब उसका इटावा में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाकियू ने बनाई बहवलपुर बिजली घर के घेराव की रणनीति

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित पंचायत में अंधाधुंध बिजली कटौती पर रोष व्यक्त करते हुए बहवलपुर बिजली घर के घेराव की रणनीति बनाई गई।

किसान पंचायत में बिजली विभाग के खिलाफ किसानों ने कहा मक्का, मूंगफली, उड़द, मूंग, तरबूज, खरबूजा आदि की खड़ी फसलें सिंचाई नहीं हो पाने से सूख रही हैं। बहबलपुर फीडर की सबसे ज्यादा शिकायतें मिलने पर बहबलपुर फीडर के घेराव की रणनीति बनाई गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने किसानों को प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा तो भारतीय किसान यूनियन अवधेश धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी। किसान पंचायत की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ सरवन सिंह राजपूत ने कहा कि किसान बहुत परेशान है। बिजली विभाग के कर्मचारी 24 घंटे में 1 घंटे भी लाइट नहीं देते हैं। किसान अपना फावड़ा लिए नलकूप पर बैठा रहता है और शाम को घर चला आता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों के साथ अन्याय होगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस मौके पर निशांत कुमार, राजेंद्र सिंह, अनुज कुमार, अजय राजपूत, अंबेश दीक्षित, राजेंद्र सिंह पाल सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।



# सुबह बिजली विभाग की सर्जिकल स्ट्राइक से हड़कंप

- सीढ़ी लगाकर घरों में घुसने से रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

बिजली चोरी रोकने के नाम पर बिजली विभाग की हालिया कार्रवाई ने एक बड़े विवाद को जन्म दे दिया है। बुधवार तड़के सुबह जब लोग गहरी नींद में सोए थे, तब विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ छापेमारी शुरू कर दी। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा घरो की छतों और बालकनियों पर सीढ़ी लगाकर ऊपर चढ़ने की कोशिश की गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसको लेकर लोगों में भारी रोष व्याप्त है।



वायरल हो रहे सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि सुबह करीब 6 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी गलियों में फोल्डिंग सीढ़ी लेकर घूम रहे हैं। बिना किसी पूर्व सूचना या घर का दरवाजा खटखटाएं कर्मचारी सीधे दीवारों पर सीढ़ी लगाकर ऊपर चढ़ते दिखाई दे रहे हैं। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि विभाग की यह कार्यशैली न केवल असंवैधानिक है, बल्कि प्राइवेसी का भी खुला उल्लंघन है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय घरों के अंदर महिलाएं और बेटियां किसी भी अवस्था में हो सकती हैं। ऐसे में बिना बताए सीढ़ी लगाकर घर के ऊपरी हिस्सों में झांकना या प्रवेश करना किसी भी तरह उचित नहीं है। लोगों का कहना है कि अचानक कोई अजनबी आपके घर की दीवार पर चढ़ जाए, तो किसी अपराधी की हरकत जैसा लगता है। अगर इस दौरान आत्मरक्षा में कोई मारपीट हो जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी।

लोगों का कहना है कि वह बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई का विरोध नहीं कर रहे, लेकिन कार्रवाई का तरीका सभ्य और कानूनी होना चाहिए। उधर, इस संबंध में जब बिजली विभाग के एक्सईएन राजीव कुमार भारती से बात करने का प्रयास किया, तो उनका मोबाइल नॉटरिचेबिल बताता रहा, जबकि एसडीओ रविंद्र कुमार का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा था।

# मन की शांति के लिए सत्संग आवश्यकः महात्मा हरिश्चंद्र

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा हरिश्चंद्र ने कहा मन की शांति के लिए सत्संग अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा जिस मनुष्य को निराकार प्रभु से प्यार नहीं वह साध संगत से प्यार नहीं कर सकता और जो साध संगत से प्यार नहीं करता वह किसी भी मनुष्य से प्यार नहीं कर सकता। प्यार बिना जीवन बेकार हो जाता है और मन बुराई की ओर चल पड़ता है। मन को ठीक रास्ते पर चलाने के लिये संत्सग का होना बहुत जरूरी है। सत्संग करने से इहलोक सुखी व परलोक अति सुखी हो जाता है। आज के मनुष्य विभिन्न कर्मकाण्डो में उलझकर रह गये है और अज्ञानता में मनुष्य नफ़रत के बीज वो रहा है। इससे किसी और का नहीं बल्कि अपना ही नुकसान करने में लगा है जबकि गुरु पीर पैगम्बरो का नाम लेने में भी नहीं हिचकता। वह नहीं जानता कि ऐसा करके अपने ही धर्म को हानि पहुँचा रहा है। किसी भी धर्म और सन्तों ने नफरत नहीं सिखाई। उन्होंने तो सदा प्यार नम्रता करुणा व दया का ही पाठ पढ़ाया हैं। जब व्यक्ति में आध्यात्मिकता मजबूत होगी तभी धर्म मजबूत होगा। आप लोगो ने देखा भी है जब समागम होता है तो देश विदेश से महात्मा आते हैं। सबके धर्म अलग अलग होते है।

संत निरंकारी भवन में सत्संग

इसके बावजूद एक होकर हम सब गुरुगान करते हैं क्योंकि हमारा उस वक्त एक धर्म होता है और वो है मानवता का धर्म। इससे बड़ा कोई और धर्म नहीं। सभी का एक साथ आदर सत्कार किया जाता है। किसी से कोई भेदभाव नहीं करता। सब मिल जुल कर समागम का आनंद लेते हैं। अपना सारा गम भुला कर प्रभु परमात्मा का आशीर्वाद लेते हुए जीवन सुख मय बना लेते हैं। सेवादल संचालक शशि प्रभाकर के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी भजनों और प्रवचनों से साध संगत को निहाल किया।



## खबरें एक नजर में

### धम्म यात्रा के लिए किया सघन जनसंपर्क



**छिबरामऊ, कन्नौज।** करुणा मैत्री शील शांति प्रेम और भाईचारे को लेकर तथागत भगवान गौतम बुद्ध की 2589 वीं जयंती पर विशाल धम्म यात्रा के लिए सघन जनसंपर्क किया गया। यह धम्म यात्रा वैशाख पूर्णिमा 1 मई दिन शुक्रवार सुबह 8 बजे अकबरपुर से सिद्धार्थ सलेमपुर बुद्ध विहार होते हुए सिकंदरपुर नगर भ्रमण कर पानी की टंकी के पास सिकंदरपुर तक जाएगी एवं बुद्ध वंदना विचार गोष्ठी तथा खीर दान आदि के साथ संपन्न होगी। धम्म यात्रा के संरक्षक वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि,अध्यक्ष शिवमशाक्य एवं उपाध्यक्ष नेत्रपाल शाक्य ने क्षेत्र तथा जनपद के सभी लोगों को इस धम्म यात्रा में आमंत्रित किया हैं।

### भाकियू बलराज गुट ने तहसील घेराव की दी चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाकियू बलराज गुट के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी.सौरव यादव ने बताया कि रतनपुर गांव में लेखपाल द्वारा की जा रही मनमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत शीघ्र ही तहसील का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम रतनपुर निवासी भाकियू बलराज के तहसील मंत्री अनिल यादव का काफी पुराना पट्टा था, जिस पर मकान बना हुआ था। गेट पुराना होने की वजह से उन्होंने नया लगवाया। इस पर विरोधियों ने लेखपाल से सांठगांठ कर गेट को जबरन तुड़वा दिया। इसके लिए न तो पीड़ित किसान को कोई नोटिस दिया गया और न ही किसी भी अधिकारी का कोई आदेश दिखाया गया।

### सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद



**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधिमंडल ने गुगरापुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों का दौरा कर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चांदापुर, रामपुर भुड़िया, गोरी बांगर और कित्तियापुर गांवों में गंगा में डूबकर जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं पाटुआपुर व सौंसरापुर में सड़क हादसों में मृतकों के घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सपा नेताओं ने सभी छह पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही सरकार से प्रत्येक परिवार को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग उठाई। कार्यक्रम में कई स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर अचेतावस्था में मिली महिला



**सौरिख,कन्नौज।** लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक विवाहिता महिला अचेतावस्था में मिलने की खबर पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक एक्सप्रेस वे पर थाना सौंरिख के अंतर्गत माइल स्टोन 155 पर एक विवाहिता महिला सड़क किनारे अचेतावस्था में पड़े होने की जानकारी मिली। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची यूपीडा टीम ने महिला को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल भिजवाया। मेडिकल कॉलेज में महिला की उपचार जारी था। महिला के मामले की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने महिला की पहचान के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। महिला कहां की है, एक्सप्रेस वे पर कैसे पहुंची और क्या हुआ, यह सवाल महिला की स्थित सामान्य होने के बाद ही साफ हो सकेंगे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला बीटेक छात्र का शव, हत्या की आशंका

- दो दिन पहले घर से नाराज होकर निकला था छात्र, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



घर से नाराज होकर निकले बीटेक छात्र का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गई। परिजन जहां इसे संदिग्ध मान रहे हैं, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव ककरैया निवासी गौरव (22), पुत्र आदेश कुमार, लखनऊ विश्वविद्यालय में बीटेक (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग) का छात्र था। वह दो दिन पहले किसी बात को लेकर घर से नाराज होकर अपने मामा के यहां गांव मायानगर आया था। मंगलवार दोपहर वह अपने ममेरे भाई के साथ कन्नौज जाने के लिए निकला, जहां से उसे लखनऊ जाना था। बताया जा रहा है कि शाम के समय उसे जलालाबाद क्षेत्र में ब्लॉक मुख्यालय के सामने बैठा देखा गया था। देर रात जलालाबाद कस्बे के पास एक ईंट भट्टे के सामने रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला। सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई और परिजनों में चीखपुकार मच गई। बुधवार सुबह पिता आदेश कुमार, मामा इतवारी लाल सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के पास मिले बैग से मोबाइल, लैपटॉप, घड़ी, चार्जर, एडाप्टर, ग्रीन कार्ड और विश्वविद्यालय का आईडी कार्ड बरामद हुआ है।

मृतक के मामा के अनुसार, गौरव लखनऊ जाने के लिए निकला था, लेकिन उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं है। परिजन घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। सूचना पर जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, मझपुरवा चौकी प्रभारी विनोद कुमार कश्यप अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लाखों के जेवरात व नगदी समेत युवती हुई रफूचक्कर

- चार के खिलाफ लिखवाई गई रिपोर्ट

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की युवती घर में रखे लाखों के जेवरात व हजारों की नगदी समेत अपने रिश्तेदार प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई। इस मामले में युवती की मां ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता के मुताबिक उसके यहां इटावा जनपद के कुईटा सरैया गांव निवासी रिश्तेदार दीपक बाथम पुत्र श्यामबाबू का आना-जाना था। 18 फरवरी को दीपक उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। बेटी घर से जाते समय करीब तीन लाख रूपये के जेवरात और 20 हजार रूपये की नगदी घर से चोरी कर ले गई। काफी खोजबीन के बाद जब दीपक के घर संपर्क किया गया, तब दीपक और उसके भाई राजू, संजीव बाथम व उसके पिता श्यामबाबू ने उसकी बेटी को कमरे में बंद कर दिया और उनके साथ गालीगलौज की। उसने आशंका जताई है कि वह लोग उसकी पुत्री का शारीरिक यौनशोषण कर उसकी बिक्री कर सकते हैं। वह लोग मोबाइल पर फोन कर उसकी हत्या की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार चचेरा भाई घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जीटी रोड हाईवे पर ग्राम लड़ैता के पास मंगलवार की देर रात करीब 10:30 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि टक्कर मारने के बाद बेकाबू कार खाई में जा गिरी। बाइक सवार युवक शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आशीष अपने छोटे भाई सुमित की शादी के निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए अपने सौरिख निवासी साढ़ू भाई शिवमंगल पुत्र रामबाबू के यहां बाइक से गए थे। उनके साथ चचेरा भाई संदीप भी मौजूद था। दोनों लोग वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह देर रात करीब साढ़े 10 बजे जीटी हाईवे पर लड़ैता गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सडक् किनारे गड्ढे में जा गिरी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज, तिर्वा रेफर कर दिया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में पुस्तक मेला शिविर का हुआ आयोजन

- सरकारी पुस्तक मेला में छात्रों ने की जमकर खरीदारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शैक्षिक सत्र 2026 ,27 में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के नियंत्रणाधीन संस्थानों में परिषद द्वारा अधिकृत पाठ पुस्तकों के प्रचलन पुस्तक जागरूकता का आयोजन किया किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने सरकारी किताबों की जमकर खरीदारी की। सरकारी पुस्तक मेला में जिला विद्यालय निरीक्षक ने पहुंचकर निरीक्षण भी किया।



बुधवार को कन्हैया लाल सरस्वती विद्या मंदिर में सरकारी पुस्तक मेला शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के अधिकृत डिसटीब्यूटरों ने अपना सरकारी पुस्तकों का स्टॉल लगाया सरकारी पुस्तक मेला में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक छात्रों के साथ विद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कक्षा 9 से 12 तक की सरकारी पुस्तकों की जमकर खरीदारी की । यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने दी। जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश के अनुपालन में बुधवार को सरकारी पुस्तक मेला में छात्र एवं छात्राओं ने सरकारी पुस्तक की जमकर खरीदारी की। दुर्गा बुक डिपो गुरसहायगंज कन्नौज के स्वामी ज्ञानेंद्र गुप्ता ने बताया कि पायनियर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर बिहाइंड महालक्ष्मी धर्म कांटा सिकंदरा आगरा प्रकाशन की कक्षा 9 से 12 सिंघल एजेंसी पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर बीएन बर्मा रोड लखनऊ की कक्षा 11 पीतांबर बुक्स प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र बिजौली झांसी की कक्षा 10 प्रकाशन की सरकारी किताबें का स्टॉल लगाया गया है जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र में छात्राओं ने सरकारी किताबों की खरीदारी की उन्होंने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा शैक्षिक सत्र वर्ष 26 ,27 में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के नियंत्रणाधीन संस्थानों में परिषद द्वारा अधिकृत पाठ्य पुस्तकों के प्रचलन पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर का आयोजन किया गया है । प्रकाशन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर स्टाल लगाने का कार्य किया गया है।

# गंगा एक्सप्रेसवे लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची पूर्व खनन मंत्री

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमरों द्वारा जनपद हरदोई के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे लोकार्पण कार्यक्रम में छिबरामऊ व कन्नौज के हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बसो और निजी वाहनों से बुधवार की सुबह मल्लावां हरदोई रवाना हो गए। पूर्व खनन मंत्री विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडे के नेतृत्व में नगर गुरसहायगंज से राजीव ठाकुर संजीव गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता बुधवार को अपने बहनों और बसो से रवाना हुए रवाना होने से पूर्व खनन मंत्री विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि मां गंगा का आशीर्वाद है की गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलो द्वारा किया गया है उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे बनने से प्रदेश के सभी जनपदों का जहां विकास होगा वही इलाहाबाद में मां गंगा का स्नान करके श्रद्धालु गण इसी एक्सप्रेसवे से अपने घर वापस भी आ सकते हैं उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा इसका निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार कन्नौज जनपद से सदर विधायक प्रदेश के राज्य मंत्री असीम अरुण की अगुआई में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता बस एवं निजी वाहनों से मल्लावां पहुंचे जहां देश के प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया और उनके भाषणों को सुना गया राज्य मंत्री असीम अरुण का कहना है कि इस गंगा एक्सप्रेसवे के तैयार होने से प्रदेश का चौमुखी विकास होगा और सभी लोगों को इसका लाभ मिलेगा।



# आरोपी को पांच साल की सजा, लगा दस हजार जुर्माना

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जिले में एक दलित बच्ची से अश्लीलता के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 5 साल कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, जो पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा। यह घटना सौरिख थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव की है। 10 सितंबर 2020 को गांव का रहने वाला पप्पू शर्मा एक दलित बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया था। कमरे में आरोपी ने बच्ची के सामने निर्वस्त्र होकर उससे अश्लीलता की। बच्ची के चिल्लाने पर उसकी मां मौके पर पहुंची और उसे किसी तरह बाहर निकाला। घटना का विरोध करने पर आरोपी ने बच्ची की मां को गाली-गलौज भी की। इसके बाद पीड़िता की मां ने सौरिख थाने में पप्पू शर्मा के खिलाफ पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान आरोपी पप्पू शर्मा ने अपना बचाव करते हुए कहा कि वह बच्ची के सामने निर्वस्त्र नहीं हुआ था, बल्कि उसका तौलिया खुल गया था। शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ला ने बताया कि साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर विशेष न्यायाधीश रामगोपाल सिंह ने पप्पू शर्मा को 5 वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# शिक्षक का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

- थाना ठठिया क्षेत्र के भुन्ना मौजा के उदैईपुर्वा गांव का है मामला

**ठठिया,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

निजी स्कूल में कार्यरत एक शिक्षक का शव घर से से थोड़ी दूर पर एक पेड़ के सहारे लटकता हुआ मिलने की खबर पर हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के भुन्ना मौजा के उदैईपुर्वा गांव निवासी 54 वर्षीय श्री निवास एक निजी स्कूल में कार्यरत थे। बीते करीब तीन वर्ष पूर्व पत्नी की मौत के बाद दिवंगत शिक्षक परेशान रहते थे। परिवार में दो बेटियों की शादी के कारण भी शिक्षक अक्सर आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण मानसिक रूप से परेशान रहते थे। बुधवार की सुबह श्रीनिवास अपने घर से निकले थे लेकिन स्कूल नहीं पहुंचे। घर पर भी आने में शिक्षक को देरी हुई तो परिजनों ने भी जानकारी करना शुरू कर दिया, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।



इसी बीच एक ग्रामीण का शव छत्तरपुर गैस गोदाम के पीछे स्थित एक पेड़ से लटका हुआ है, इसकी सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर शिक्षक के परिजन भी पहुंचे। यहां परिजनों ने फांसी के फंदे से लटक रहे ग्रामीण की पहचान श्रीनिवास के रूप में की। फंदे से लटक रहे शिक्षक की पहचान होने के बाद परिजनों के रोने बिलखने का सिलसिला शुरू हो गया। मामले की जानकारी पर थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

मृतक शिक्षक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। थाना प्रभारी के मुताबिक घटना की जांच पड़ताल जारी है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटनाक्रम की सही तस्वीर साफ हो सकेगी। उन्होंने बताया कि, अगर परिजन कोई शिकायती पत्र देते हैं तो उसकी भी जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा, निकाला मार्च

**उपभोक्ता बोले: रिचार्ज के बाद भी कट जाती है बिजली**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं का विरोध लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को कमालगंज में बड़ी संख्या में उपभोक्ता एकत्रित हुए और स्मार्ट मीटर के विरोध में पैदल मार्च निकाला। उपभोक्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें रिचार्ज होने के बाद भी बिजली कटने जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया।

यह विरोध मार्च कमालगंज के तपस्वी वाले बाग से शुरू होकर बिजली पावर हाउस तक गया। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए और स्मार्ट मीटर लगाना बंद करो जैसे नारे लिखे थे उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिना सही जानकारी और पारदर्शिता के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में शामिल अशोक श्रीवास्तव सभासद ने बताया कि स्मार्ट मीटर से कई दिक्कतें आ रही हैं और बिल भी अधिक आ रहा है। जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। सभासद अजय कुमार दिवाकर ने भी इस समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई उपभोक्ताओं का रिचार्ज होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है। यह समस्या किसी एक उपभोक्ता की नहीं, बल्कि कई लोगों की है। इस वाले में एसडीओ रवि कुमार पांडे ने बताया कि स्मार्ट मीटर एक पूरी तरह पारदर्शी प्रणाली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को अपने उपयोग के अनुसार ही बिल का भुगतान करना होता है। एसडीओ ने यह भी कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को कोई शिकायत है, तो वह विभाग में आकर अपनी समस्या दर्ज करा सकता है, जिसका समाधान किया जाएगा।




विरोध प्रदर्शन करते उपभोक्ता

# शादी समारोह में दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा

**शादी में खाना खाने को लेकर हुआ विवाद**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

बीते रात शादी समारोह में खाना खाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव मिल्क सुल्तान निवासी पंकज यादव पुत्र मोरपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रात उनके भांजे की शादी बारात थाना मेरापुर के गांव बबुरी से आई थी।

जिसमें पीड़ित मौजूद था, तभी खाना खाने को लेकर विवाद होने लगा तथा बारात में बैंड बाजे की गाड़ी पर आरोपीगढ़ धक्का मुक्की करने लगे। जिस बात का मैंने विरोध किया तो विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज देने से मना करने पर दबंगों ने मेरे साथ जमकर मारपीट की। जिसमें बचाने आए पिता मोरपाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को गांव के आरोपी आशीष पुत्र नरवीर, अभिषेक उर्फ बॉबी पुत्र अनुराग यादव, भूपेंद्र पुत्र रणवीर के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया।

## देवर ने भाभी व उसकी पुत्री के साथ की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंग देवर ने बेवा भाभी व उसकी पुत्री तथा दामाद के साथ मारपीट कर दी। जिसके संबंध में पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भारत नगर निवासी महिला के पति की लगभग छह माह पूर्व मौत हो गई है। महिला अपनी दो पुत्रियों के साथ रहती है। महिला ने अपनी बड़ी पुत्री की शादी कर दी। महिला के हिस्से की जमीन को लेकर परिवार का ही देवर आये दिन महिला को गाली-गलौज करता है और घर से निकालने की धमकी देता है। बुधवार शाम महिला को उसका देवर गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर देवर ने महिला व जनपद मैनपुरी के थाना वेवर के गांव बागपुर निवासी उसके दामाद को भी मारपीट की। बचाने आई पुत्री को भी मारपीट की। थाना पुलिस को महिला ने घटना की तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# ट्रांसफार्मर में खराबी के चलते 25 गांवों की बिजली गुल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

नवाबगंज स्थित विद्युत उपकेंद्र में लगे 10 एमबीए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से अटसेनी ग्रामीण फीडर से जुड़े करीब 25 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। मंगलवार दोपहर 1 बजे से बिजली गुल होने के कारण इन गांवों में लगभग 20 घंटे से अंधेरा छाया हुआ है। भीषण गर्मी के कारण ग्रामीण परेशान हैं। बिजली न होने से पानी की समस्या भी गंभीर हो गई है। कई हैंडपंपों पर पानी भरने वालों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खेतों में इस समय मक्का की फसल को सिंचाई की



आवश्यकता है। बिजली न मिलने के कारण समरसेबल पंप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे फसलें सूखने की कगार पर हैं। विद्युत विभाग के अधिकारी अजय दीपक राम ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी को ठीक करने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# दबंगों ने सिपाही को बेल्टों से पीटा, मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

योगी सरकार में दबंगों को पुलिस का कोई भय नहीं है। देशी शराब के ठेके पर खुलेआम दबंगों ने एक सिपाही को काफी देर तक बेरहमी से बेल्टों से पीटते रहे, जबकि वह दबंगों से हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगता रहा, पर दबंगों को कानून का कोई डर नहीं, इसलिए वर्दीधारी को भी उन्होंने नहीं छोड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वही यह घटना जिस शराब के ठेके पर हुई है वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। मामला कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के छोटी जेल चौराहे के पास स्थित एक देसी शराब के ठेके का बताया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक पुलिस लाइन में तैनात सिपाही को बेल्ट और थप्पड़ों से बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा रहा है कि सिपाही एक ऊंचे स्थान पर बैठा है, तभी एक युवक उसे थप्पड़ मारता है और दूसरा बेल्ट से हमला करने लगता है। जब सिपाही उठने की कोशिश करता है तो उसे धक्का देकर गिरा दिया जाता है और



सिपाही को पीटते दबंग

लगातार थप्पड़ों व बेल्टों से मारापीटा। हमलावर युवक नशे में थे। पीड़ित सिपाही राजीव कुमार ने तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस लाइन गेट पर आकाश श्रीवास्तव, आशिद उर्फ माफिया, आशू श्रीवास्तव और मोरम अली ने उसे साथ चलने के लिए कहा। इसके बाद वे उसे ठेके पर ले गए, जहां गाली-गलौज का विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

सिपाही की पिटाई से शरीर में 5 जगहों पर चोट के निशान है। लोहिया अस्पताल में इमरजेंसी में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि सिपाही के पीठ और कंधे में पांच स्थानों पर चोट लगी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही है।

# शादी समारोह में दो पक्षों में मारपीट, थाने में दी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शादी समारोह में दोनों पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

तहसील क्षेत्र के गाँव अकराबाद निवासी गुड्डी देवी सक्सेना पत्नी राज कुमार सक्सेना ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उनकी नन्द सावित्री की बारात रात्र को आई थी।

उसी दौरान गाँव के गोविन्द, अर्जुन, दिनेश, पिंकी, प्रीती, पूजा सहित अन्य लोग आये और आते ही गुड्डी देवी के साथ गाली-गलौज करने लगे। वहाँ पर मौजूद लोगों ने समझा बुझाकर शान्त कराया। सुबह विदाई होने के समय फिर से यह दंबग लोग आये और आते ही मारापीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से मौरश्री पत्नी दिनेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जिसमे कहा है कि सावित्री की बारात आई थी। हम लोग शादी मे शामिल होने गए थे, तभी गुड्डी देवी, राजकुमार सहित अन्य परिजनों ने हमारे साथ गाली-गलौज कर मारापीटी की। पुलिस ने दोनों पक्षो से गुड्डी देवी व मौरश्री का मेडिकल परीक्षण कराया।



घायल महिला

# कार व बाइक की भिड़ंत में युवक घायल



एंबुलेंस में मौजूद घायल



कार में घुसी बाइक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के कस्बा अमृतपुर के स्टेट बैंक के पास कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। इलाज के लिए राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

झंडी की मढ़ैया निवासी अंकित राजपूत पुत्र रामनरेश बर्फ लेने के लिए अमृतपुर आये थे। नवाबगंज निवासी अवनीश दौलतियापुर से अमृतपुर बाजार खरीदारी जा रहे थे, जैसे ही दोनों वहां अमृतपुर में स्टेट बैंक के पास राज पाइप स्टोर के सामने मोटरसाइकिल कार में जा घुसी। जिससे मोटरसाइकिल घायल हो गया और मोटरसाइकिल कार में फंस गई। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद मोटरसाइकिल को कार से बाहर निकाला गया। साथ ही स्थानीय लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई और एंबुलेंस के द्वारा घायल को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इलाज हेतु ले जाया गया।

# काम करते समय विद्युत पोल टूटा, लाइनमैन घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी प्रयासरत रहते हैं। जान जोखिम में डालकर उपभोक्ताओं तक नियमानुसार बिजली पहुंचाने के लिए रात दिन काम में लगे रहते हैं। नई विद्युत लाइन के पोल थाना क्षेत्र में लगाया गये। जिससे बिजली विभाग का कार्य सही ढंग से हो सके। राधे-राधे पेट्रोल पंप के पास मुख्य मार्ग पर इसी विद्युत पोल पर राजू नाम का लाइनमैन काम कर रहा था। अचानक यह पोल थरथराया और नीचे से टूटकर जमीन पर गिर गया। जिससे उसपर काम कर रहे लाइनमैन के गंभीर चोटे आई। लोगों की भीड़ वहां मौके पर इकट्ठा हो गई। जेई शिवम तिवारी ने 108 एम्बुलेंस से घायल लाइनमैन को स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर बृजेश मिश्रा ने गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल व्यक्ति को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि लाइनमैन के सर एवं पैर में गंभीर चोटे आई हैं। जिनका इलाज समय पर होना जरूरी है। खम्बों पर चढ़ने उतरने और झूलते तारों को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग के पास कोई भी अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध नहीं है।

जान जोखिम में डालकर अपने हुनर के बल पर यह कर्मचारी विद्युत पोल पर चढ़ते हैं काम करते हैं और कभी-कभी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में विभाग को चाहिए की उच्च अधिकारी इस तरफ ध्यान दें और गंगा पार की लंबी विद्युत लाइन पर काम करने वाले इन कर्मचारियों को जरूरी सुविधा भी मुहैया कराये। जिससे समय-समय पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।



घायल को ले जाते परिजन

## घरेलू विवाद में महिला ने पीया मच्छर लोशन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव पहला में बुधवार सुबह घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने मच्छर भगाने वाला लोशन पी लिया। महिला की पहचान रामादेवी के रूप में हुई है। जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

रामादेवी का अपनी देवरानी जेठानी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर रामादेवी ने आवेश में आकर घर में रखा मच्छर लोशन पी लिया। घटना के बाद परिजन महिला की हालत बिगड़ने पर सीएससी कमालगंज लेकर आए। वहां मौजूद डॉक्टर विकास पटेल ने प्राथमिक उपचार किया महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 134 लोगों ने कराया परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के होम्योपैथिक विभाग के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हार द्वारा महत्वाकांक्षी ब्लॉक राजेपुर की ग्रामसभा तेरा अकबरपुर में आम ग्रामीण जनमानस को उनके द्वार पर ही होम्योपैथिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने हेतु एक नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयुष आपके द्वार का आयोजन चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जिसमें कुल 134 आमजनों (81 पुरुष, 53 महिला) ने अपने घर के समीप ही होम्योपैथिक उपचार प्राप्त किया। इस वृहद चिकित्सा शिविर में चिकित्साधिकारी ने सभी रोगियों का विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके बीपी, ऑक्सीजन स्तर, तापमान, हृदयगति इत्यादि की जांच कर संबंधित रोगानुसार नि:शुल्क होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया। इस चिकित्सा शिविर में ज्यादातर रोगी, चर्म रोग, जुकाम खांसी, दमा, जोड़/गठिया, संधिवात, स्वांस, एलर्जी, पथरी, पेट रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, माहवारी अनियमितताएं इत्यादि से पीड़ित पाए गए। चिकित्साधिकारी ने शिविर में आए हुए सभी रोगियों, परिजनों, ग्रामवासियों को नियमित योग करने की सलाह दी।



बच्चे का चेकअप करते चिकित्सक

# डीएम-एसपी ने जिला व केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार एवं केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को चेक किया।

बुधवार को जिलाधिकारी अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जिला कारागार एवं केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा और रसोईघर की साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मेडिकल सुविधाओं की उपलब्धता तथा बंदियों के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जेल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए तैनात कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कारागार में सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती रहें।

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



जेल का निरीक्षण करती डीएम-एसपी

# रेलवे रोड पर पुनः लगाये गये चिन्ह, व्यापारियों की बढ़ी धड़कन

## सुंदरीकरण को लेकर पूर्व एमएलसी के साथ व्यापारियों की हुई बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

रेलवे रोड पर पुनः चूना से सड़क पर चिन्ह लगाए जाने पर रेलवे रोड के व्यापारियों की धड़कनें बढ़ गई। व्यापारियों की एक आपात बैठक गोपाल सिंह राठौड़ के आवास पर बुलाई गई।

जिसमें व्यापार मंडल के जिला उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा, विमलेश मिश्रा, राजू गौतम, गोपाल सिंह राठौड़, महेंद्र भदोरिया, अरविंद गुलाटी, नितेश वर्मा व्यापारी एकत्रित हुए और अपनी बात रखते हुए जानकारी चाहिए। पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने बताया कि फर्रुखाबाद रेलवे रोड मॉडल रोड बनने के लिए नई रोड लाइटें लगाई जाएगी एवं जगह-जगह सीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, पेयजल व्यवस्था के लिए हैंडपंप भी लगाए जाएंगे, महादेवी वर्मा मूर्ति स्थल पर सुंदरी करण किया जाएगा। वर्षों से टूटा पड़ा रेलवे रोड की सड़क बन चुकी है। फुटपाथ बनने वाला है। तीन वर्षों से व्यापारियों का व्यापार चौपट हुआ है। फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन दिया और धरना प्रदर्शन किया।

वहीं उद्योग व्यापार मण्डल एवं महिला व्यापार मण्डल ने भी ज्ञापन दिया, प्रदर्शन किया,उसके बाद रोड बनपाया। सभी रोड बनने पर पूर्व एमएलसी को धन्यवाद दिया। व्यापारियों ने अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया। जिस पर पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका द्वारा पहले चेतावनी दी जाएगी, फिर चालान दिए जाएंगे। नहीं मानने पर सामान भी जप्त होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा, गोपाल सिंह राठौर, मोनू चौहान, नितिन रस्तोगी, प्रवक्ता लाखन सिंह, दीपक अग्रवाल, अमित रस्तोगी, अरविन्द गुलाटी, महेन्द्र भदौरिया, टिन्कू वर्मा, तुषार अग्रवाल, कल्लू गुप्ता, अनवार, विशाल महेश्वरी, शेखर गुप्ता, अनिल अरोड़ा, विजय पटवा, रीतेश अग्रवाल, गौरव सिंह, सौरभ बाजपेयी, रिन्कू पाण्डेय, विश्वनाथ गुप्ता, दीपू गुप्ता, मकसूर अंसारी, सुनील मिश्रा, प्रशांत कुमार शाक्य, संजीव वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद व्यापारी

# भाकियू अखण्ड प्रदेश नेता घर पर हुए हाउस अरेस्ट

**नहीं पहुंच पाये पीएम को ज्ञापन देने**



घर में नजर बंद भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित एवं बबलू यादव अपने साथियों के साथ ज्ञापन देने की तैयारी कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें रात में ही निवास पर नजरबंद कर दिया। राजेश दीक्षित ने बताया कि किसानों का कर्जा माफ हो। किसान आयोग का गठन हो। किसानों में से ही आयोग का सदस्य हो। विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, नौकरशाहियों की जांच स्वतंत्र एजेंसी से करायी जाये, अमेरिका द्वारा किये गये कृषि समझौता पर तत्काल रोक लगायी जाये, आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जाना था। जिसको लेकर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। जिस कारण यह लोग घर में ही नजर बंद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी ने कहा कि भाकियू अखण्ड प्रदेश किसानों की समस्याओं को लेकर हर समय तैयार है। जिसके लिए चाहें कोई भी लड़ाई भी लड़नी पड़े लड़ेंगे। बबलू दीक्षित ने बताया कि किसानों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। राजेश दीक्षित बबलू के अलावा अन्य पदाधिकारियों को भी पुलिस ने रात भर घर में ही नजर बंद रखा।

# आर्मी वेल्फेयर एजूकेशन सोसाइटी का मनाया गया स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में आर्मी वेल्फेयर एजूकेशन सोसाइटी के स्थापना दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सैनिकों के पाल्यों के लिए उत्तम प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर व्यावसायिक शिक्षा तक एडब्ल्यूईएस के महत्त्वपूर्ण योगदान को दर्शाया।

छात्राओं ने टुकड़ा-टुकड़ा सी करके सपना एक बनाया गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 12 अ की छात्रा आरजू राठौर ने सैनिकों के पाल्यों के लिए पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से लेकर तकनीकी शिक्षा तक एडब्ल्यूईएस द्वारा किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

कक्षा 12 की छात्रा आराध्या सिंह ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता नित जीवन के संघर्षों से जब टूट चुका हो अन्तर्मन का ओजस्वी पाठ कर सभी की सराहना प्राप्त की। छात्रों ने विद्यालय गीत प्रस्तुत कर एडब्ल्यूईएस के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर बास्केटबॉल एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि एडब्ल्यूईएस का यह महनीय प्रयास बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। चेयरमैन ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन, सिखलाई रेजिमेंट सेंटर ने एडब्ल्यूईएस स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि एडब्ल्यूईएस शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रही है तथा यह संस्था सैनिकों के पाल्यों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर डॉ. अंजना चौहान, पूर्णिमा अग्निहोत्री, डॉ0 नैन्सी, डॉ. शिवाली वर्मा, डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

# सिटी गर्ल्स इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिटी गर्ल्स विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। हाईस्कूल में कुल 180 छात्राओं ने परीक्षा दी। जिसमें विद्यालय का परिणाम 88 प्रतिशत रहा। वही इंटरमीडिएट में 148 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और परिणाम 91 प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय है कि इंटरमीडिएट स्तर पर विद्यालय में केवल कला संकाय संचालित है। हाई स्कूल वर्ग में छात्रा आलिश गुप्ता एवं अलका वर्मा ने 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सानिया ने 83.3 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान तथा आलिया ने 82.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट वर्ग में काशिश राठौर ने प्रथम स्थान एवं सोनम मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई दी तथा आगामी वर्ष में और बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्राओं की सराहना की और उनके अभिभावकों को भी बधाई दी। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्राओं को लगनपूर्वक शिक्षण प्रदान करें, ताकि विद्यालय का परिणाम हर वर्ष इसी प्रकार उत्कृष्ट बना रहे। अंत में समस्त सिटी गर्ल्स परिवार को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।


मेधावी छात्रायें

## प्रांतीय प्रधानाचार्य कार्य योजना बैठक का हुआ शुभारंभ



अतिथियों को सम्मानित करते शिक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर में प्रांतीय प्रधानाचार्य कार्य योजना बैठक के वंदना सत्र में हेमचन्द क्षेत्रीय संगठन मंत्री, श्रीराम प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कानपुर प्रांत, मान रजनीश प्रांत संगठन मंत्री, अयोध्या प्रसाद प्रदेश निरीक्षक कानपुर प्रांत, मान रामप्रकाश पोरवाल प्रांत मंत्री, मान आर के सिंह सह मंत्री, मान सुधेश, मान राम गोपाल, गुरविंदर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पर्चन किया। आए हुए अतिथियों का परिचय एवं सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेई ने कराया। बंदना सत्र में राम प्रांत प्रचारक ने प्रधानाचार्य समीक्षा कार्य योजना क्रियान्वयन, अवलोकन, समन्वय, कार्यकर्ता अपने जैसे श्रेष्ठ कैसे तैयार किए जाएं आदि विषय पर मार्गदर्शन किया। प्रदेश निरीक्षक ने प्रस्ताविकी रखी सेवा निवृत प्रधानाचार्य का सम्मान किया गया। मान रामप्रकाश पोरवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन गजेंद्र सिंह प्रधानाचार्य खागा ने किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस ने महिला पुलिस के साथ फास्ट फूड व अन्य दुकानों के पास भी छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

थाना कमालगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। इसके साथ ही थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, महिला थाना पुलिस, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।


अमृतपुर में महिलाओं को जागरुक करती पुलिस


थाना शमशाबाद में छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

## आन-बान-शान व स्वाभिमान की रक्षा के प्रतीक थे पृथ्वीराज राज चौहान: विशाल विक्रम सिंह

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर मीरा भवन चौराहा पर स्थापित भव्य मूर्ति का अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के अध्यक्ष के प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रुप में पधारे थे। इस अवसर पर अवधेश बहादुर सिंह चौहान– अध्यक्ष क्षत्रिय कल्याण संस्था, राम सेवक सिंह राठौर – संस्थापक सूर्य मंदिर ट्रस्ट, विजय बहादुर सिंह सोलंकी सभासद पूरे केशवराय वार्ड, अनिल कुमार सिंह परमार पूर्व प्रधान भोजपुर बिहारगंज एवं राम समझ भाटी, संतोष कुमार सिंह राठौड़ मदन सिंह राठौड़ रविंद्र सिंह भाटी चंद्रदेव सिंह चौहान संदीप सिंह परमार एडवोकेट एवं दिनेश प्रताप सिंह नगर महामंत्री क्षत्रिय कल्याण परिषद आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पीएम के कार्यक्रम को दृष्टिगत एसपी ने ड्यूटी पॉइंट्स का किया निरीक्षण


जमापुर चौराहे का निरीक्षण करती एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे का शुभारंभ हरदोई जिले में किया गया। जिसके दृष्टिगत जिले में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई थी। कार्यक्रम के मद्देनजर रूट डायवर्जन पहले ही लागू कर दिया गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के कारण जिले में मंगलवार रात 10 बजे से ही रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया था, जो कार्यक्रम की समाप्ति तक जारी रहा। जिले की सीमाओं पर बड़े वाहनों को रोका गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जाने वाले वाहन इटावा-बरेली हाईवे का उपयोग किया। जनपद में पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमापुर चौराहे पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम सदर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय रहे। एसपी ने विभिन्न ड्यूटी पॉइंट्स का भी निरीक्षण किया।

### नगर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कराये जाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सर्वोदय मण्डल के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मण सिंह ने जनपद में नगर मजिस्ट्रेट पद पर कार्यरत संजय कुमार बंसल का 03 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया है, जिस कारण से नगर मजिस्ट्रेट पद रिक्त हो जाने से विनियमित क्षेत्र से संबंधित समस्त लम्बित वाद निर्णीत नहीं हो पा रहे हैं और विनियमित क्षेत्र में स्थित भवनों के मानचित्र भी स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट पद पर नियुक्ति किया जाना अत्यन्त प्रासंगिक है। उक्त पद पर किसी अधिकारी की नियुक्ति हो सके और संबंधित समस्त कार्य सुचारु रुप से संचालित हो सकें। अतिरिक्त नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में विगत कई वर्ष से कोई भी जेई पद पर व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हुई है। पी0डब्लू0डी0 के जेई से काम लिया जाता है। पी.डब्लू.डी. और नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय का कार्य अत्यधिक होने से दैनिक कार्यवाहियां भी प्रभावित होती हैं।

### बंद पड़े सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को शुरु कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनिश्चितकाल से बंद पड़े सीतापुर नेत्र चिकित्सालय को पुनः संचालित कराये जाने को लेकर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन सौंपा। सर्वोदय मण्डल के प्रदेश महामंत्री लक्ष्मण सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम के समीप स्थित सीतापुर नेत्र चिकित्सालय विगत कई वर्षों से बंद पड़ा है। उक्त चिकित्सालय के परिसर में चिकित्सा कक्ष, परीक्षण रिपोर्ट कक्ष, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के रहने हेतु कई आवास भी बने हैं। परिसर में बहुत सुंदर बगीचा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थायें भी हैं, परन्तु उक्त चिकित्सालय क्यों बंद है? इसकी कोई जानकारी नहीं है। जिससे स्थानीय एवं जिले के समस्त नेत्र रोग पीड़ितों को प्रदेश के अन्य शहरों में चिकित्सा हेतु मजबूर होकर जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक, शारीरिक और आवागमन आदि के संबंध में असुविधायें होती हैं।

# 55वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर बॉक्सिंग व कबड्डी की विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 28 अप्रैल को हुआ था। बालक वर्ग हेतु आयोजित इस संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग के 18 केन्द्रीय विद्यालयों से आए हुए 179 प्रतिभागियों ने निशानेबाज़ी, मुक्केबाज़ी एवं कबड्डी से संबंधित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभागिता सुनिश्चित की। निशानेबाजी हेतु एक दिवसीय प्रतियोगिता 28 अप्रैल को पूर्ण हो गई। बॉक्सिंग प्रतियोगिता 29 अप्रैल को पूर्ण हुई तथा कबड्डी प्रतियोगिता 30 अप्रैल को संपन्न होगी। कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-14 एवं अंडर-17 आयु वर्ग के अंतर्गत विभिन्न मैच खेले गए।

अंडर-14 आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली, एवं केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ के मध्य मुक़ाबला हुआ। जिसमें केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली ने 36-05 के अंतर से विजय प्राप्त की। केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ एवं केंद्रीय विद्यालय हरदोई के मध्य आयोजित स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय हरदोई 28-04 के अंतर से विजयी रहा। केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली एवं केंद्रीय विद्यालय, शिवगढ़ के बीच हुए मुक़ाबले में केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ ने 31-20 के अंतर से जीत हासिल की। केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली और केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ द्वितीय पाली के मध्य आयोजित मैच में केंद्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली, 36 अंक प्राप्त कर विजयी रहा, जबकि केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर, लखनऊ द्वितीय पाली ने केवल 13 अंक प्राप्त किए। अंडर-17 आयु वर्ग में एएफएस चकेरी कानपुर एवं केंद्रीय विद्यालय सीतापुर द्वितीय पाली के मध्य आयोजित स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय सीतापुर द्वितीय पाली 31-05 के अंतर से विजयी रहा। केंद्रीय विद्यालय हरदोई एवं केंद्रीय विद्यालय सीतापुर द्वितीय पाली के मध्य आयोजित रोमांचक स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय सीतापुर द्वितीय पाली 26-21 के अंतर से विजयी रहा। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर मुक्केबाज़ी बॉक्सिंग से संबंधित प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। विभिन्न आयु वर्ग एवं भार वर्ग के अंतर्गत आयोजित स्पर्धाओं में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का परिणाम रहा। द्वितीय सत्र में बॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु समापन समारोह आयोजित किया गया।

विभिन्न आयु वर्ग एवं भार वर्ग के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कुल 17 प्रतिभागियों ने स्वर्ण पदक, 17 प्रतिभागियों ने रजत पदक तथा 07 प्रतिभागियों ने कांस्य पदक प्राप्त किए। यह न केवल प्रतिभागियों के लिए, अपितु संपूर्ण संभाग के लिए गौरव का क्षण था। प्रत्येक मैच में प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ सौहार्द एवं अनुशासन की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई, जो खेल के वास्तविक उद्देश्य को प्रतिबिंबित करती है। इस अवसर पर स्थल प्राचार्य वी0 अरोरा ने समस्त प्रतिभागियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अर्चना सिंह एवं ज्योति श्रीवास्तव शिक्षक ने संचालन किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य बीरम पाल सिंह, क्रीड़ा शिक्षक दीप चंद एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। वहीं कबड्डी की फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन 30 अप्रैल को किया जाएगा।


कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

# प्रभारी मंत्री ने गंगा एक्सप्रेस-वे कार्यक्रम का किया भव्य शुभारम्भ

**प्रतापगढ़,समृद्धि न्यूज ।**

**एक्सप्रेसवे प्रदेश के 12 प्रमुख जनपदों को जोड़ते हुए औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को देगा नई गति**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रूपये 36230करोड़ से निर्मित उत्तर प्रदेश के सबसे विराट 594 किमी. लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे (मेरठ-प्रयागराज) का लोकार्पण जनपद हरदोई में किया गया जिसके क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज के ग्राम सरायसंग्राम सिंह स्थित टोल प्लाजा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं वहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद के प्रभारी मंत्री व परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह 'मोती सिंह', भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ, भाजपा से राजेश सिंह, रामजी मिश्रा, नागेन्द्र प्रताप सिंह (छोटे सरकार), पवन गौतम, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल आदि पार्टी के पदाधिकारी व जनपद स्तरीय अधिकारी व जनसामान्य ने सजीव प्रसारण का अवलोकन किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे लगभग 594 किलोमीटर लंबा है, जो मेरठ के बिजौली गांव से प्रारंभ होकर प्रयागराज के जुदापुर दांदू गांव तक जाएगा। यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के 12 प्रमुख जनपदों क्रमशः मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज को जोड़ते हुए आवागमन को सुगम बनाएगा और औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति देगा। प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया गया। विधायक सदर ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व प्रदेश में सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे बनाया गया जिसमे हमारा प्रतापगढ़ भी इस एक्सप्रेसवे से जुड़ा हुआ है जो जनपद को विकसित करने में चार-चांद लगायेगा, इससे उद्योगो की स्थापना होगी और लोगो को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में हमारे प्रतापगढ़ का विकास हो रहा है और प्रधानमंत्री जी का जो सपना है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनायेगे वह अवश्य पूरा होगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे की सबसे खास विशेषता शाहजहांपुर के पास बनी 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी है, जहां आपात स्थिति में वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे और गंगा एक्सप्रेस से लोगों का जीवन बदलेगा और आवागमन में सुविधाये व समय की बचत होगी। इसी प्रकार पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अन्त में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने आये हुये अतिथियों व जनसामान्य के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने 120 की स्पीड की स्वयं वाहन चलाकर गंगा एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता का अवलोकन किया।




## सूचना

मैंने नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद से 03/09/2024 को अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। उसमें उसका नाम त्रुटिवश (GUDDU URF ARNAV) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही नाम अर्नव (ARNAV) है। अब मेरे पुत्र को अर्नव (ARNAV) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**स्नेहलता पत्नी पंकज वर्मा निवासी एलआईसी 203बी ब्लाक शास्त्रीपुरम आगरा।**


# कान्हा गौशाला में गौवंशों की फुर्साहाल



**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

सरकार द्वारा निराश्रित गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कर उनके भरण पोषण की धनराशि निर्गत करती है,उसके बावजूद भी गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों की दुर्दशा है।

आदर्श नगर पंचायत लालगंज में कान्हा गौशाला को करीब 1 करोड़ 65 लाख से निर्मित किया गया है। यहां गौवंशों को संरक्षित करने का कार्य महज दो माह बीते होंगे और गौवंशों की दुर्दशा शुरू हो गई है। सोमवार को भीषण धूप में खुले में एक गौवंश अचेत पड़ा हुआ दिखा जिसके ऊपर कौवे चोंच मारी कर रहे थे, लेकिन उसकी हाल खबर लेने वाला कोई नहीं। अधिशाषी अधिकारी को गौवंश की दुर्दशा की हालत बताने पर वही रटा रटाया जवाब दिखवाता हूं।

# हीट वेव, सूखा एवं संभावित बाढ़ को लेकर डीएम सख्त, तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हीट वेव (लू प्रकोप), सूखा प्रबंधन एवं संभावित बाढ़ से बचाव को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए तथा राज्य कार्ययोजना के अनुरूप सभी पूर्व तैयारियां समय से पूर्ण करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी के दृष्टिगत विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि प्रार्थना सभा छायादार स्थान पर आयोजित की जाए, छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा विद्यार्थियों को टोपी, गमछा एवं पानी की बोतल साथ लाने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल, छायादार व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार कूलिंग सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में दवाओं, ओआरएस, अतिरिक्त स्टाफ एवं उपचार व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने को कहा गया। सूखा प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण आदि महत्वपूर्ण विंदुओं पर समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सूखे पड़े तालाबों एवं अमृत सरोवरों में आवश्यकतानुसार पानी भराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभावित बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हांकन, बाढ़ चौकियों, राहत शिविरों, चिकित्सा एवं पशु शिविरों की तैयारी, नावों एवं गोताखोरों की उपलब्धता, तटबंधों की निगरानी तथा राहत सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 735/न0पं0 कम्पिल/मु0म0न0सृ0यो0/ ई0नि0सू0/2026-27 — दिनांक 29/04/ 2026

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना CM-NSY) के अन्तर्गत अनुसचिव महोदय, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 11/02/2026 के द्वारा निर्माण/क्रयकरण कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में, समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** के माध्यम से ऑनलॉइन ही eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर दिनांक 30/04/2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 21/05/2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं तथा दिनांक 22/05/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे ऑनलाइन ही कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद में खोली जायेंगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। विस्तृत शर्तें विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in/ eProcurement System Government of Uttar Pradesh पर उपलब्ध है।

**(अवनीश कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

**(राजवती यादव)**
**अध्यक्षा**
**नगर पंचायत कम्पिल**
**फर्रुखाबाद**

## खबरें एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट से परचून की दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान खाक



**निघासन (खीरी)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरहनी में मंगलवार देर रात एक परचून की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी दुकान जलकर राख हो गई और लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। गांव निवासी अरविंद कुमार गुप्ता की परचून दुकान में रात करीब 2:30 बजे आग लगी। आसपास के लोगों ने जब दुकान से धुआं और लपटें उठती देखीं तो शोर मचाया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली और दुकान पूरी तरह जल गई। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा दैनिक उपयोग का सारा सामान, राशन सामग्री, तेल, साबुन सहित अन्य वस्तुएं जलकर खाक हो गईं। साथ ही बिक्री के करीब दो हजार रुपये नकद, इनवर्टर और बैटरी भी जल गए। घटना के समय अरविंद अपनी पत्नी के साथ करीब 40 किलोमीटर दूर जसनगर स्थित ससुराल गए हुए थे। घर पर मौजूद बच्चों ने फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनों तत्काल गांव पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित अरविंद ने बताया कि उनका पूरा परिवार इसी दुकान की आय पर निर्भर था। दुकान से ही घर का खर्च और बच्चों की पढ़ाई चलती थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि वह दोबारा अपना व्यवसाय शुरू कर सके।

### डीएम ने भानपुर गो आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक नकहा के भानपुर स्थित वृहद गो आश्रय स्थल का डीएम अंजनी कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोवंश की देखभाल, खान-पान, भूसा भंडारण और चिकित्सा सुविधाओं की विस्तार से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गोवंश की संख्या के अनुसार अतिरिक्त शेड निर्माण कराने और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोवंश के भोजन, स्वास्थ्य और नियमित चिकित्सा परीक्षण में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएम ने अभिलेखों का भी निरीक्षण किया और उन्हें नियमित रूप से अद्यतन व पारदर्शी ढंग से रखने के निर्देश दिए। बीडीओ और पशु चिकित्सा अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गो आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कहा गया। चारागाह भूमि पर नेपियर घास उत्पादन की प्रगति की भी समीक्षा की गई और इसे बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि गोवंश के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान भूसा पर्याप्त मात्रा में पाया गया, लेकिन खुले में रखे जाने पर डीएम ने नाराजगी जताई और इसे सुरक्षित स्थान पर व्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए, जिससे बारिश के दौरान नुकसान न हो।इस दौरान बीडीओ संगीता यादव और पशु चिकित्सा अधिकारी नकहा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो का द्विवार्षिक अधिवेशन कल, खीरी में जुटेंगे प्रदेश के पदाधिकारी

**लखीमपुर-खीरी।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा खीरी का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव आगामी 1 मई 2026 को आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत खीरी के सभागार में किया जाएगा। संगठन की इस महत्वपूर्ण बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संगठन के प्रवक्ता सुशील कुमार शुक्ला के अनुसार, अधिवेशन में प्रतिभाग करने वाले फार्मासिस्टों की सुविधा के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी ने 01 मई को एक दिन का विशेष अवकाश स्वीकृत किया है। इस कार्यक्रम में संगठन के प्रान्तीय पदाधिकारी, सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि, जनपद के सभी फार्मासिस्ट एवं मुख्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रान्तीय अध्यक्ष संदीप बडोला ने लखनऊ मण्डल के मण्डलीय सचिव राजेश पाण्डेय को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्हीं की देख-रेख में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। इसकी विधिवत सूचना प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। जनपद शाखा के अध्यक्ष अशोक कुमार कन्नौजिया और मंत्री अनिल कुमार ने जनपद के समस्त सदस्यों से अपील की है कि वे 01 मई को भारी संख्या में मुख्यालय पहुंचकर अधिवेशन को सफल बनाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनें।

### उग्र हाथी का हमला: चाराकटर की मौत, दुधवा टाइगर रिजर्व में शोक की लहर



**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग में एक दर्दनाक हादसे में राजकीय हाथी 'विनायक' के हमले से चाराकटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामविलास (पुत्र इंदल) निवासी ग्राम कोठिया, थाना मझगई के रूप में हुई है। घटना के बाद वन विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, दुधवा टाइगर रिजर्व में तैनात राजकीय हाथियों की देखभाल के लिए चाराकटर और महावत नियुक्त किए जाते हैं। रोजाना की तरह मंगलवार को भी 'विनायक' हाथी अन्य हाथियों के साथ जंगल में चरने गया था। दोपहर में जब चाराकटर रामविलास उसे वापस लाने पहुंचे, तभी हाथी अचानक उग्र हो गया और उन पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित। हमले में रामविलास गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रामविलास दुधवा टाइगर रिजर्व में बतौर न्यूनतम वेतनकर्मी चाराकटर के रूप में कार्यरत थे और वन्यजीवों की सुरक्षा, रेस्क्यू ऑपरेशन व मानव-वन्यजीव संघर्ष को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। वन विभाग के अधिकारियों ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि रामविलास का आकस्मिक निधन विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के रतेह गांव में मंगलवार की रात्रि में बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस 108 के कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के बैठकवा गांव निवासी 22 वर्षीय विजय अपनी भाई 26 वर्षीय अजय के साथ बाइक से बारात हलिया थाना क्षेत्र के औरा बरुआ गांव में जा रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के रतेह गांव में पहुँचे की बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस वाहन के चालक दिलीप यादव व ईएमटी राजकुमार ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

### हलिया थाने में बीस नव-नियुक्त आरक्षियों ने कराई आमद, मिठाई खिलाकर हुआ स्वागत

**हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेश पुलिस से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नव-नियुक्त आरक्षियों द्वारा बुधवार को हलिया थाने में आमद दर्ज कराई गई प्रभारी थाना अध्यक्ष श्यामलाल ने सभी आरक्षियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया भर्ती प्रक्रिया के तहत मिर्जापुर जनपद मे कुल 400 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था जिनमें से आठ अभ्यर्थियों ने बीच में ही प्रशिक्षण छोड़ दिया शेष 392 अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया प्रशिक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा तीन माह के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए इन आरक्षियों को जनपद के विभिन्न थानों पर तैनात किया गया है इसी क्रम में हलिया थाने पर 24 आरक्षियों की तैनाती की गई है जिनमें 21 पुरुष एवं तीन महिला आरक्षी शामिल हैं जिसमें बीस आरक्षियों ने हलिया थाने पहुंचकर अपनी आमद कराई इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्यामलाल ने आरक्षियों को ब्रीफकरते हुए उन्हें ईमानदारी,अनुशासन एवं नागरिकों के प्रति विनम्र व्यवहार बनाए रखने की सीख दी साथ ही उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन करने एवं समय की पाबंदी पर विशेष ध्यान देने के संबंध में बताया गया इस दौरान सभी नवनियुक्त आरक्षि प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दिए।

# दरवाजा खुलते ही बेड पर मिला शव, फैली सनसनी

**घर का सामान भी बिखरा मिला, परिवार शादी में गया था, लौटने पर संपर्क न होने से हुआ शक, दरवाजा खुलवाने पर सामने आया मामला**

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मोहल्ला अर्जुन नगर कॉलोनी में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बंद मकान के भीतर 55 वर्षीय महिला का शव मिलने का मामला सामने आया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब शादी समारोह से लौटे परिजनों ने महिला से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पहले तो उन्हें लगा कि वह कहीं आसपास गई होंगी और कुछ देर में लौट आएंगी, लेकिन समय बीतने के बाद भी कोई हलचल न होने पर आशंका गहराने लगी।

परिजनों ने दरवाजे पर लगा ताला तोड़कर मकान के अंदर गए। जैसे ही वे घर के अंदर दाखिल हुए, उन्हें सामान अस्त-व्यस्त हालत में नजर आया। इससे पहले ही अनहोनी की आशंका और गहरा गई। जब परिजन कमरे की ओर बढ़े तो बेड पर महिला का शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए। घबराए परिजन तुरंत बाहर निकल आए और आसपास के लोगों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया। मृतका की पहचान



उषा शुक्ला, पत्नी स्वर्गीय मुनेश कुमार शुक्ला के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी और कोतवाल अंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घर का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक, वे लोग रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। लौटने पर मकान बंद मिला, जैसा कि सामान्य रूप से रहता था। उन्होंने उषा शुक्ला को फोन मिलाया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। शुरू में उन्होंने इसे सामान्य स्थिति मानते हुए इंतजार किया, लेकिन काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा खुलवाने का फैसला किया गया, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ।

जानकारी के अनुसार, मृतका के पति का करीब 14 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। परिवार में दो विवाह की स्थिति रही है। पहली पत्नी उषा शुक्ला से कोई संतान नहीं थी, जबकि दूसरी पत्नी सुमन शुक्ला से तीन बेटियां– प्रज्ञा, साक्षी और दीपिका हैं। घटना के समय घर में उषा शुक्ला अकेली थीं, जबकि परिवार के अन्य सदस्य शादी में गए हुए थे। घटनास्थल पर घर का सामान बिखरा मिला है, जिससे मामला और संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह किसी आपराधिक घटना का परिणाम है या अन्य कारणों से हुई मृत्यु। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस प्राकृतिक मृत्यु, आत्महत्या और अन्य संभावनाओं को लेकर जांच में जुटी है। घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। लोग इस बात को लेकर हैरान हैं कि बंद मकान के भीतर हुई इस घटना की जानकारी समय रहते किसी को कैसे नहीं हो सकी। अब सभी की निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच पर टिकी हैं, जो इस रहस्यमयी मौत से पर्दा उठा सकती है।

### लालपुर गांव से पति-पत्नी को हज के लिए रवाना



**फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर से हज जाने के लिए पति पत्नी को परिजनों और ग्रामीणों लखनऊ के लिए रवाना किया हैं। भारी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंच कर उन्हें रुख्सति दी। लालपुर बैरियल गांव निवासी अली हसन अपनी पत्नी फामीदा खातून बुधवार को हज जाने के लखनऊ के लिए रवाना हुए। इस दौरान भेंट करने वालों का तांता लगा रहा। भेंट करने वाले उनसे अल्लाह की बारगाह में सबके लिए रोजी-रोजगार और अच्छे स्वास्थ्य के लिए दुआ करने का आग्रह कर रहे थे। दुलमदासपुर से जाकिर हुसैन अंसारी, फैय्याज अहमद, नसीम अंसारी सपत्नीक रवाना हुए। वहीं घोसिया से खलील अहमद अपनी पत्नी के साथ लखनऊ रवाना हुए। आठ लोगों के जत्थे की उड़ान सोमवार की आधी रात के बाद जेद्दाह के लिए उड़ान भरेगी। हज के सभी अरकान बकरीद पर्व के इर्द-गिर्द होते हैं। वहीं पर कुरबानी भी की जाती है। त्योहार के बाद लोगों के लौटने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस मौके पर मोहम्मद सलीम, फुरकान अली, शमशाद अली, मोहम्मद अनीस, शकील अहमद, मोहम्मद शेर, फिरोज अली समेत कई लोगो ने हज के लिए रवाना किया।

## सीएम कृषक दुर्घटना बीमा योजना में लापरवाही पर सख्ती

**समय से दावा न होने पर लेखपाल जिम्मेदार: डीएम तहसीलवार समीक्षा में कई मामलों पर उठे सवाल, पात्र परिवारों को हर हाल में लाभ दिलाने के निर्देश**



**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत प्राप्त दावों की स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दुर्घटना से मृत्यु के मामलों में यदि समय से दावा प्रस्तुत नहीं होता है तो इसे गंभीर लापरवाही माना जाएगा और संबंधित लेखपाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में तहसीलवार दावों की समीक्षा करते हुए डीएम ने अधिकारियों से सीधे जवाब-तलब किया। उन्होंने निर्देश दिए कि लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं और जिन परिवारों की आजीविका खेती या खेतिहर मजदूरी पर निर्भर है, उनके आश्रितों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में प्रभावित परिवारों को स्वतः चिन्हित कर उन्हें तुरंत दावा प्रक्रिया से जोड़ा जाए। इसमें किसी भी स्तर पर देरी स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने इसे प्रशासनिक के साथ-साथ नैतिक जिम्मेदारी भी बताया। समीक्षा के दौरान लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा हुई। डीएम ने सभी एसडीएम को नियमित मॉनिटरिंग करने और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलों से प्राप्त रिपोर्टों की जांच कर खामियों को दुरुस्त करने को कहा। बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक बृजपाल सिंह और एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह मौजूद रहे, जबकि अन्य एसडीएम वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

### बारतियों को लेकर जा रही अर्टिगा कार दीवार से टकराई, युवक की मौत, पांच घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के बेलन बरौधा गांव में मंगलवार की शाम अनियंत्रित होकर अर्टिगा कार सड़क किनारे दीवाल से टकरा गई जिससे अर्टिगा कार सवार छह लोग घायल हो गई मौके पर पहुंची एम्बुलेंस कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जंहा पर अर्टिगा कार चालक व सवार की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है ट्रामा सेंटर पहुंचते ही युवक ने दम तोड़ दिया है भदोही जिला से बारतियों को लेकर अर्टिगा कार चालक भदोही निवासी 30 वर्षीय हरिकेश राय इनोवा से भदोही गांव निवासी 25 वर्षीय दिलीप मौर्य, 33 वर्षीय विशाल राय,चन्दौली निवासी 25 वर्षीय कृष्णा राय,26 वर्षीय शुभम राय, भदोही निवासी 40 वर्षीय निलेश के साथ मध्य प्रदेश के सीधी जिला जा रहे थे की जैसे ही लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के बेलन बरौधा में अर्टिगा कार पहुँची की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मकान के दीवाल में टकरा गयी जिससे अर्टिगा चालक सहित अर्टिगा सवार छह लोग घायल हो गए घायलों की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस 108 पर दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस के चालक एहसान व ईएमटी संतोष भारतीय व दूसरे एम्बुलेंस के पायलट राज बहादुर व ईएमटी प्रकाश चंद ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जंहा पर चिकित्सक द्वारा आर्टिगा चालक व सवार दिलीप मौर्य की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जंहा पर दिलीप को ट्रामा सेंटर पहुंचते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है।

## महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का फूंका पुतला, पैदल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



महिला आरक्षण बिल के समर्थन में एवं विपक्ष के विरोध में बुधवार को पलिया नगर में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर में पैदल मार्च निकालते हुए नारेबाजी की और विरोध स्वरूप विपक्ष का पुतला फूंका। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह तथा पूर्व सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार ने किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण बिल देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उनका आरोप था कि विपक्ष द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक में बाधा उत्पन्न करना महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए ऐसे महत्वपूर्ण विधेयकों का समर्थन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए महिला आरक्षण बिल का पारित होना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह रवैया महिलाओं के हितों के विपरीत है, जिसे देश की महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी।

प्रदर्शन और पैदल मार्च में महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष आरती वर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनीता श्रीवास्तव, सभासद संगीता सक्सेना, ममता जायसवाल, नगर मंत्री सुनीता गुप्ता, मीना गुप्ता, ऊषा राय, कुसुम राय, राधा रानी, रमा गोस्वामी, बसंती गुप्ता, ज्योति शर्मा, मंजू देवी, साधना गुप्ता, मोनी देवी, चंदा देवी, अन्नी देवी, सभासद सावित्री देवी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। इसके अलावा नगर महामंत्री विजय गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, नगर मंत्री घनश्याम श्रीवास्तव, रघुनाथ राठौर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र अरोड़ा, सभासद दौलतराम गौतम, भाजयुमो महामंत्री अनुपम राय, पिछड़ा मोर्चा संयोजक अतुल वर्मा, प्रेम गुप्ता, आईटी संयोजक शोभित कुमार, उत्तम राजपूत, अमन नाग, कार्तिक गर्ग सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करते हुए महिला आरक्षण बिल के शीघ्र पारित होने की मांग दोहराई।

## 'ड्रमंडगंज घाटी में अनियंत्रित ढलान, अधिक ब्रेकर और खराब बेरिकेडिंग से भारी वाहनों के ब्रेक होते हैं फेल'

**मंगलवार को ट्रक का ब्रेक फेल होने के बाद दुर्घटना होते होते बची**

**हलिया (मिर्जापुर )।** वाराणसी-रीवा हाईवे (एनएच-135) पर ड्रमंडगंज घाटी की खराब सड़क डिजाइन, तीखे मोड़ों और अव्यवस्थित ब्रेकर (स्पीड ब्रेकर) के कारण ब्लैक स्पॉट बन गई है। इस घाटी में अनियंत्रित ढलान, अचानक आए ब्रेकर और खराब बेरिकेडिंग के चलते भारी वाहनों के ब्रेक फेल हो जा रहे हैं, जो लगातार भीषण हादसों का कारण बन रहे हैं। मंगलवार को भी एक भारी हादसा होते होते बचा। जब ब्रेकर पर हिचकोले खाता ओवरलोड ट्रक दुर्घटना ग्रस्त होते होते बच गया। मौके पर मौजूद लालगंज के शैलेंद्र गिरी अपनी वैगनआर कार लेकर वहां से किसी तरह भगाकर सुरक्षित बच गए और ट्रक चालक भी ट्रक को गेयर के सहारे कंट्रोल कर लिया। बतौर प्रत्यक्षदर्शी पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र गिरी के छोटे भाई शैलेंद्र गिरी ने बताया कि खराब सड़क डिजाइन और घाटी में तीव्र ढलान के बाद खतरनाक मोड़ हैं, जहाँ भारी वाहन रफ्तार नियंत्रित नहीं कर पाते। अत्यधिक और अनुचित ब्रेकर ढलान पर बने बेतरतीब ब्रेकर की वजह से ट्रक चालकों को बार-बार ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे ब्रेक फेल होने की घटनाएं हो रही हैं। घाटी में किनारे पर उचित बेरिकेडिंग की कमी भी है। उन्होंने बताया कि तेज ढलान पर भारी मालवाहक वाहनों की ओवरलोडिंग दुर्घटना की आशंका को और बढ़ा देती है। आपको बता दें कि हाल के हादसों (जैसे 22 अप्रैल 2026 में 12 मौतें) से पता चला है कि सुरक्षा मानकों में गंभीर कमी है। ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ के पास एक ट्रक का ब्रेक फेल होने से भीषण टक्कर हुई, जिसमें 12 लोगों की जान चली गई।इस घटना के बाद रोड पर आने वाले वाहन चालक अपनी जान हथेली पर लेकर चल रहे है। घाटी से गुजरते वाहन चालकों को सुझाव दिया जाता है कि गेयर के माध्यम से इंजन ब्रेकिंग का उपयोग करें, ओवरलोडिंग न करें और भारी वाहनों से उचित दूरी बनाए रखें। शैलेंद्र गिरी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का ध्यान आकृष्ट कराया है कि ड्रमंडगज घाटी में अनावश्यक स्पीड ब्रेकर हटा दिया जाए तो दुर्घटना नहीं होगी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने कहा की जिलाधिकारी ने दुर्घटना के कारणों के जांच के लिए टीम गठित किया है यदि आवश्यक हुआ तो स्पीड ब्रेकर हटाए जा सकते हैं।

## गिट्टी लादने जा रहा हाइवा डिवाइडर से टकराया

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



पिपराही मध्य प्रदेश गिट्टी लादने जा रहा हाइवा सोमवार की भोर करीब तीन बजे हादसे का शिकार हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के चिरूई राम गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक को बचाने के प्रयास में हाइवा डिवाइडर से टकरा गया। संयोग अच्छा रहा कि इस दौरान कोई बड़ी घटना नहीं हुई और चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार मीरजापुर जनपद के अमरावती चौराहा निवासी 26 वर्षीय किसन यादव सोमवार की रात पिपराही से गिट्टी लादने हाइवा लेकर मध्य प्रदेश जा रहे थे। जैसे ही वह लालगंज थाना क्षेत्र के चिरूई राम गांव के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो बैठे और हाइवा डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर के बाद हाइवा घूमकर पुनः मीरजापुर की ओर मुड़ गया और उसका इंजन दूसरी दिशा में हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि चालक पूरी तरह सुरक्षित रहा। वहीं दूसरी ओर विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

## डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारतियों ने युवक को चुल्हा से किया वार, सिर फटा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



मध्य प्रदेश के खमारडीह गांवे गयी बारात में मंगलवार की रात्रि में डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारतियों ने युवक के सिर पर चुल्हा से वार कर दिया जिससे युवक का सिर फट गया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया युवक का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है। जंहा पर उपचार चल रहा है थाना क्षेत्र के नदना गांव निवासी 21 वर्षीय शीतला प्रसाद गांव से गई बारात में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के खमारडीह गांव में गया था की बारात में डीजे पर गाना बजाने के लिए बारतियों ने युवक के सिर पर चुल्हा से वार कर गंभीर रूप से घायल हो गया युवक के सिर में गंभीर चोट लगी युवक के परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है युवक ने बताया की बारतियों ने डीजे का आपरेटर समझ कर हमला किया है।

## अभय यादव के चहल कदमी की चर्चा शहर से गांव तक

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

**नगर विस क्षेत्र से मिर्जापुर में पेश की है 2027 की दावेदारी, सुख दुख एवं शादी विवाह में जा रहे है रोज**



सपा नेता एवं समाजसेवी अभय यादव आज कल नगर विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उनके सुख दुख में भाग ले रहे है। बताते चले की अभय यादव जी का जन्म सन् 1979 में जंगी रोड मुहल्ले में हुआ है। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक गुरूनानक स्कूल रतनगंज हुआ। इन्होने सन् 1994 में माता प्रसाद माता भीख इण्टर कालेज से कामर्स से हाईस्कूल की शिक्षा पूरी की सन् 1996 में राजस्थान इण्टर कालेज से कामर्स में इण्टर की शिक्षा प्राप्त की। इनके पिताजी श्री राजनारायन यादव का पैतृक स्थान मिर्जापुर रहा है। और वही से उन्होने अपनी एलआईसी की नौकरी प्रारम्भ की। सरकारी जॉब होने के वास्ते उनका स्थानान्तरण विभिन्न जगहो पर होता रहा। लेकिन उनकी समाजिक एवं पारिवारिक रिस्ते मिर्जापुर में ही रहा । अभय यादव ने बी.कॉम इलाहाबाद विश्वविद्यालय सीए- इण्टर दिल्ली एवं एमबीए मनीपॉल विश्वविद्यालय 2005 तक पूरी की। सन् 2014 में डॉ. लोहिया जी एवं माननीय मुलायम सिंह यादव एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा समाज के सभी वर्गो के उत्थान की प्रेरणा से प्रेरित होकर 2014 में समाजवादी पार्टी में सक्रिय सदस्यताके रूप कार्य करना प्रारंभ किया। इनका जन्म और कर्म भूमि मिर्जापुर होने वास्ते उन्होने अपने आगे का जीवन समाज के उत्थान के लिए समाजवादी पार्टी के संग क्षत्र छाया में समाज सभी वर्गो के साथ रहकर के उनके मूल आवश्यकताओं को पूरा करने का संकल्प किया है। इन्होने 2014 से मिर्जापुर के सभी विधानसभा की बूथ स्तर पर लोगो साथ कार्य किया है। और वहाँ के लोगो की मूल समस्याओं को समझने का प्रयास किया। इनके बड़े पिता रामनारायन यादव इनकम टैक्स जाने- माने अधिकारी थे। इन्होने अपनी पूरी नौकरी मिर्जापुर में ही की और रिटायर्मेण्ट लिया। इनका पैतृक निवास शहर के इमलहा में भी है। और अभय यादव का ननिहाल चुनार में है। यह युवा मॉ मन्जू देवी के ऑचल में पला बढा राजनितिक क्षेत्र में उतर गया है। दर्जनों वाहनो के काफिले के साथ शादी-विवाह में भाग ले रहा है। अभय यादव ने बातचीत के दौरान बताया की 2027 विधानसभा नगर से अपनी दावेदारी पेश की है। जिसकी चर्चा शहर से लेकर गांव तक है। इनका मो नं.- 8353982783 है। कहा की मेरा दरवाजा गरीबो के दिन रात खुला है।